राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

पटना
वर्ष: 24 अंक 50
शनिवार 14 जून, 2025

तापमान
अधिकतम 40°C
न्यूनतम 32°C

www.youtube.com/@TarunmitraGroup

मूल्य 3 रुपए | पृष्ठ-08 | बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित | www.tarunmitra.in


## मुठभेड़ के बाद दो नक्सली कमांडर गिरफ्तार

### नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई में बड़ी सफलता

**भुवनेश्वर, 13 जून।** ओडिशा के मलकानगिरी जिले में बीएसएफ और राज्य पुलिस के संयुक्त अभियान में दो नक्सली कमांडरों को गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई से नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई में एक बड़ी सफलता मिली है। गिरफ्तार नक्सलियों की पहचान केसा कवासी और राकेश उर्फ सानू कुंजम के रूप में हुई है। बीएसएफ और ओडिशा पुलिस ने शुक्रवार को मलकानगिरी जिले के जंगलों में मुठभेड़ के बाद इन दोनों नक्सली कमांडरों को गिरफ्तार किया। सुरक्षा बलों ने दोनों नक्सलियों से एक पिस्तौल, दस इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, एक वॉकी-टॉकी और एक रेडियो, छह राउंड गोलियां, दो चाकू और कुछ अन्य सामान बरामद किया।

अधिकारियों ने बताया कि दोनों नक्सली छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं। कवासी बस्तर जिले का और राकेश बीजापुर जिले का निवासी है। दोनों नक्सली कमांडर ओडिशा, आंध्र प्रदेश और छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों के खिलाफ हमलों, आईईडी धमाकों के कई मामलों में संलिप्त रहे हैं और उनके खिलाफ कई प्राथमिकी दर्ज हैं। केंद्र सरकार ने मार्च 2026 तक नक्सली समस्या को समाप्त करने की समय सीमा तय की है। इसके मद्देनजर सुरक्षा बलों ने विभिन्न राज्यों में वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। इस संयुक्त अभियान में बीएसएफ और ओडिशा पुलिस की भूमिका की सराहना की जा रही है। इस गिरफ्तारी से नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई में एक बड़ी सफलता मिली है। सुरक्षा बलों की इस कार्रवाई से नक्सलियों के मनोबल में कमी आएगी और वे अपने अवैध गतिविधियों को अंजाम देने में मुश्किलों का सामना करेंगे। सुरक्षाबलों ने इस संयुक्त अभियान में अपनी भूमिका निभाई है। बीएसएफ और ओडिशा पुलिस की टीम ने मिलकर इस कार्रवाई को अंजाम दिया है। इस कार्रवाई से यह साबित होता है कि सुरक्षा बल नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई में पूरी तरह से तैयार हैं।

### मुख्यमंत्री ने सामाजिक सुरक्षा और कन्या उत्थान के लाभुकों के खाते में भेजा 271 करोड़

# केन्द्र सरकार का सभी क्षेत्रों में पूरा सहयोग : नीतीश

**पटना, 13 जून।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना एवं मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के लाभुकों के खाते में 271 करोड़ 15 लाख रुपये की राशि का डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफ (डीबीटी) के माध्यम से हस्तांतरण किया। इस कार्यक्रम में पांच सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के कुल 61 लाख 29 हजार 548 लाभुकों को 254 करोड़ 45 लाख 5 हजार 900 रुपये तथा मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के 85 हजार 556 लाभुकों को 16 करोड़ 70 लाख 33 हजार रुपये की राशि हस्तंतरित की गयी।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कुल 62,15,104 (बासठ लाख पन्द्रह हजार एक सौ चार) लाभुकों को 271,15,38,900 (दो सौ एकहत्तर करोड़ पन्द्रह लाख अड़तीस हजार नौ सौ) रुपये की राशि हस्तानांतरित की गयी है, जिसमें इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तता पेंशन योजना तथा इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के अन्तर्गत केन्द्र सरकार की ओर से 93.50 करोड़ तथा राज्य सरकार की ओर से 87.55 करोड़ की राशि शामिल है।

इसके अलावा राज्य सरकार की ओर से संचालित योजनाओं, बिहार निःशक्तता योजना, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना तथा मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना अन्तर्गत राज्य सरकार की ओर से कुल 90.08 करोड़ की राशि दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार निःशक्तता पेंशन योजना के तहत 9 लाख 64 हजार 220 लाभार्थियों को 38 करोड़ 68 लाख 95 हजार 600




रुपए की राशि राज्य सरकार की तरफ से हस्तांतरित की गयी है। लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत 8 लाख 63 हजार 76 लाभार्थियों को राज्य सरकार की तरफ से 34 करोड़ 69 लाख 19 हजार 600 रुपए की राशि हस्तांतरित की गयी है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत 35 लाख 59 हजार 667 लाभार्थियों को केन्द्र की तरफ से 75 करोड़ 66 लाख 14 हजार 550 रुपए तथा राज्य सरकार की तरफ से 75 करोड़ 66 लाख 14 हजार 550 रुपए की राशि हस्तांतरित की गयी है। उन्होंने बताया कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तता पेंशन योजना के तहत 1 लाख 10 हजार 583 लाभार्थियों को 2 करोड़ 65 लाख 42 हजार 80 रुपए की राशि केन्द्र सरकार द्वारा, जबकि 1 करोड़ 76 लाख 94 हजार 720 रुपए की राशि राज्य सरकार द्वारा हस्तांतरित की गयी है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के तहत 6 लाख 32 हजार 2 लाभार्थियों को केन्द्र सरकार की तरफ से 15 करोड़ 19 लाख 34 हजार 880 तथा राज्य सरकार की तरफ से 10 करोड़ 12 लाख 89 हजार 920 रुपए की राशि हस्तांतरित की गयी है। यानि कुल 61 लाख 29 हजार 548 लाभुकों के बीच कुल 254 करोड़ 45 लाख 5 हजार 900 रुपए की राशि हस्तांतरित की गयी।

जिसमें केन्द्र सरकार की तरफ से 93 करोड़ 50 लाख 91 हजार 510 रुपए तथा राज्य सरकार की तरफ से 160 करोड़ 94 लाख 14 हजार 390 रुपए की राशि शामिल है। मुख्यमंत्री के अनुसार कन्या उत्थान योजना के तहत 85 हजार 556 लाभुकों को राज्य सरकार की तरफ से 16 करोड़ 70 लाख 33 हजार रुपए की राशि हस्तांतरित की गयी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार का भी सभी क्षेत्रों में पूरा सहयोग मिल रहा है। इन योजनाओं में भी केन्द्र सरकार द्वारा राशि प्रदान की गयी है।

## संक्षिप्त समाचार

### आयुष मंत्रालय वैश्विक शिखर सम्मेलन योग कनेक्ट की करेगा मेजबानी

**नई दिल्ली, 13 जून।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम के रूप में शनिवार को आयुष मंत्रालय विज्ञान भवन में हाइब्रिड रूप से वैश्विक शिखर सम्मेलन योग कनेक्ट की मेजबानी करेगा। इस शिखर सम्मेलन में भारत और विदेश दोनों से योग गुरुओं, नीति निर्माताओं, स्वास्थ्य विशेषज्ञों, व्यापारिक नेताओं, शोधकर्ताओं और वैश्विक प्रभावशाली लोगों का एक प्रतिष्ठित समूह एक साथ आएगा। इस कार्यक्रम का समन्वय योग और प्राकृतिक चिकित्सा में अनुसंधान के लिए केंद्रीय परिषद द्वारा किया जा रहा है, जो योग के क्षेत्र में शीर्ष शोध निकाय है।

### देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 7,131, एक की मौत

**नई दिल्ली, 13 जून।** देश में कोरोना के मामलों में कुछ कमी आती दिखाई दे रही है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के आज के आंकड़ों के अनुसार, देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 7,131 हो गई है। पिछले 24 घंटों में केरल में एक व्यक्ति की मौत हो गई। अच्छी बात यह है कि इस साल अब तक 10976 से ज्यादा लोग संक्रमण से ठीक हो चुके हैं। केरल और दिल्ली जैसे राज्यों में कोरोना के मामलों में थोड़ी कमी दिखाई दे रही है। हालांकि केरल में कोरोना के अभी भी सबसे अधिक मामले दर्ज किए गए है। केरल में आज सक्रिय मामलों की संख्या 2055 रिपोर्ट की गई है।

### उत्तर प्रदेश जीआरपी को लगभग तीन हजार जवान चाहिए : एडीजी जीआरपी

**मुरादाबाद, 13 जून।** पुलिस अधीक्षक रेलवे कार्यालय, राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) लाइन, रेलवे स्टेशन और जीआरपी थाने का दो दिवसीय निरीक्षण करने के बाद अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) जीआरपी डी. प्रकाश ने शुक्रवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि रेलवे में पुलिस बल को बढ़ाने की जरूरत है। उत्तर प्रदेश जीआरपी को करीबन तीन हजार जवान चाहिए। साल 1990 से संख्या बल नहीं बढ़ा है। रेलवे के उच्चाधिकारियों व पुलिस मुख्यालय से समन्वय कर प्रस्ताव भेजा गया है। अपर पुलिस महानिदेशक डी. प्रकाश ने आगे कहा कि ट्रेनों की संख्या हर साल बढ़ रही है। उनके क्षेत्र में पांच जोन आते हैं। जिनमें तीन हजार से ज्यादा ट्रेनें चलती हैं और हर दिन तीन लाख यात्री सफर करते हैं। राजकीय रेलवे पुलिस के पास सीमित स्टॉफ है।

### मणिपुर में इंटरनेट सेवाएं बहाल

**इंफाल, 13 जून।** मणिपुर में राजधानी सहित पांच जिलों में शुक्रवार सुबह छह बजे इंटरनेट सेवाएं बहाल कर दी गईं। इंटरनेट पर बार-बार प्रतिबंध से सामान्य सरकारी और निजी तथा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर गंभीर असर पड़ा एवं शिक्षा व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई।

सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठन अरामबाई टेंगोल (एटी) के नेता की गिरफ्तारी के बाद सात जून की रात 11.45 बजे से राज्य की राजधानी समेत पांच जिलों में इंटरनेट पर फिर से प्रतिबंध लगा दिया गया था। राज्य सरकार ने प्रतिबंध के बाद अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया। एटी ने अपने नेता की गिरफ्तारी के विरोध में दस दिन बंद की घोषणा की लेकिन तीसरे दिन इसे वापस ले लिया।

## प्रधानमंत्री अहमदाबाद में दुर्घटना स्थल पर पहुंचे

### हादसे की जांच में एनआईए समेत 7 एजेंसियां शामिल

**नई दिल्ली, 13 जून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को अहमदाबाद में दुर्घटना स्थल का दौरा किया। उन्होंने अधिकारियों और राहत व बचाव टीमों से मुलाकात की। उन्होंने तबाही के मंजर को बेहद दुखद बताया और कहा कि हमारी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं जिन्होंने इस अकल्पनीय त्रासदी में अपने प्रियजनों को खो दिया है। प्रधानमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा कि अहमदाबाद में हुए हवाई हादसे से हम सभी स्तब्ध हैं। इतने सारे लोगों की अचानक और दिल दहला देने वाली मौत को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। हम उनके दर्द को समझते हैं और यह भी जानते हैं कि जाने वाले पीछे खालीपन छोड़ गए हैं। इस खालीपन को आने वाले कई सालों तक महसूस किया जाएगा।

वहीं हादसे में ब्रिटेन, कनाडा और पुर्तगाल के नागरिकों ने भी जान गंवाई है। विदेश मंत्री ने इन देशों के विदेश मंत्रियों से संपर्क साधा है और संवेदना प्रगट की है। एक्स पर उन्होंने बताया कि अहमदाबाद विमान दुर्घटना के संबंध में यूके के विदेश मंत्री डेविड लैमी, पुर्तगाल के विदेश मंत्री



पाउलो रंगेल और कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद के संपर्क में हैं। उन्होंने इन नेताओं से अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है और दुख की इस घड़ी में पूरा समर्थन देने की पेशकश की है। उल्लेखनीय है कि कल अहमदाबाद से लंदन जा रहा विमान उड़ान के दो मिनट बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार सुबह अहमदाबाद पहुंचकर दुर्घटना स्थल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों ने विस्तार से दुर्घटना की जानकारी ली। प्रधानमंत्री मोदी ने विमान हादसे के दौरान क्षतिग्रस्त हुए मेडिकल हॉस्टल और मेस बिल्डिंग का निरीक्षण किया। उन्होंने अहमदाबाद सिविल अस्पताल में भर्ती घायलों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और परिजनों का ढांढस बंधाया। दुर्घटना में घायल हुए चिकित्सकों और हेल्थ केयर वर्कर्स से भी प्रधानमंत्री ने मुलाकात की और उपचार कर रहे डॉक्टरों से मरीजों की स्थिति की जानकारी ली। इसके बाद प्रधानमंत्री ने अहमदाबाद में उच्चस्तरीय बैठक आयोजित कर हादसे के बाद की परिस्थितियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। भीषण विमान दुर्घटना ने सिर्फ देश ही नहीं, सारी दुनिया को भी झकझोर दिया है। इस हादसे में 265 लोगों की मौत हो गई, लेकिन एक खुशनसीब यात्री हैं रमेश विश्वास कुमार। वह काल के मुंह से बाहर आ गए।

## माफिया रिशु श्री और उससे जुड़े लोगों के ठिकानों पर ईडी की रेड

**पटना, 13 जून (हि.स.)।** बिहार के चर्चित माफिया रिशु श्री और उससे जुड़े लोगों के नौ ठिकाने पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई की है। ईडी की टीमों ने पटना और मुजफ्फरपुर के अलावा पानीपत और सूरत समेत नौ ठिकानों पर बीती रात छापेमारी की है।

बिहार में प्रवर्तन निदेशालय ने रिशु श्री और उससे जुड़े नेटवर्क पर गुरुवार की देर रात बड़ी कार्रवाई की। ईडी की टीमों ने बिहार के पटना, मुजफ्फरपुर, गुजरात के सूरत और हरियाणा के पानीपत में एक साथ कुल नौ ठिकानों पर छापेमारी की। इस कार्रवाई में सामान्य प्रशासन विभाग के अवर सचिव (अंडर सेक्रेट्री) विनोद कुमार सिंह के गोला रोड स्थित आवास समेत पटना के छह अन्य ठिकाने शामिल हैं। रिशु श्री के चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) अविनाश कुमार के मुजफ्फरपुर स्थित आवास पर भी ईडी ने कार्रवाई की है। बिहार में समान्य प्रशासन विभाग में अंडर सेक्रेट्री के पद कार्यरत विनोद कुमार सिंह, रिशु श्री के इशारे पर सामान्य प्रशासन के माध्यम से छोटे कर्मचारियों का ट्रांसफर-पोस्टिंग करवाने का काम किया करता था। माफिया रिशु श्री से जुड़े पटना, पानीपत, सूरत के ट्रेवल एजेंट के ठिकाने पर ईडी की रेड की गई है।

रिशु श्री जेल में बंद आईएएस अधिकारी संजीव हंस का बेहद करीबी है। पिछले महीने विशेष निगरानी इकाई ने ईडी की रिपोर्ट पर रिशु श्री एवं अन्य के खिलाफ भी केस दर्ज किया था।

## विमान हादसे पर खरगे ने जताया दुख

**नई दिल्ली, 13 जून।** अहमदाबाद में हुए विमान हादसे पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दुख जताया है। उन्होंने हादसे की न्यायिक जांच कराने की मांग की है। साथ ही मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कांग्रेस समेत सभी संगठनों के कार्यकताओं से घायलों और मृतकों के परिवारों की मदद करने की अपील की। खरगे ने कहा कि सरकार पीड़ितों को वित्तीय और चिकित्सा सहायता सहित सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने की पूरी जिम्मेदारी ले। सरकार को यह तय करना चाहिए कि सभी घायलों को प्राथमिकता के आधार पर उपचार मिले। उन्होंने दुर्घटना के कारणों का पता लगाने और जिम्मेदार लोगों की पहचान करने के लिए घटना की उच्च स्तरीय जांच की भी मांग की।

## मूसलाधार बारिश के चलते कर्नाटक के नौ जिलों में रेड अलर्ट

**समस्या**
- धारवाड़ में बारिश से दो लोगों की मौत
- निचले इलाकों में जलभराव की समस्या से लोग परेशान

**बेंगलुरु, 13 जून।** कर्नाटक में दक्षिण-पश्चिम मानसून के जोर पकड़ने के कारण भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को राज्य में मूसलाधार बारिश के मद्देनजर नौ जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया। राज्य में लगातार हो रही बारिश के बाद हुबली-धारवाड़ में दो लोगों की मौत हो गई है।

धारवाड़ जिले में एक व्यक्ति की बुधवार को उस समय मौत हो गई जब उसका ट्रैक्टर कुंडगोल तालुक के हंचिनाल गांव के पास एक नाले में पलट गया था। उसकी पहचान 31 वर्षीय किसान शिवय्या बसय्या वतनलमठ के रूप में की गयी है। एक अन्य घटना में एक व्यक्ति को हुबली के नेकर नगर में एक उफनते नाले में अपने दोपहिया वाहन के साथ बह गया। उसके साथ पीछे बैठे व्यक्ति को हालांकि राहगीरों ने बचा लिया। मृतक की पहचान हुसैनसब कलासा(58) के रूप में हुयी है। आईएमडी ने लगातार बारिश के मद्देनजर उत्तर कन्नड़, उडुपी, दक्षिण कन्नड़, बेलगावी, धारवाड़, गडग, चिकमगलुरु, कोडागु और शिवमोग्गा में रेड अलर्ट जारी किया है।

यह अलर्ट अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनी है जिससे जान-माल के लिए गंभीर खतरा पैदा हो सकता है। एहतियात के तौर पर, उडुपी और कोडागु जिलों में स्कूल और आंगनवाड़ी बंद कर दिए गए हैं। शिवमोग्गा, चिकमगलुरु और हासन सहित मलनाड क्षेत्र में लगातार बारिश ने दैनिक जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है।

## ट्रंप ने ईरान से फिर परमाणु समझौता करने का आग्रह किया

**वाशिंगटन, 13 जून।** इस्राइल की तरफ से किए गए भीषण ड्रोन हमले में ईरान को भारी नुकसान हुआ है। इस्राइली वायु सेना ने अब तक ईरान में पांच बार हमले किए हैं। इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी ईरानी को फिर से परमाणु समझौता करने को कहा है। डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर ईरान से उसके परमाणु कार्यक्रम को लेकर वाशिंगटन के साथ समझौता करने की अपील की है।

इसके साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि इस्राइल के हमले और भी बुरे होंगे। शुक्रवार को हुए हमलों के बाद अपनी पहली सार्वजनिक टिप्पणी में ट्रंप ने अपनी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर कहा, अब भी समय है कि इस रक्तपात को रोका जा सकता है। अगली हमले की योजना पहले से ही बनाई जा चुकी है और वे पहले से कहीं ज्यादा क्रूर होंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच ट्रूथ सोशल पर लिखा, 'मैंने ईरान को सौदा करने के लिए कई मौके दिए।

## दिल्ली पुलिस ने बांग्लादेशी महिला घुसपैठिए को पकड़ा

**नई दिल्ली, 13 जून।** दक्षिण-पश्चिम जिले के वसंत कुंज साउथ थाना पुलिस ने एक बांग्लादेशी महिला घुसपैठिए को गिरफ्तार कर उसे डिपोर्टेशन सेंटर भेज दिया है। पकड़ी गई महिला कुलसुम बेगम (23) बांग्लादेश के ग्राम जमरिलडांगा की रहने वाली है। वह भारत में घुसपैठ कर जंगल के रास्ते से दिल्ली पहुंची थी। दिल्ली में पिछले साल दिसंबर में अभियान शुरू होने के बाद से अब तक 145 बांग्लादेशी घुसपैठियों पर कार्रवाई हो चुकी है।

दक्षिण-पश्चिम जिले के डीसीपी अमित गोयल ने शुक्रवार को बताया कि यह कार्रवाई दक्षिण-पश्चिम जिला पुलिस की 'जीरो टॉलरेंस नीति' का हिस्सा है, जिसमें अवैध प्रवासियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि महिला से पूछताछ के बाद उसको विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से उसे जल्द ही बांग्लादेश डिपोर्ट किया जाएगा। पुलिस अधिकारी के अनुसार दक्षिण-पश्चिम जिले की पुलिस अवैध रूप से रह रहे प्रवासियों के खिलाफ विशेष अभियान चला रही है। इसी अभियान के तहत थाना वसंत कुंज साउथ की टीम ने 11 जून 2025 को इलाके में डोर-टू-डोर वेरिफिकेशन शुरू किया। इसी दौरान कुलसुम बेगम को पकड़ा गया। पूछताछ में महिला ने स्वीकार किया कि वह बिना वैध दस्तावेजों के भारत में दाखिल हुई थी। पुलिस ने कानूनी औपचारिकताओं के बाद उसे डिपोर्टेशन सेंटर भेज दिया।

वहीं दक्षिण-पश्चिम जिला पुलिस ने 26 दिसंबर 2024 से शुरू हुए इस अभियान के तहत अब तक 145 बांग्लादेशी घुसपैठियों को ट्रेस कर हिरासत में लिया है।

## पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा पर हाईकोर्ट ने लगाया 8000 का जुर्माना

**रांची, 13 जून।** राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण घोटाले में आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की ओर से निचली अदालत की ओर से आरोप गठित किए जाने को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। हाई कोर्ट ने चौथी बार फिर से मधु कोड़ा की ओर से उनके अधिवक्ता की ओर से समय मांगे जाने पर 8 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। मामले की अगली सुनवाई आठ सप्ताह बाद होगी। सीबीआई की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव ने पक्ष रखा।

इससे पहले तीसरी बार समय मांगे जाने पर मधु कोड़ा पर 4000 रुपए का जुर्माना लगा था वहीं, 17 जनवरी, 2025 को समय मांगे जाने पर 2000 रुपए और 13 दिसंबर, 2024 को 1000 रुपए का जुर्माना कोर्ट ने लगाया था। जुर्माना की राशि झारखंड लीगल सर्विस अर्थॉरिटी (झालसा) में जमा करने का निर्देश हुआ था।

### गेंहू-चावल के साथ, ई स्टाम्प, माइक्रो एटीएम, सिलेंडर सब मिलेगा एक जगह

# राशन की दुकानें अब बनेंगी अलादीन का चिराग....

■ साशा सौवीर

**फैसला**
- जनरल स्टोर भी खुलेंगे, गाँव-शहर में बनेंगे आधुनिक केंद्र
- हर जनसुविधा के लिए होगा अलग सेक्शन, बिजली, मोबाइल बिल भी होंगे जमा
- वाई फाई, जनसेवा केन्द्र की सभी सुविधाएं भी मिलेंगी

**लखनऊ, 13 जून।** उप्र में राशन की दुकानें जल्द ही सस्ते गेंहूँ, चावल के साथ डिपार्टमेंटल स्टोर की तरह काम करती नजर आएंगी। योगी सरकार राशन दुकानों को आधुनिक जनसुविधा केंद्रों में बदलने की तैयारी कर रही है, जिसके बाद गांव-कस्बों में एक ही जगह पर कई सेवाएं मिल सकेंगी। नई योजना के तहत इन दुकानों पर अब छोटे गैस सिलेंडर, ई-स्टांप, बिजली और मोबाइल बिल भुगतान की सुविधा भी मिलेगी। इसके अलावा, माइक्रो एटीएम और इंटरनेट वाई-फाई जैसी सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। योगी सरकार ने फैसला लिया है कि पुरानी और जर्जर हो चुकी राशन दुकानों को अब नए भवनों में स्थानांतरित किया जाएगा। ये नए भवन 'अन्नपूर्णा भवन' के नाम से जाने जाएंगे, जो बड़े क्षेत्रफल में बनाए जा रहे हैं। भवनों को इस तरह डिजाइन किया जा रहा है कि लोग यहां आकर कई जरूरी काम एक साथ निपटा सकें। इनमें आधार अपडेट, जाति, निवास, जन्म प्रमाणपत्र और पेंशन से संबंधित सेवाएं भी दी जाएंगी। विधायक और सांसद निधियों से इनके निर्माण के लिए फंड देने की अनुमति भी सरकार ने दे दी है। इससे भवनों के निर्माण में तेजी आएगी और गांवों में स्थानीय विकास को बढ़ावा मिलेगा।

ऐसे अन्नपूर्णा भवनों में जनसुविधा केंद्र और राशन दुकान अलग-अलग सेक्शन में होंगे। पास में ही कंप्यूटर कक्ष होगा, जहां से ई-स्टांप मिलेंगे। इससे लोगों को तहसील या स्टांप वेंडर के पास नहीं जाना पड़ेगा।

साथ ही अब वहां अग्निशमन यंत्र भी अनिवार्य होंगे ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके।

यह व्यवस्था खासकर उन स्थानों के लिए जरूरी है, जहां सिलेंडर जैसी ज्वलनशील वस्तुएं रखी जाएंगी। योजना के तहत पीएम वाणी योजना के माध्यम से फ्री वाई-फाई की सुविधा भी दी जाएगी।

## एअर इंडिया के विमान की बम की धमकी के बाद थाईलैंड में आपात लैंडिंग

**नई दिल्ली, 13 जून।** थाईलैंड के फुकेट से भारत की राजधानी नई दिल्ली आ रहे एअर इंडिया के विमान अक-379 में शुक्रवार को बम की धमकी मिली, जिसके बाद विमान को आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी। इस विमान में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं।

विदेशी मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, बम की धमकी मिलने के बाद एअर इंडिया के विमान की थाईलैंड में आपात लैंडिंग हुई है।

थाईलैंड एयरपोर्ट के एक अधिकारी के मुताबिक आपातकालीन योजना के अनुरूप एअर इंडिया की उड़ान संख्या एआई 379 के सभी 156 यात्रियों को विमान से बाहर निकाल लिया गया है। प्रारंभिक तलाशी के बाद अधिकारियों को संबंधित एअर इंडिया के विमान के अंदर कोई बम नहीं मिला है।

हालांकि, एओटी ने बम की धमकी के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी। एअर इंडिया ने टिप्पणी के अनुरोध का फिलहाल जवाब नहीं दिया है।

फ्लाइट ट्रैकर यानी फ्लाइट रडार 24 के अनुसार विमान ने आज सुबह 9.30 बजे (0230 जीएमटी) फुकेत हवाई अड्डे से नई दिल्ली के लिए उड़ान भरी, लेकिन अंडमान सागर के चारों ओर एक विस्तृत चक्कर लगाया और दक्षिणी थाई द्वीप पर वापस उतर गया। हवाईअड्डा आपातकालीन योजनाओं के साथ आगे बढ़ रहा है।

# समय सीमित है इसी उद्देश्य से अभी से ही पितृपक्ष मेला के सफल आयोजन के लिए तैयारी प्रारंभ कर लें-डीएम

गयाजी।, 13 जून (तरुणमित्र)। पितृपक्ष मेला 2025 के सफल आयोजन तथा देश विदेश से आने वाले तीर्थयात्रियों को बेहतर से बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन गया की ओर से विभिन्न प्रकार की किए जाने वाले तैयारी का कार्य प्रारंभ कर ली गई है ताकि समय रहते भर में सभी आवश्यक कार्य पूर्ण किया जा सके।

इसी दौरान शुक्रवार को जिले के डीएम शशांक शुभंकर द्वारा विष्णुपद, देवघाट, गजाधर घाट, शमशान घाट, विष्णुपथ अप्रोच पथ, सीता कुंड, सीता पथ, गजाधर घाट, रुक्मिणी तालाब, अक्षयवट वेदी, ब्रह्मसत, बैतरणी वेदी स्थल, केंदुई पार्किंग स्थल, सरस्वती वेदी, धर्मारण्य, मतांगवापि, प्रेतशिला, रामशिला, कगबली वेदी एवं पिता महेश्वर, इत्यादि का निरीक्षण किया एवं यात्रियों की सुविधा हेतु आवश्यक निर्देश दिए हैं।

डीएम ने बताया कि इस वर्ष पितृपक्ष मेला 6 सितंबर से 21 सितंबर तक निर्धारित है यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आज जिला स्तरीय सभी विभागों के पदाधिकारी के साथ विभिन्न वेदी स्थलों का निरीक्षण किया गया है साथ ही वेदी स्थल पर आवश्यक सुविधाएं जो भी मुहैया कराना है उसका आकलन किया गया है। पितृपक्ष मेला के दौरान 45 वेदी स्थलों पर पिंडदान/ कर्मकांड किया जाता है जिनमें मुख्य रूप से विष्णुपद मंदिर परिसर में 16 वेदी, फल्गु नदी, सूर्यकुंड, गजाधर घाट, अक्षयवट, रामशिला, प्रेत शिला सहित वेदी स्थल शामिल है। डीएम द्वारा देवघाट के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए हैं कि टूटे हुए टाइल्स को मरम्मत करवाया जाए साथ ही घाट पर जितने भी टॉयलेट एवं स्नानागार चेंजिंग रूम इत्यादि को ठीक करवाये।

यात्रियों के लिए घाट पर पेयजल की व्यवस्था भी रखवाया जाए। देवघाट पर डार्क स्पॉट चिन्हित करते हुए अतिरिक्त रोशनी की भी वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करवाये। डीएम ने साफ सफाई पर जोर देते हुए कहा कि पितृपक्ष मेला में जितने भी तीर्थयात्री/ पिंडदानी है, वह अनिवार्य रूप से विष्णुपद मंदिर एवं देवघाट आते हैं इस दृष्टिकोण से यह भीड़ का हॉटस्पॉट एरिया है इस एरिया में साफ सफाई की कोई भी कोताही नहीं रखें पर्याप्त मैनपॉवर रखकर निरंतर सफाई व्यवस्था रखें। इसके अलावा गयाजी डैम में लोग पिंडदान छोड़ते हैं उसे दौरान गयाजी डैम के पानी की सफाई रखना भी चुनौती पूर्ण रहेगी, इसके लिए भी पर्याप्त सफाई कर्मी के माध्यम से नदी में प्रवाहित पूजन सामग्री को भी साफ करवाते रहेंगे ताकि नदी का पानी पूरी तरह स्वच्छ एवं निर्मल रहे।

इसके पश्चात डीएम सीधे गजाधर घाट होते हुए शमशान घाट से सीधे विष्णुपथ अप्रोच पथ को देखा एवं अवगत कराया गया कि इस नए एप्रोच पथ पर भी हजारों हजार की संख्या में तीर्थयात्री पिंडदान करते हैं इस एप्रोच पथ के बनने से देवघाट पर भीड़ का दबाव में काफी कमी आई है सीता कुंड निरीक्षण के दौरान डीएम ने नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि टूटे हुए टाइल्स को अभी से ही ठीक करवाना शुरू करवाएं सीता पथ में पैदल भ्रमण के दौरान डीएम ने पीएचईडी विभाग को सीता पथ में पर्याप्त टॉयलेट, चेंजिंग रूम एवं पेयजल व्यवस्था करवाने का निर्देश दिए, ताकि पितृपक्ष मेला में यहां पर तर्पण करने आने वाले यात्रियों को सुवधा दिया जा सके। उन्होंने उप नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि गया जी डैम को पितृपक्ष मेला के समय निरंतर साफ कैसे रखा जाए इस पर अभी से ही विचार तथा कार्य योजना तैयार करें।

डीएम ने एडीएम राजस्व को निर्देश दिया कि जिला प्रशासन के अधीनस्थ संबंधित कार्यकारी विभाग के माध्यम से शमशान घाट, देवघाट, गजाधर घाट होते हुए गयाजी डैम तक जितने भी टूटे हुए टाइल्स हैं उसे अविलंब ठीक करवाएं।

# विमान हादसे में मृतकों के प्रति भाजपाइयों ने रखा मौन, दिवंगत आत्मा के लिए किया प्रार्थना



दरभंगा, 13 जून (तरुणमित्र)। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रो. आदित्य नारायण चौधरी मन्ना के नेतृत्व में अहमदाबाद में हुए विमान हादसा में मृतक लोगों के प्रति शोक संवेदनाएं व्यक्त की गई। शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दरभंगा के सांसद गोपाल जी ठाकुर ने कहा कि इस हृदय विदारक घटना ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया है। गहन शोक की इस घड़ी में शोकाकुल परिजनों के साथ सभी देशवासियों की संवेदनाएं हैं।

शोक व्यक्त करते हुए बिहार सरकार के मंत्री हरि सहनी ने कहा की एयर इंडिया की फ्लाइट अक 171 की दुर्घटना अत्यंत दुखद है। इस हादसे में जान गंवाने वाले सभी लोगों को हमारी विनम्र श्रद्धांजलि है। जिला अध्यक्ष प्रो. आदित्य नारायण चौधरी मन्ना ने इस विमान हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पंजाब भाजपा के प्रभारी विजय रूपाणी के निधन पर दुःख व्यक्त किया।

कार्यक्रम के अंत में मृतक आत्मा की शांति के लिए उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन व्रत रख दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया। मौके पर हायाघाट के विधायक रामचंद्र प्रसाद, क्षेत्रीय प्रभारी रत्नेश कुशवाहा, जिला प्रभारी उमेश कुशवाहा, जिला महामंत्री संतोष पोद्दार, विजय चौधरी, जिला उपाध्यक्ष राजेश रंजन, राजू तिवारी, सोनी पूर्वे, संगीता शाह, सुनील चौधरी, श्रवण कुमार मिश्रा, जिला मंत्री राहुल पासवान, जिला मीडिया प्रभारी मुकुंद चौधरी, अशोक अमर यादव, संजय महतो, प्रमोद चौधरी, श्रवण महतो आदि मौजूद थे।

# महिला संवाद में सशक्तिकरण का उत्सव, आकांक्षाओं को मिला अभिव्यक्ति का मंच

गयाजी, 13 जून (तरुणमित्र)। जिले में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और सरकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीण महिलाओं तक पहुँचाने के उद्देश्य से, ग्रामीण विकास विभाग द्वारा ग्राम संगठनों के माध्यम से महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।यह कार्यक्रम 18 अप्रैल 2025 से दो पालियों में संचालित हो रहा है और 16 जून तक चलेगा।

अब तक 3028 स्थानों पर सफलतापूर्वक संपन्न हो चुका है, जिसमें 5,65,887 महिलाओं ने भाग लेकर विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की है। साथ ही, 40,606 पुरुषों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता निभाई है।महिलाओं तक योजनाओं की व्यापक जानकारी पहुँचाने के लिए डिजिटल स्क्रीन युक्त विशेष वाहनों के माध्यम से तीन वीडियो फि ल्मों का प्रदर्शन किया जा रहा है।ये वाहन वर्चुअल संचार उपकरण, सेल्फी पॉइंट्सऔर स्टैंडी जैसी सुविधाओं से लैस हैं। इसके अतिरिक्त, महिला सशक्तिकरण से जुड़ी 31 से अधिक सरकारी योजनाओं की जानकारी लीफलेट्स के माध्यम से वितरित की जा रही है, साथ ही मुख्यमंत्री संदेश भी साझा किया जा रहा है। आयोजक दल के सदस्य और जीविका दीदियाँ इन लीफलेट्स की जानकारी पढ़कर सुनाने की महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। महिला संवाद कार्यक्रम महिलाओं के अनुभवों और आकांक्षाओं के लिए एक प्रभावी मंच के रूप में उभर रहा है।

यहाँ महिलाएँ खुलकर अपने अनुभव साझा कर रही हैं और अपनी आवश्यकताओं को सामने रख रही हैं। जिले के 24 प्रखंडों में 83,000 से अधिक महिलाओं ने कई प्रकार की आकांक्षाओं क रखा जैसे नल-जल, नाली-गली, सामुदायिक भवन, जीविका भवन, विद्यालय, पुस्तकालय, बच्चों के खेल के मैदान, पशु चिकित्सालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सोलर स्ट्रीट लाइट जैसी बुनियादी सुविधाओं की माँग प्रस्तुत की है।

साथ ही, उन्होंने वृद्ध एवं विधवा पेंशन में वृद्धि और स्वयं सहायता समूह स्तर पर ऋण की ब्याज दर 4% तक सालाना करने जैसी सामाजिक आवश्यकताओं के लिए भी अपनी आकांक्षा व्यक्त की है।इन आकांक्षाओं को ऐप के माध्यम से संकलित कर संबंधित विभागों को भेजने की व्यवस्था की गई है, ताकि इनके समाधान की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा सकें।महिलाएँ महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने वाली सरकारी योजनाओं की सराहना कर रही हैं, जो जन्म, शिक्षा और विवाह जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर केंद्रित हैं, जिससे बच्चियों को प्रोत्साहित किया जा सके।वे बाल विवाह और घरेलू हिंसा जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ शपथ भी ले रही हैं।

महिला संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल महिलाओं को जागरूक और आत्मनिर्भर बनाना है, बल्कि सामुदायिक विकास को गति देना भी है।इस पहल के माध्यम से महिलाएँ अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय कदम उठा रही हैं।यह कार्यक्रम जागरूकता फैलाने का प्रभावी मंच होने के साथ-साथ महिलाओं को उनके अधिकारों और उपलब्ध संसाधनों के प्रति जागरूक करने का सशक्त प्रयास भी है, जिससे वे अपने समुदाय के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने में सक्षम हो सकें।

# दिव्यांगों को रोजगार से जोड़ने के लिए करें पहल : डॉ.योगेश दुबे



दरभंगा, 13 जून (तरुणमित्र)। दरभंगा एक महत्वपूर्ण शहर है जिसकी अपनी एक अलग पहचान है। यह बातें मानवाधिकार आयोग के विशेष पर्यवेक्षक डॉ. योगेश दुबे ने कही। तीन दिवसीय दरभंगा दौड़े पर पहुंचे मानवाधिकार आयोग के विशेष पर्यवेक्षक ने डीएम कौशल कुमार एवं एसएसपी जगुनाथ रेड्डी जला रेड्डी की उपस्थिति में जिले के अधिकारियों के साथ बैठक की।

जिसमें उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को रोजगार से जोड़ने के लिए अधिक पहल करने की आवश्यकता है। उन्होंने बाल गृह में आवासित बच्चों को उनके मूल अभिभावक से मिलाने के लिए जिला स्तर पर उन्नत प्रयास की तारीफ करते हुए इसमें और सुधार करने का सुझाव भी दिया। साथ ही समय - समय पर अच्छे सलाहकार के माध्यम से बच्चों का काउसलिंग करवाने तथा दिव्यांग बच्चों का समय-समय पर नियमित स्वास्थ्य जांच कराकर उन्हें उचित पोषण दिलाने की बात कही।

उन्होंने आने वाले वर्षों में दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए डी.आर.डी.सी. सेन्टर तथा सी.आर.सी. सेन्टर स्थापित करने की बात कही। इसके अलावा उन्होंने कहा कि वन स्टॉप सेन्टर को महिलाओं को सशक्त करने एवं उनके प्रति अधिक संवेदनशील होने की आवश्यकता है। उन्होंने नारी अदालतों पर भी विशेष ध्यान देने की बात कही।

## संक्षिप्त समाचार

### एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन

गयाजी, 13 जून (तरुणमित्र)। ।जिले के एसएसपी आनंद कुमार के निदेर्शानुसार शुक्रवार को सिटी एसपी रामानंद कुमार कौशल के द्वारा पुलिस कार्यालय के सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।इस बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक(नगर), पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) एवं पुलिस उपाधीक्षक (साइबर थाना) के साथ शहरी क्षेत्र के सभी प्रमुख ज्वेलरी शॉप संचालकों की उपस्थिति रही। बैठक का मुख्य उद्देश्य ज्वेलरी शॉप की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करना तथा वर्तमान परिदृश्यों के अनुसार आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करना था।सीटी एसपी ने उपस्थित अधिकारियों एवं संचालकों से संवाद करते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने हेतु दुकान परिसरों में सीसीटीवी कैमरों की अनिवार्यता, सुरक्षा गार्ड की तैनाती, अलार्म सिस्टम, पुलिस पेट्रोलिंग की नियमितता जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए।

### एसएसपी ने डायल-112 वाहनों में उपलब्ध टैब की जांच की

गया, 13 जून (तरुणमित्र)। सुरक्षा व्यवस्था और आपातकालीन सेवाओं को और अधिक प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से जिले के एसएसपी आनंद कुमार ने गुरुवार की देर रात शहरी क्षेत्रों का भ्रमण किया।इस दौरान उन्होंने पेट्रोलिंग टीमों और डायल-112 वाहनों का निरीक्षण किया।निरीक्षण के क्रम में उन्होंने रात्रि ड्यूटी में तैनात पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों की सजगता एवं सतर्कता का मूल्यांकन किया।इसके अतिरिक्त, उन्होंने डायल-112 वाहनों में उपलब्ध टैब की जांच करते हुए उनके पूर्ववर्ती रिस्पॉन्स, लोकेशन और फीडबैक की समीक्षा की।तत्पश्चात उन्होंने मौके पर मौजूद कर्मियों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें अपने कर्तव्यों के निर्वहन में और अधिक सतर्कता तथा प्रभावशीलता अपनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### एबीवीपी ने की न्याय की माँग

गयाजी, 13 जून (तरुणमित्र)। दिल्ली में गया कॉलेज की एमबीए छात्रा मयूरी कुमारी की हत्या के विरोध में एबीवीपी गया कॉलेज इकाई ने एसएसपी आनंद कुमार से मुलाकात की।परिषद ने दिल्ली पुलिस से संपर्क कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की माँग की और कहा कि मयूरी को जल्द न्याय दिलाया जाए।

### घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त किया गया

गयाजी, 13 जून (तरुणमित्र)। गुजरात के अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी सहित दो सौ इकतालीस यात्रियों के मौत पर जनता दल यू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सह जिला कार्यक्रम कार्यान्वन समिति के सदस्य डॉ जितेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष राजकुमार पासवान, संतोष चौधरी संजय दास,ललन पासवान, कुंदन कुमार, छोटेलाल दास, रीना देवी ने इस घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त किया है।जिलाध्यक्ष डॉक्र जितेंद्र कुमार ने कहा कि यह घटना बहुत ही दुखदाई घटना है और मृत आत्मा के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं।ईश्वर मृतआत्मा को शांति प्रदान करें।

### जयमाला के बाद लौटी बारात, गुब्बारा फोड़ने को लेकर हुआ था विवाद

गयाजी, 13 जून (तरुणमित्र)। जिले में जयमाला के बाद लड़का और लड़की पक्ष आपस में भिड़ गए।जमकर मारपीट हुई।दोनों ओर लाठी-डंडे चले।गुब्बारा फोड़ने को लेकर विवाद हुआ है।मारपीट के बाद बिना शादी किए दूल्हा बारात लेकर लौट गया। दोनों पक्ष ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए हैं।मामला 7 जून का है।11 जून को दोनों पक्षों ने केस दर्ज कराया है।घटना गुरपा थाना क्षेत्र के नौडीहा झुरांग की है।7 जून को गांव में बारात पहुंची थी। बारातियों का लड़की पक्ष ने जोरदार स्वागत किया। नाच-गान हुआ।जयमाला के बाद शादी के लिए रस्में निभाई जा रही थी।इस बीच बारात में शामिल कुछ युवकों ने अचानक हंगामा शुरू कर दिया। बात इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। गांव की महिलाएं छत से ईंट फेंकने लगी।माहौल तनावपूर्ण होते ही दूल्हा अपने परिवार और पूरी बारात के साथ शादी किए बिना लौट गया।सामाजिक कार्यकताओं और गांव के बुजुर्गों ने अपने-अपने स्तर से समझौते की हरसंभव कोशिश की।तीन दिनों तक पंचायत बैठी, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला।इसके बाद बुधवार को गुरपा थाने में लड़की के पिता ने दूल्हे के पिता समेत 5 लोगों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई।लड़का पक्ष ने भी मेडिकल थाने में अपना पक्ष रखा और बयान दर्ज कराया है।लड़का पक्ष का कहना है कि जयमाल के दौरान किसी ने गुब्बारा फोड़ दिया था।जिससे अफरा-तफरी मच गई। इसी बात पर दुल्हन पक्ष ने लाठी-डंडे से हमला कर दिया, जिसमें कई बाराती घायल हो गए।दूल्हे के चाचा की हालत गंभीर है।इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।दोनों पक्ष से मिले आवेदन के आधार पर पुलिस छानबीन में जुट गई है।

### बिहार इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग सिटी गया लिमिटेड की तीसरी बोर्ड बैठक संपन्न

पटना(गयाजी), 13 जून (तरुणमित्र)। बिहार इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग सिटी गया लिमिटेड की तीसरी बोर्ड बैठक बीड़ा के प्रबंध निदेशक एवं बीमछल के सीईओ कुंदन कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई।बैठक में अमृतसर-कोलकाता इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के अंतर्गत विकसित किए जा रहे इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर गया परियोजना की प्रमुख प्रगति की समीक्षा की गई और कई प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई। बैठक के दौरान प्रबंध निदेशक एवं सीईओ कुंदन कुमार ने कहा कि गया जी को एक विश्व स्तरीय औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में यह परियोजना एक निर्णायक भूमिका निभाएगी।हम उच्च गुणवत्ता की आधारभूत संरचना, निवेश-अनुकूल वातावरण और सुशासन के साथ इस क्षेत्र को रोजगार और आर्थिक प्रगति का नया केंद्र बनाएंगे।परियोजना के क्रियान्वयन के लिए न्यू सिटीज के लिए कार्यक्रम प्रबंधक (पीएमएनसी) की नियुक्ति के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) टेंडर प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जाएगी, जैसे ही एनआई सीडीसी द्वारा अंतिम रूप से अनुमोदित बिड डॉक्यूमेंट प्राप्त होंगे।बैठक में परियोजना के समयबद्ध क्रियान्वयन और निगरानी हेतु अन्य कई महत्वपूर्ण एजेंडा बिंदुओं पर भी चर्चा की गई और उन्हें स्वीकृति दी गई।बोर्ड ने गया जी क्षेत्र को विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे और कुशल शासन व्यवस्था के माध्यम से एक औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

गयाजी, 13 जून (तरुणमित्र)। केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ जिला कांग्रेस ने बुधवार को समाहरणालय गेट के सामने जोरदार प्रदर्शन किया।नौकरी दो या सत्ता छोड़ो के नारों से माहौल गूंज उठा।

सैकड़ों कार्यकर्ता कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र आश्रम से रैली की शक्ल में निकले और समाहरणालय गेट पर धरना देने पहुंचे।इससे पहले कांग्रेस कार्यालय में एक सभा आयोजित की गई, जिसमें राजस्थान युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिमन्यु पुनिया और झारखंड की बड़कागांव विधायक अम्बा ने कार्यकताओं को संबोधित किया। नेताओं ने बेरोजगारी, महंगाई और लोकतंत्र पर खतरे जैसे मुद्दों को उठाते हुए मोदी सरकार और राज्य सरकार पर जमकर हमला बोला।50 से ज्यादा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खुद ही अपनी गिरफ्तारी दे दी।सभा में अभिमन्यु पुनिया ने कहा, देश में रोजगार का संकट चरम पर है।संविधान से छेड़छाड़ हो रही है।केंद्र सरकार विकास के नाम पर झूठ परोस रही है। वहीं विधायक अम्बा ने कहा कि कांग्रेस का आंदोलन जनता की आवाज है, जिसे कोई ताकत नहीं दबा सकती। सभा के बाद कार्यकताओं का जुलूस समाहरणालय पहुंचा।

वहां पहले से ही बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात था।प्रदर्शनकारियों ने जबरन गेट खोलने की कोशिश की। लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया।एसडीएम किसलय श्रीवास्तव ने समझाने की कोशिश की पर कार्यकर्ता नहीं माने।इसके बाद कांग्रेसियों ने खुद को गिरफ्तार करने की मांग की।करीब 50 से ज्यादा कार्यकताओं ने पुलिस की गाड़ी पर चढ़कर खुद ही अपनी गिरफ्तारी दे दी।सभी को सिविल लाइंस थाना ले जाया गया, जहां पीआर बॉन्ड पर उन्हें छोड़ दिया गया।अपने इस प्रदर्शन से कांग्रेसी नेता और उनके समर्थक बड़े ही खुश नजर आए।

# सभी थानाध्यक्ष कार्यालयों एवं अन्य वित्तीय प्रतिष्ठानों का विस्तृत सुरक्षा ऑडिट शीघ्रता से कराएँ-एसएसपी

गयाजी, 13 जून (तरुणमित्र)। जिले के एसएसपी आनंद कुमार के नेतृत्व में पुलिस कार्यालय, गया में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य बैंकों एवं अन्य वित्तीय संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना था।इस बैठक में नगर पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), पुलिस उपाधीक्षक (साइबर थाना), तथा शहरी क्षेत्र के विभिन्न बैंक एवं वित्तीय प्रतिष्ठानों के वरीय अधिकारी उपस्थित रहे। एसएसपी ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि सभी थानाध्यक्ष और संबद्ध अधिकारी अपने क्षेत्रों में स्थित बैंक शाखाओं, एटीएम केंद्रों, माइक्रोफाइनेंस कार्यालयों एवं अन्य वित्तीय प्रतिष्ठानों का विस्तृत सुरक्षा ऑडिट शीघ्रता से कराएँ।इसके साथ ही उन्होंने बैंक अधिकारियों एवं पुलिस विभाग के बीच निरंतर समन्वय बनाए रखने पर बल दिया।

# डीएलएड प्रशिक्षण सत्र 2023-25 के द्वितीय वर्ष और सत्र 2024-26 के प्रथम वर्ष का परीक्षा 16 से 27 तक



दरभंगा, 13 जून (तरुणमित्र)। डीएम कौशल कुमार एवं एसएसपी जगुनाथ रेड्डी जला रेड्डी ने संयुक्त आदेश जारी करते हुए कहा कि डी.एल.एड (फेस-टू-फेस) पाठ्यक्रम के प्रशिक्षण सत्र 2023 - 25 के द्वितीय वर्ष की बाह्य विषयों की परीक्षा 16 जून से 19 जून तक दो पाली में होगी। पहली पाली पूर्वाह्न 9:30 बजे से 12:45 बजे अपराह्न तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 2 बजे से अपराह्न 5:15 बजे तक तथा प्रशिक्षण सत्र 2024 - 26 के प्रथम वर्ष के बाह्य विषयों की परीक्षा 21 जून से 27 जून तक दरभंगा शहरी क्षेत्र के तीन परीक्षा केन्द्र बी.के.डी. राजकीय बालक (जिला स्कूल), एम.एल. एकेडमी, लहेरियासराय एवं रामनन्दन मिश्र राजकीय बालिका उच्च विद्यालय दरभंगा में आयोजित की जाएगी। दोनों परीक्षा को जिला में स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं सुचारूपूर्वक संचालन कराने के लिए एडीएम मनोज कुमार को वरीय प्रभारी पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी कृष्ण चन्द्र सदा को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। परीक्षा केन्द्र के मुख्य द्वार पर ही परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र देखकर ही अन्दर प्रवेश मिलेगा। किसी भी स्थिति में परीक्षार्थियों के अतिरिक्त अनाधिकृत व्यक्ति को परीक्षा केन्द्र के अन्दर प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा।

परीक्षा केन्द्र के अन्दर परीक्षार्थी को किताब, चिट पूर्जा, मोबाईल, ब्लुटूथ, पेजर, व्हाईटनर एवं इरेजर कोई भी इलेक्ट्रॉनिक सामग्री लाने की अनुमति नहीं मिलेगी। दोनों पालियों के लिए निर्धारित समय के बाद अर्थात विलम्ब से आने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा भवन में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी।

# जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की हुई बैठक में दरभंगा एयरपोर्ट से उड़ान की संख्या बढ़ाने और इसे धार्मिक स्थल से जोड़ने पर हुई चर्चा




दरभंगा, 13 जून (तरुणमित्र)। समाहरणालय परिसर स्थित अम्बेडकर सभागार में सांसद सह अध्यक्ष दिशा गोपाल जी ठाकुर की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय व अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक हुई। जिसमें सर्वप्रथम विगत बैठक की कार्यवाही के अनुपालन की समीक्षा से डीडीसी स्वप्निल अध्यक्ष को अवगत कराया।

समीक्षा के क्रम में विकास योजनाओं में गुणवत्ता और पारदर्शिता की महत्ता पर जोर देते हुए सांसद सह दिशा के अध्यक्ष ने कहा कि बैठक का मूल उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को शत - प्रतिशत धरातल पर साकार करना है। उन्होंने एयरपोर्ट का पूर्ण कराए गए कार्यों का शिलान्यास, प्रोटोकॉल का पालन, सीसीटीवी कैमरे की उपलब्धता आदि बिंदुओं पर एयरपोर्ट डायरेक्टर से फीडबैक लिया। एयरपोर्ट डायरेक्टर ने बताया कि एयरपोर्ट पर महिला शौचालय बनाया गया है। साथ ही एयरपोर्ट के विस्तार के लिए कार्य किया गया है। एयरपोर्ट से दिल्ली मोड़ तक सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश दिया गया है।

## बुडको के कार्यों की जांच के लिए टीम गठन करने का निर्देश

सीआईएसएफ के भवन हेतु टीम द्वारा जांच की गई है और एयरपोर्ट पर डॉ.की प्रतिनियुक्ति की गई है। निदेशक ने एयरपोर्ट पर सभी सुविधा से युक्त एम्बुलेंस का मांग किया। सांसद ने सिविल सर्जन को जल्द से जल्द एंबुलेंस उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। अध्यक्ष ने दरभंगा एयरपोर्ट को धार्मिक स्थल एयरपोर्ट से जोड़ने एवं सूची बनाकर उपलब्ध कराने का निर्देश एयरपोर्ट डायरेक्टर को दिया।

एयरपोर्ट निदेशक ने बताया कि अभी दरभंगा एयरपोर्ट से प्रतिदिन 16 फ्लाइट की सेवा है ल। अध्यक्ष ने फ्लाइट को बढ़कर 22 करने का निर्देश दिया। मंत्री हरी सहनी ने कार्यपालक अभियंता पीएचईडी के कार्यों पर असंतोष जताया और कहा कि हर घर नल जल योजना पर संज्ञान नहीं लिया जाता है। उन्होंने कार्य में लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारी एवं कमीर्यों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अध्यक्ष ने नगर आयुक्त राकेश कुमार गुप्ता को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी का अधिक से अधिक लोगों को जानकारी देने के लिए इसके व्यापक प्रचार प्रसार के लिए भीड़ वाले स्थलों पर फ्लेक्स एवं कैंप लगाने का निर्देश दिया।

नगर आयुक्त ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के 773 लाभार्थियों को प्रथम किश्त की राशि भेजी जा चुकी है एवं 178 लाभार्थियों का डीपीआर विभाग को स्वीकृति करने हेतु भेजी जा चुकी है।बैठक में कार्यपालक अभियंता बुडको ने बताया कि 60 प्रतिशत योजनाएं पूर्ण कर ली गई है। जिसपर अध्यक्ष ने बुडको के तहत संचालित सभी सभी योजनाओं के जांच के लिए टीम का गठन करने का निर्देश दिया।बैठक में सड़क एवं राजमार्ग, पुल निर्माण, डिजिटल भारत, नगर विकास विभाग, स्वास्थ्य, आटीआई पार्क, सामाजिक कल्याण, खाद्य एवं उपभोक्ता विभाग, दूरसंचार, डाकघर, आकाशवाणी, नाबार्ड , खादी, मनरेगा, लोहिया स्वच्छता अभियान, पीएमएवाईजी सहित अन्य मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मंत्री हरि सहनी, बेनीपुर के विधायक विनय कुमार चौधरी, हायाघाट के विधायक रामचंद्र प्रसाद, केवटी विधायक मुरारी मोहन झा, जिला परिषद अध्यक्ष सीता देवी, मनोनित सदस्य कन्हैया पासवान, मदन यादव, बृजनंदन सहनी, सुमन कुमार सिंह, सोनी पूर्वे, उदय शंकर चौधरी एवं अन्य सदस्य के अलावे डीएम कौशल कुमार, नगर आयुक्त राकेश कुमार गुप्ता, एडीएम विधि व्यवस्था राकेश रंजन, उपनिदेशक जनसंपर्क सत्येंद्र प्रसाद, जिला भूअर्जन पदाधिकारी बालेश्वर प्रसाद एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# राजद नेता ने एसडीओ को समस्याओं के निराकरण को लेकर सौंपा ज्ञापन



**अररिया, 13 जून (तरूणमित्र)।** फारबिसगंज शहर की विभिन्न समस्याओं के निराकरण को लेकर राजद व्यावसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रधान महासचिव इंजीनियर आयुष अग्रवाल ने शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी रंजित कुमार रंजन को एक ज्ञापन सौंपा। राजद नेता इंजीनियर आयुष अग्रवाल ने बताया कि शहर में निर्माण कार्य अनियोजित एवं अव्यवस्थित ढंग से हो रहा है।

जिससे एक ओर जहां सरकार को राजस्व की हानि हो रही है।वहीं दूसरी ओर आम नागरिकों को आए दिन अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने शहर के समुचित विकास हेतु मास्टर प्लान के तहत विकास कार्यों की रूपरेखा तय किए जाने की आवश्यकता जताई। अग्रवाल ने बताया कि शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। प्रशासन को चाहिए कि वह इस दिशा में न केवल ठोस प्रबंध करे, बल्कि आम नागरिकों में जागरूकता भी लाए। उन्होंने कहा कि गर्मियों के दौरान आसपास के विभिन्न पंचायतों से लोग शहर में अपने कार्यों के लिए आते हैं, लेकिन उन्हें अधिकांश समय जाम में ही बिताना पड़ता है, जिससे न केवल समय की बबार्दी होती है,बल्कि जनजीवन भी प्रभावित होता है।

अग्रवाल ने विशेष आग्रह करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी से अनुरोध किया कि एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन अनुमंडल सभागार में किया जाए, जिसमें प्रशासन, जनप्रतिनिधि एवं नागरिक एक साथ बैठकर शहर की प्रमुख समस्याओं पर चर्चा कर सकें, ताकि प्रशासन को जमीनी स्तर की जानकारी प्राप्त हो और तदनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

## बचपन से ही मूक बधिर निधि ने अपने हुनर के दम पर बदली पूरी जिंदगी

**पटना, 13 जून (तरूणमित्र)।** जब जिंदगी किसी को बोलने और सुनने की क्षमता नहीं देती, तब निधि जैसे कलाकार अपनी कला को ही जुबान बना लेती हैं। अपनी कला के हुनर के दम पर पूरी जिंदगी बदल लेती हैं। निधी ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और सच्चे समर्पण से हर बाधा को पार करते हुए एक मुकाम तक पहुंचने में सफलता हासिल की है। सहरसा जिले की रहने वाली निधि कुमारी जन्म से मूक-बधिर हैं, लेकिन पारंपरिक ब्लॉक प्रिंटिंग को अपना जीवन बना लिया। एक ऐसी कला, जो अब उनकी पहचान और संवाद का माध्यम बन चुकी है। निधि ने महज आठ साल की उम्र में ही ब्लॉक प्रिंटिंग की बारीकियां सीखनी शुरू कर दी थीं। कठिनाइयों के बावजूद उन्होंने इस प्राचीन हस्तकला में निपुणता हासिल की, जिसमें लकड़ी के ब्लॉक से कपड़ों पर हाथ से डिजाइन बनाए जाते हैं।

# मंटू बस से 20 लाख से अधिक की लॉटरी टिकट जब्त, दो गिरफ्तार



**भागलपुर, 13 जून (तरूणमित्र)।** जिले के बाईपास थाना पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। शुक्रवार को एक प्रेस वार्ता के दौरान विधि व्यवस्था डीएसपी चंद्रभूषण ने बताया की बायपास थाना अध्यक्ष प्रभात कुमार शर्मा को गुप्त सूचना मिली थी कि पटना से भागलपुर आ रही मंटू बस में करोड़ों की लॉटरी टिकट लदी हुई है।

सूचना के आधार पर प्रभात कुमार शर्मा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बाईपास चौक पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। वाहन जांच के क्रम में अकबरनगर की ओर से आ रही मंटू कंपनी की एक बस को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान नागालैंड राज्य की विभिन्न कंपनियों के 38 कार्टन में भरे हुए कुल 4100 बंडल लॉटरी टिकट बरामद किए गए।

प्रत्येक बंडल में 500 टिकट पाए गए। जिन पर 16 जून से 22 जून 2025 तक की ड्रॉ डेट अंकित थी। जब्त लॉटरी टिकटों की कुल संख्या 20 लाख 50 हजार बताई जा रही है। पूछताछ में बस चालक चंद्रशेखर शर्मा ने बताया कि पटना में प्रिंस जयसवाल, रंजन सिंह और ललन चंद्रवंशी द्वारा ये टिकट दूरभाष पर बस में लोड कराए गए थे। राहुल कुमार ने बताया कि ये कार्टन दुमका भेजे जाने थे। जहां संबंधित व्यक्ति इन्हें रिसीव करने वाला था।

# प्रमंडलीय आयुक्त ने मायागंज अस्पताल का लिया जायजा

**भागलपुर, 13 जून (तरूणमित्र)।** प्रमंडलीय आयुक्त हिमांशु कुमार राय ने शुक्रवार को मायागंज अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों से इलाज और दवा के बारे में जानकारी ली।



निरीक्षण के क्रम में प्रमंडलीय आयुक्त इमरजेंसी, रेडियोलॉजी, एमआरआई सेंटर और सीटी स्कैन सेंटर का भी जायजा लिया। इस दौरान प्रमंडलीय आयुक्त ने अस्पताल अधीक्षक डॉ अभिलेश कुमार और मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर सीएम सिन्हा को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस मौके पर प्रमंडलीय आयुक्त हिमांशु कुमार राय ने बताया कि जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (मायागंज अस्पताल) के निरीक्षण के दौरान जो कमियां दिखी उसकी सूची राज्य सरकार को भेजी जाएगी। प्रमंडलीय आयुक्त सबसे पहले फैब्रिकेटेड हॉस्पिटल पहुंचे और वहां इलाज करा रहे मरीजों से इलाज-दवा आदि के बारे में पूछताछ की। इसके बाद उन्होंने इमरजेंसी, रेडियोलॉजी, एमआरआई सेंटर, सीटी स्कैन सेंटर, ब्लड बैंक का निरीक्षण किया और यहां पर हो रहे जांच-इलाज की स्थिति जानी। निरीक्षण के दौरान जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ. सीएम सिन्हा, मायागंज अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अविलेश कुमार, ब्लड बैंक की चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दिव्या सिंह, हॉस्पिटल मैनेजर सुनील कुमार गुप्ता आदि की मौजूदगी रही।

# नवादा विकास के 20 वर्षीय मास्टर प्लान पर काम शुरू

**नवादा, 13 जून (तरूणमित्र)।** नवादा शहर के विकास को लेकर 20 वर्ष के मास्टर प्लान पर काम शुरू कर दिया गया है। इसके लिए शुक्रवार को जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार में नवादा आयोजन क्षेत्र प्राधिकार के सभी हितधारकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में नगर विकास एवं आवास विभाग की ओर से आई पदाधिकारी अपर्णा कुमारी ने बताया कि नवादा आयोजन क्षेत्र का गठन कर लिया गया है, और इसके लिए आगामी 20 वर्षों को ध्यान में रखते हुए एक ऋक्षर आधारित मास्टर प्लान तैयार



किया गया है। उन्होंने बताया कि यह मास्टर प्लान नवादा शहर के समग्र विकास के लिए तैयार किया गया है, जिससे शहर के आधारभूत ढांचे को मजबूत किया जा सकेगा।

डीएम रवि प्रकाश ने निर्देश दिया कि सभी संबंधित विभाग अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित आंकड़े नगर परिषद एवं आयोजन क्षेत्र के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी को अविलंब उपलब्ध कराएं, ताकि योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।

बैठक में यह भी बताया गया कि नवादा शहर में प्राइमरी सर्वे किया जाएगा, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में सर्वेक्षण कर वर्तमान इन्फ्रास्ट्रक्चर की स्थिति का आकलन किया जाएगा। इस सर्वे के माध्यम से स्वास्थ्य, पेयजल, उद्योग, सिंचाई, सड़क, बिजली आदि बुनियादी सेवाओं की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की जाएगी और उनके सुदृढ़ीकरण हेतु सुझाव लिए जाएंगे। बैठक में सभी हितधारकों ने अपने-अपने विभाग की योजनाओं और आवश्यकताओं को रखते हुए मास्टर प्लान को प्रभावी रूप से लागू करने की प्रतिबद्धता जताई।

## रेलवे की जमीन से हटाया गया अतिक्रमण

**भागलपुर, 13 जून (तरूणमित्र)।** जिले के इशाकचक थाना क्षेत्र स्थित भीखनपुर गुमटी नंबर 2 से गुमटी नंबर 1 तक रेलवे के द्वारा अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान शुक्रवार को भी जारी रहा। आत बुलडोजर से अतिक्रमण की गई जमीन को मुक्त कराया गया। यहां रह रहे लोगों का भी कहना है कि यह रेलवे की जमीन है। यहां पर लोग व्यवसाय करते थे। अब रेलवे को उसकी जरूरत है तो रेलवे से खाली कर रही है। लोग यहां से अपनी जमीन पर चले जाएंगे। वहीं रेल पटरी के किनारे रेलवे की अतिक्रमित की गई जमीनों को रेलवे के अधिकारियों के द्वारा बुलडोजर चला कर हटाया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि यहां पर रेलवे के प्रोजेक्ट के तहत अंडरपास का निर्माण कराया जाना है। जिसको लेकर 15 दिन पहले लोगों को नोटिस दिया गया था और यहां से खाली करने का निर्देश दिया गया था। लेकिन लोगों ने नोटिस के बावजूद भी अतिक्रमित की गई जमीन को नहीं छोड़ा। जिसके बाद आज से लगातार अतिक्रमण को लेकर अभियान चलाया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### लालू, नीतीश के चेहरे पर नहीं, बल्कि अपने बच्चों की शिक्षा और रोजगार के लिए वोट देना है-प्रशांत किशोर

**वजीरगंज(गया), 13 जून (तरुणमित्र)।** बिहार में संपूर्ण क्रांति और व्यवस्था परिवर्तन के उद्देश्य से शुरू की गई 'बिहार बदलाव यात्रा' के तहत शुक्रवार को प्रखंड के तरवां बाजार स्थित केदारनाथ खेल परिसर में आयोजित बिहार बदलाव सभा को संबोधित किया।जनसभा में हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।दोपहर से ही बड़ी संख्या में युवा और महिलाएं जनसभा स्थल पर पहुंचने लगे थे और जन सुराज के सूत्रधार को सुनने के लिए उनमें काफी उत्साह देखा गया। जनसभा को संबोधित करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कहा कि मैं पिछले 3 सालों से बिहार के गांव-गांव घूम रहा हूं लेकिन बच्चों के शरीर पर सूती कपड़ा या पैरों में चप्पल नहीं है।इसीलिए आपको अपने बच्चों की चिंता करनी है, कोई नेता आपके बच्चों की चिंता नहीं करेगा।उन्होंने उदाहरण देते हुए समझाया कि बिहार के लोगों को लालू जी से सीखना चाहिए कि बच्चों की चिंता क्या होती है। उन्होंने कहा कि लालू जी का बेटा 9वीं पास भी नहीं किया है, फिर भी वह चाहते हैं कि उनका बेटा राजा बने और दूसरी तरफ बिहार के लोग जिनके बच्चे मैट्रिक, बीए, एमए कर चुके हैं, फिर भी उन्हें नौकरी नहीं मिल रही है। इसके साथ ही प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार में अधिकारी और नेता राशन कार्ड बनाने से लेकर जमीन की रसीद कटाने तक के लिए रिश्वत ले रहे हैं, जिससे आम लोग परेशान हैं।उन्होंने कहा कि वह यहां लोगों को जागरूक करने आए हैं, उन्हें अपने बच्चों के भविष्य के लिए वोट करना चाहिए।जनता इस बात से संतुष्ट है कि उसे पांच किलो अनाज, सिलेंडर और बिजली मिल रही है।लेकिन जनता यह नहीं सोचती कि उसके बच्चों को शिक्षा और रोजगार नहीं मिल रहा है।उन्होंने वजीरगंज की जनता से अपील की कि उन्हें और उनके बच्चों को लूटने वाले नेताओं को वोट न दें।अगली बार अपने बच्चों के लिए वोट दें और बिहार में जनता का राज स्थापित करें। बिहार में व्यवस्था परिवर्तन कर जनता का राज स्थापित करने के लिए नेताओं का चेहरा देखकर वोट न करें। चुनाव में वोट लालू, नीतीश और मोदी के चेहरे पर नहीं अपने बच्चों के चेहरे को देखकर दीजिएगा।अगली बार अपने बच्चों की शिक्षा और रोजगार के लिए वोट करें। सभा को रामबली राजवंशी, मसीह उद्दीन, रिजवान अहमद सीता राम यादव सहित अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया।इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष चंदन सिंह, सचिव सत्येन्द्र कुमार डब्लू, युवाध्यक्ष मन्तोश सिंह सहित पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता व हजारों की संख्या में महिला पुरुष समर्थक मौजूद थे।

### कचाना मोड़ पर ट्रक ने बुजुर्ग को रौंदा, पटना रेफर

**नवादा,13 जून (तरूणमित्र)।** जिले के पकरीबरावां थाना क्षेत्र के कचना मोड़ पर शुक्रवार को एक बार फिर दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। नवादा-जमुई स्टेट हाईवे पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क पार कर रहे एक वृद्ध को रौंद दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय समाजसेवी धर्मेंद्र यादव ने तत्परता दिखाते हुए घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया। घायल की पहचान लखीसराय जिले के बिल्लो गांव निवासी 60 वर्षीय राजेंद्र महतो के रूप में हुई है। बताया गया कि वे कचना मोड़ पर सड़क पार कर रहे थे, तभी जमुई की दिशा से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। ट्रक की चपेट में आने से उनका एक पैर बुरी तरह कुचल गया कई जगह गंभीर चोटें भी आई हैं। उनकी स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। घटना के बाद ट्रक चालक भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन मौके पर मौजूद ग्रामीणों की सजगता से ट्रक को मोहनबीघा के आसपास ही रोक लिया गया। पुलिस पहुंचती, इससे पहले ही किसी के द्वारा वाहन को भगा दिया गया। थानाध्यक्ष रणजीत कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। अग्रेत्तर कार्रवाई की जाएगी।

### मंडल कारा में विचाराधीन कैदी की मौत, परिजन ने जेल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया

**सहरसा, 13 जून (तरूणमित्र)।** मंडल कारा में विचाराधीन कैदी विशुनदेव शर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मृतक सत्तर कटैया वार्ड 11 निवासी था और तीन माह पूर्व से मारपीट के एक मामले में जेल में बंद था। मामले के संबंध में बताया जा रहा है कि शुक्रवार सुबह करीब 4 बजे कैदी की तबीयत अचानक बिगड़ गई। जिसके बाद जेल प्रशासन ने उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।हालांकि, जेल प्रशासन का दावा है कि विशुनदेव की मौत इलाज के दौरान हुई।जबकि डॉक्टर का कहना है कि अस्पताल लाए जाने से पहले ही उनकी मौत हो चुकी थी और वह मृत अवस्था में लाए गए थे। मृतक के परिजन ने जेल प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि अगर विशुनदेव की तबीयत खराब थी तो परिजन को पहले सूचना क्यों नहीं दी। मौत की खबर मिलने के बाद ही उन्हें सूचना दी गई। जिससे परिजन में आक्रोश है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच जारी है।

### बिहार राज्य शतरंज चैंपियनशिप का विजेता बना नवादा का अंजिष्णु राज

**नवादा,13 जून (तरूणमित्र)।** बिहार राज्य अंडर 11 शतरंज चैंपियनशिप के विजेता बन अंजिष्णु राज ने परिवार के साथ ही जिले वासियों को भी गौरवान्वित किया है। बेगूसराय में आयोजित राज्य राजा स्तरीय चैंपियनशिप में शुक्रवार को सफलता अपने नाम किया है। ड्रोन चेस अकादमी के निदेशक वैभव सिंह वर्मा इस सफल प्रतिभागी के कोच रहे हैं। नवादा के जाने-माने चिकित्सा डॉक्टर रघुनंदन प्रसाद के पौत्र तथा पिता डॉक्टर विजय कुमार तथा माता मीनू प्रिया के पुत्र शतरंज चैंपियनशिप में विजेता बने हैं । विजेता बनने के बाद नवादा लौटने पर उन्होंने बताया कि वह अंतरराष्ट्रीय शतरंज खेल में अपना दबदबा कायम करना चाहते हैं। जिसकी तैयारियां जोर-जोर से कर रहे हैं। इतने कम उम्र में इस सफल प्रतिभागी को घर पर जाकर उनके चाचा डॉक्टर रमेश कुमार ,समाजसेवी सुधीर कुमार आदि ने गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। उनके उज्जवल भविष्य की भी कामना की। नवादा के खेल प्रेमियों ने इस सफल प्रतिभागी को नवादा नगर भवन में एक विशेष समारोह का आयोजन कर सम्मानित करने का भी निर्णय लिया है।

### गंगा किनारे मिला युवक और महिला का शव, अवैध संबंध में हत्या की आशंका

**भागलपुर, 13 जून (तरूणमित्र)।** जिले के पीरपैंती थाना क्षेत्र के भवानीपुर गंगा घाट पर शुक्रवार को एक युवक और एक महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। दोनों की हत्या कर शव को गंगा में फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है। मृतकों की पहचान कुशालपुर निवासी बंटी कुमार सिंह (22) और बाखरपुर की एक महिला के रूप में हुई है।

# जमीन विवाद में युवक की हत्या, शव को आम के पेड़ से लटकाया



**भागलपुर, 13 जून (तरूणमित्र)।** जिले के नाथनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मथुरापुर गांव में शुक्रवार को युवक गुलशन कुमार का शव आम के पेड़ से लटका मिला है। जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। परिजन का आरोप है कि गुलशन की हत्या कर शव को पेड़ से लटकाया गया है, ताकि इसे आत्महत्या का रूप दिया जा सके। मृतक के भाई का कहना है कि पिछले 20 वर्षों से जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि इसी जमीन विवाद के चलते गुलशन की हत्या की गई है। परिजन हत्या के पीछे गांव के ही कुछ प्रभावशाली लोगों का हाथ होने की बात कह रहे हैं।

घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी टू राकेश कुमार और नाथनगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। डीएसपी राकेश कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। जो भी दोषी होंगे, उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## महिला संवाद : सहरसा की चौपालों से उठ रही बदलाव की आवाज

**सहरसा, 13 जून (तरूणमित्र)।** जिले में 13 जून का दिन महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बन गया । इस दिन जिले के 24 गांवों में एक साथ आयोजित महिला संवाद सत्रों ने ग्रामीण जीवन में एक नई चेतना जगाई। इन सत्रों में 6,000 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया । यह आयोजन महज औपचारिकता नहीं, बल्कि एक आंदोलन का रूप ले चुका है, जिसमें हर महिला आत्मबल से भरी हुई अपनी आवाज बुलंद कर रही है ।गाँव की चौपालों पर महिलाओं ने पहली बार अपनी समस्याओं, अनुभवों और अधिकारों पर खुलकर चर्चा की । यह पहल महिला संवाद कार्यक्रम के तहत शुरू हुई थी, जिसमें अब तक जिले के 1,369 ग्राम संगठन और 3.4 लाख महिलाएं जुड़ चुकी हैं । संवाद सत्रों के दौरान महिलाओं ने अपनी जिंदगी से जुड़े कई अहम मुद्दों को उठाया, जैसे पेंशन में कटौती, गाँव में कॉलेज की आवश्यकता और अंधेरी सड़कों पर रोशनी की माँग।

# सड़क हादसे में युवक की मौत के बाद हंगामा



**अररिया, 13 जून (तरूणमित्र)।** जिले के कुसाकांटा के शंकरपुर चौक पर बीती मध्य रात्रि करीबन दो बजे युवक की सड़क हादसे में मौत के बाद शुक्रवार को परिजनों और ग्रामीणों ने जमकर हंगामा मचाया। आक्रोशित लोगों ने शंकरपुर चौक पर मुख्य सड़क को घंटों जाम कर दिया और सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन करने लगे। आक्रोशितों ने सड़क पर टायर जलाकर आगजनी भी की।सूचना के बाद मौके पर कुसाकांटा थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार, कुआड़ी थानाध्यक्ष दीपक कुमार, सोनामणी गोदाम थानाध्यक्ष संजय कुमार भारी संख्या में पुलिस बलों के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय मुखिया फिरोज आलम, दुगार्नंद मिश्रा, राकेश विश्वास के साथ पहल करते हुए कड़ी मशक्कत और आक्रोशितों को समझा बुझाकर सड़क को जाम से मुक्त कराया। जिसके बाद सड़क पर आवागमन शुरू हो पाई। मृतक की पहचान हरीरा पंचायत के खजूरबाड़ी निवासी 29 वर्षीय वैद्यनाथ कुमार सिंह पिता धमार्नंद सिंह के रूप में की गई। मौके पर मौजूद मृतक के पिता धमार्नंद सिंह ने बताया कि एक बजे रात के करीब में वह मदनपुर पोखरिया से घर के लिए चला था। उनसे फोन पर बातचीत भी हुई थी। लेकिन वह घर नहीं पहुंचा।

सुबह में उनके शव के शंकरपुर चौक के पास पड़े होने की जानकारी दी गई। सड़क हादसे में उनकी मौत हो गई।उनके पिता ने बताया कि हादसे वाले स्थल के पास ही एक मकान के निर्माण किया जा रहा है।जिसमें मिट्टी भराई का काम रात भर चलता है और उनका पुत्र भी मिट्टी भराई में लगे ट्रैक्टर के चपेट में आ गया।पिता सहित परिजन मकान निर्माण करा रहे मकान मालिक और ट्रैक्टर चालक की गिरफ्तारी की मांग पर डटे थे।मृतक की आठ साल पहले उनकी शादी पार्वती देवी से हुई थी और उनके दो बच्चे हैं। सड़क जाम और प्रदर्शन के पास पहुंची पुलिस ने समझा बुझाकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भिजवाया।पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई है।

# कारोबारी के घर 20 लाख के आभूषण चोरी मामले में पुलिस का हाथ खाली

**अररिया, 13 जून (तरूणमित्र)।** फारबिसगंज के प्रमुख कारोबारी जेठमल बैद के बंद घर में करीबन 20 लाख रुपए मूल्य के आभूषण की चोरी मामले में घटना की 15 दिनों के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। जिसको लेकर थाना क्षेत्र के मानिक चंद रोड वार्ड संख्या 10 निवासी पीड़ित कारोबारी जेठमल बैद पिता स्व. रूपचंद बैद ने पुलिसिया तफ्तीश और कार्रवाई पर सवाल खड़ा किया है।

पीड़ित कारोबारी जेठमल बैद ने बताया कि पिछले माह 28 मई को वे किशनगंज से फारबिसगंज स्थित अपने घर पहुंचा था तो उसके फ्लैट का मेन गेट का ताला टूटा हुआ था और अंदर जाने पर पत्नी के कमरे का ताला टूटा और तीनों आलमारी खुली हुई थी। साड़ी कपड़े सहित



बेशकीमती समानों के साथ करीबन 15 से 20 लाख रुपए मूल्य के स्वणार्भूषण को गायब पाने के बाद डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने किरायेदार सहित अन्य लोगों से पूछताछ की बाद चोरी की घटना को सही पाया था। नीचे रहने वाले दरबान ओम पासवान ने दो लोगों को लेकर जानकारी पुलिस को दी थी।

जिसमें उन्होंने दो में से एक बिजली मिस्त्री मियांहाट के सुरेश साह पिता हरिश्चंद्र साह को पहचानने का दावा किया था।मामले में फारबिसगंज थाने कांड संख्या 271/25 भी दर्ज किया गया है।पीड़ित कारोबारी ने बताया कि घटना के इतने दिनों के बावजूद पुलिस ने किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की।उन्होंने पुलिस पर मामले की उद्भेदन में अभिरुचि नहीं लेने की बात करते हुए वरीय अधिकारियों से मिलने और न्याय को लेकर लड़ाई लड़ने की बात कही।उन्होंने कहा कि केस के उठाव को लेकर उन्हें हरिजन केस के झूठे मुकदमे में फंसा देने की धमकी दे रहे हैं।

इधर मामले पर फारबिसगंज थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि पुलिस ने आरोपित के घर छापेमारी की थी, लेकिन आरोपित मौके से फरार हो गया था।उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लेने की बात उन्होंने कही।

## पत्नी ने पीटकर की पति की हत्या, पत्नी समेत चार आरोपित

**नवादा,13 जून (तरूणमित्र)।** जिले के नरहट थाना क्षेत्र के ओलिपुर गांव के एक घर में युवक मुन्ना कुमार उर्फ भुटाली का खून से लथपथ शव शुक्रवार को बरामद किया गया।इस मामले में मृतक के पिता राजो महतो के बयान पर मृतक की पत्नी प्रीति देवी, साढू मुकेश कुमार, साला विश्वनाथ महतो एवं सास को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। मृतक के पिता द्वारा दर्ज प्राथमिकी संख्या 184/25 में बताया है कि उपरोक्त सभी लोग मारपीट कर हमारा बेटा का हत्या किया और भाग गया है। क्योंकि कई बार उपरोक्त सभी लोग घर पर आकर मारपीट किया करता था। बयान में आगे बताया है कि हम अपने खैनी के दुकान पर था तो ग्रामीणों के द्वारा पता चला कि मेरा बेटा मुन्ना कुमार उर्फ भुटाली अपने घर में मरा पड़ा है। जब हम अपने बेटा के घर के पास आकर देखा तो पाया कि हमारा बेटा घर में मृत पड़ा है और नाक से खून बह रहा था। पूरा शरीर पर काला जैसा दिख रहा है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार
शनिवार, 14 जून 2025
विक्रम संवत्- 2082, आषाढ़ कृष्ण पक्ष- तृतीया

## हादसे के जिम्मेदार

बीते रोज अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरनेशनल हवाईअड्डे पर जो हुआ, वह सिर्फ एक विमान दुर्घटना नहीं, है बल्कि हमारे सिस्टम का वह आइना है जिस पर रोज धूल डाल दी जाती है। वास्तव में इतना बड़ा हृदयविदारक हादसा डीजीसीए, एयरपोर्ट ऑपरेटर और एयरलाइन के बीच समन्वय में कमी के बिना हो ही नहीं सकता था। यह दुर्घटना उस पूरे ढांचे का मलबा भी है, जिसे रोज -रोज सरकार और निजी क्षेत्र 'सुधार' और 'आधुनिकीकरण' की चमकदार पैकेजिंग में जनता को दिखाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत में वह सड़ चुका है। अब हादसे के बाद सवाल उठाए जाते रहेंगे, जिम्मेदारों द्वारा लीपापोती भी होती रहेगी, पर इस प्रक्रिया में यह शायद ही कभी उजागर हो कि यह हादसा क्यों हुआ और इसके लिए ज़िम्मेदार कौन है। टाटा समूह को एयर इंडिया सौंपते समय सरकार ने तालियाँ बजाईं, राष्ट्रवाद के लबादे में निजीकरण की पूजा की गई, और टाटा ने वादा किया कि वह 'महाराजा' को फिर से उड़ाएगा। दो साल में नए विमान ऑर्डर हुए, नया लोगो आया, विलय की घोषणाएँ हुईं, लेकिन इन सबके बीच यात्रियों की सुरक्षा की बात किसी ने नहीं की। यही कारण है कि दुर्घटनाग्रस्त हुआ ड्रीमलाइनर विमान की तकनीकी स्थिति पहले से संदिग्ध थी और एयरलाइन कम्पनी ने लागत बचाने के चक्कर में मेंटेनेंस और सुरक्षा को हाशिए पर डाल दिया था। टाटा समूह ने हादसे के बाद मृतकों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये मुआवजा देने और हॉस्टल के पुनर्निर्माण की घोषणा की, यह संवेदनशीलता नहीं, बल्कि कॉर्पोरेट जगत की क्राइसिस मैनेजमेंट और डैमेज कंट्रोल नीति है। हादसे के पीछे सरकार की भूमिका भी कम नहीं है। प्रधानमंत्री से लेकर नागरिक उड्डयन मंत्री तक, सभी ने हादसे के बाद वही रटी-रटाई संवेदना दोहराई, जो हर दुर्घटना के बाद दोहराई जाती है। ठीक है, पर अब जरुरत, इस बात की है कि उन्हें दण्डित किया जाए जो ड्रीमलाइनर विमान की आखिरी सुरक्षा ऑडिट और उड़ान को हरी झंडी देने के पीछे जिम्मेदार हैं। अब, बात केवल विमान की नहीं, जमीन की भी है। निजीकरण को विकास का पर्याय मानने वाली सरकार को यह सुनिश्चित भी करना होगा कि जिन कंपनियों को जमीन, हवाई अड्डे और एयरलाइंस सौंपी जा रही हैं, वे जनता की सुरक्षा के प्रति संवेदनशील हैं या उन्हें सिर्फ मुनाफे से मतलब है। सरकार हवाई अड्डों से लेकर एयरलाइनों तक सब कुछ निजी हाथों में सौंप रही है, तो उसे यह भी सुनिश्चित करना होगा निजी संस्थान मुनाफे के गणित के साथ- साथ सार्वजनिक जिम्मेदारियों को भी समझें। निश्चित रूप से इस हृदयविदारक दुर्घटना ने टाटा समूह के अस्तित्व को झकझोरा है, कम्पनी के शेयर गिरे हैं, निवेशकों का भरोसा डगमगाया है और साख पर बहुत बड़ा धब्बा लगा है, पर इससे मरने वालों के परिजनों की पीड़ा कम नहीं होगी। मुआवजे की राशि उनके जख्म नहीं भर सकेगी। यह हादसा केवल एक विमान के गिरने की घटना नहीं, बल्कि यह भरोसे का ढह जाना था, जिसके आधार पर लोग विमान में बैठते हैं, यह मानकर कि उनकी जान किसी कंपनी की 'कॉस्ट कटिंग' स्लाइड में नहीं रखी गई है, इसलिए सरकार को जवाबदेही तय करनी ही होगी, वह भी पारदर्शी, सार्वजनिक और ठोस।

### शोक देश में छाया !

बिखरा घर परिवार ।
उजड़ गया संसार ।।
त्राहिमाम- चीख पुकार ।
थम गयी रफ्तार ।।

हादसा विमान का ।
दर्द दे गया भारी ।।
सपनों की उड़ान ये ।
बन गई लाचारी ।।

कहर अचानक बरपा ।
समझ नहीं कुछ आया ।।
खौफनाक मंजर ।
शोक देश में छाया ।।

अगर कहीं पर चूक ।
हो फिर त्वरित जांच ।।
आगे सफर हवाई पर ।
ना आए फिर आंच ।।



कृष्णेन्द्र राय

### सूडोकु नवताल- 7460

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7459 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

## सुरक्षित हवाई यात्रा के लिए ठोस कदम उठाने होंगे



राजेश माहेश्वरी

**गुजरात के अहमदाबाद में जो भयानक दर्दनाक हादसा हुआ, उसने देश के हर शख्स को गमगीन कर दिया। एअर इंडिया का ड्रीमलाइनर प्लेन अहमदाबाद एयरपोर्ट से उड़ान भरने के लिए मिनट बाद ही बेहद खतरनाक ढंग से क्रैश हो गया।**

इस घातक प्लेन क्रैश में अभी तक 265 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। जिस बिल्डिंग से प्लेन क्रैश हुआ, उसमें मेडिकल कॉलेज के स्टूडेंट खाना खा रहे थे, वो भी हादसे का शिकार हो गए। प्लेन हादसे का मंजर इतना खौफनाक है कि जिसने भी इसे देखा उसका कलेजा मुंह में आ गय। लोगों के शव कई हिस्सों में बिखरे हुए थे, लोगों के शव इतनी बुरी तरह जले कि उनकी पहचान तक नहीं हो पा रही, इसलिए डीएनए जांच का सहारा लिया जा रहा है। प्लेन में कुल 242 लोग सवार थे, जिसमें 230 पैसेंजर्स, 10 क्रू और दो अनुभवी पायलट सवार थे।

इसमें गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी सहित 242 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे। प्लेन में सवार बस एक ही यात्री चमत्कारिक ढंग से बच निकला, जिसका अब अस्पताल में इलाज चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद में उस जगह का दौरा किया, जहां एयर इंडिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था।

भारत का अब तक का सबसे बड़ा प्लेन हादसा 12 नवम्बर 1996 को हुआ, जिसे चरखी दादरी विमान हादसा कहा जाता है।

यह हादसा हरियाणा के चरखी दादरी के पास उस समय हुआ, जब दो प्लेन एक-दूसरे से टकरा गए। इस टक्कर में दोनों विमानों में सवार सभी 349 लोग मारे गए थे। यह दुर्घटना पायलट और एयर ट्रैफिक कंट्रोल के बीच गलतफहमी और ऊंचाई की जानकारी सही से न समझ पाने के कारण हुई थी।

1 जनवरी 1978 को मुंबई से उड़ान भरते ही बोइंग 747 अरब सागर में गिर गया। दिशा भ्रम और तकनीकी खराबी की वजह से हुए इस हादसे में 213 लोगों की जान चली गई। प्लेन मुंबई से दुबई जा रहा था। 22 मई 2010 को एयर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट 812 दुबई से कर्नाटक आ रही थी। विमान में 166 लोग सवार थे। लैंडिंग के समय मौसम ठीक था, लेकिन रनवे छोटा और थोड़ा ऊंचाई पर बना हुआ था। पायलट ने विमान को जमीन पर देर से उतारा, जिससे ब्रेक लगाने के लिए पर्याप्त जगह नहीं बची। नतीजा यह हुआ कि विमान रनवे से आगे फिसलता चला गया और खाई में गिरकर दो हिस्सों में टूट गया। हादसे में 158 लोगों की मौत हो गई। जांच में सामने आया कि पायलट बहुत थके हुए थे और समय पर निर्णय नहीं ले सके, जिससे यह गंभीर दुर्घटना हुई।

26 अप्रैल 1993 को इंडियन एयरलाइंस फ्लाइट 491 औरंगाबाद से मुंबई जा रही थी। जैसे ही विमान ने उड़ान भरना शुरू किया, उसी समय रनवे पर एक ट्रक मौजूद था। पायलट को ट्रक समय पर दिखाई नहीं दिया और विमान उससे टकरा गया।

टक्कर के बाद विमान में आग लग गई और वह टूट गया। हादसे में 55 लोगों की जान चली गई, जबकि कई लोग घायल हुए। केरल के कोझिकोड में 7 अगस्त 2020 को एयर इंडिया एक्सप्रेस का विमान रनवे से फिसलकर क्रैश हो गया था। इसमें 21 यात्रियों की मौत हुई थी, जबकि 110 लोग घायल हुए थे।

दुनिया का सबसे सेफ विमान माने जाने वाला बोइंग 787 आखिर किस वजह से क्रैश हुआ है। इस सवाल का सभी सवाल खोज रहे हैं। अब इसी का पता लगाने की कोशिश शुरू हो चुकी है। फोरेंसिक टीम अहमदाबाद में प्लेन क्रैश वाली जगह पहुंच चुकी है। यहां से हर वो सबूत जुटाया जाएगा, जिससे पता चल सकेगा कि हादसा कैसे हुआ। अब विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो को गुरुवार को बोइंग 787 ड्रीमलाइनर के दुर्घटनाग्रस्त होने की जांच का काम सौंपा गया है। एएआईबी के पास अब यह पता लगाने की जिम्मेदारी होगी कि दुर्घटना के असल कारण क्या थे। बल्कि निकट भविष्य में हवाई यात्राओं को सुरक्षित बनाने के लिए भी सुझाव दिए जा सकेंगे। इसके अंतर्गत ब्यूरो बोइंग के सुरक्षा रिकॉर्ड और परिचालन निरीक्षण की भी गहराई से जांच करेगा। निश्चित रूप से परिचालन प्रक्रिया कड़ी जांच के दायरे में होगी। उल्लेखनीय है कि तकनीकी खामियों के चलते बोइंग के कई अन्य 787 ड्रीमलाइनरों की सुरक्षा प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाए जाते रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि बोइंग की सुविधाओं के एफएए द्वारा ऑडिट करने पर निर्माण की प्रक्रिया में अनियमितताओं और कंपनी की सुरक्षा संस्कृति में खामियों का पता चला था। बल्कि व्हिसल ब्लोअर्स ने तो यहां तक भी आरोप लगाए थे कि बोइंग की कार्यप्रणाली में खामियों को उजागर करने के लिए उन्हें बदले की कार्रवाई का सामना भी करना पड़ा था। उल्लेखनीय है कि रिपब्लिक एयरवेज के सीईओ ब्रायन बेडफोर्ड, जिन्हें अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा एफएए का प्रमुख नियुक्त किया गया है, ने बुधवार को कहा था कि वर्ष 2018 और 2019 में दो बोइंग 737 मैक्स दुर्घटनाओं से जुड़ी एक प्रमुख सुरक्षा प्रणाली की विफलता के बारे में कुछ वास्तविक व गंभीर सबक सीखे गए हैं, जिसमें 346 लोगों की मृत्यु हो गई थी।

निश्चित रूप से अहमदाबाद विमान हादसे के बाद भारतीय अधिकारियों को अपने अमेरिकी समकक्षों के साथ गंभीर विमर्श करना चाहिए। उससे मिले इनपुट गुजरात दुर्घटना की गहन जांच करने में सहायक साबित हो सकते हैं। बहरहाल, अहमदाबाद से लंदन जा रही फ्लाइट एआई 171 के हादसे ने सैकड़ों परिवारों को गहरे जख्म दे दिए हैं। हादसे में दो सौ से अधिक लोगों के मरने की पुष्टि हो चुकी है, वहीं एक व्यक्ति के जीवित बचने को कुदरत का करिश्मा माना जा रहा है। दूसरी ओर रिहायशी इलाके में विमान के गिरने से हुई क्षति भी दुखद है। पुलिस द्वारा चालीस लोगों के अस्पताल में उपचाराधीन होने की बात भी कही जा रही है। निश्चय ही यह विमान हादसा हवाई यात्राओं से जुड़ी चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की जरूरत को बताता है। हवाई हादसे के कारणों की हकीकत जांच के बाद सामने आएगी लेकिन यदि हवाई यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था में कोई चूक हुई है, तो उसकी जवाबदेही तय करने की जरूरत है।

हाल के वर्षों में हुई यह बड़ी दुखद दुर्घटना हवाई यात्रा से जुड़े जोखिमों पर नये सिरे से गंभीर मंथन की जरूरत को बताती है। निश्चित रूप से यह हादसा नागरिक उड्डयन के लिये भी एक बड़ा झटका है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था के सबसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में शामिल है। आज भारत दुनिया के अग्रणी विमानन बाजारों में शुमार है।

विडंबना यह है कि अभी दो महीने पहले ही नई दिल्ली में विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो यानी एएआईबी में अत्याधुनिक डिजिटल फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर प्रयोगशाला का उद्घाटन किया गया था। करीब नौ करोड़ रुपये की लागत से बनी इस प्रयोगशाला को केंद्र सरकार ने विमानन सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया था।

जिसका मकसद हवाई दुर्घटनाओं की पहचान करना और जवाबदेही सुनिश्चित करना था। ताकि सुरक्षा उपायों को लेकर जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिये तंत्र में सुधार किया जा सके।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

## रक्तदान खुद की सेहत के लिए भी होता है फायदेमंद



बालमुकुन्द ओझा

विश्व रक्तदान दिवस हर साल 14 जून को मनाया जाता है। यह दिन स्वैच्छिक और निःस्वार्थ रक्तदाताओं को सम्मानित करने और रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। रक्तदान जीवन रक्षक है और इससे कई मरीजों की जान बचाई जा सकती है। इस वर्ष की थीम रक्त देंए आशा दें रखी गई है। आज पूरा विश्व खून की कमी के कारण जूझ रहा हैए जिससे जीवन पर खतरा उत्पन्न हो रहा है। रक्तदान जीवनदान है क्योंकि रक्त का कोई विकल्प नहीं है।

रक्तदान कई जिंदगियों को बचाता है। इससे उन लोगों को जीने की उम्मीद मिलती हैए जो उम्मीद खो चुके होते हैं। रक्तदान का कार्य समाज की एक बड़ी सेवा है। रक्तदान एक ऐसा दान है जो न सिर्फ आपको जरूरतमंद की दुआएं दिलाता है बल्कि आपके शरीर के लिए भी फायदेमंद होता है। आपके खून की चंद बूंदों से किसी घर का चिराग बुझने से बच सकता है।

विशेषज्ञ का कहना है कि रक्तदान करने से दिल की सेहत में सुधारए वजन नियंत्रण और बेहतर सेहत जैसे कई लाभ मिलते हैं। रक्तदान रक्तदाता के शरीर और मन दोनों पर बहुत अच्छा प्रभाव डालता है। भारत में कुल रक्तदान का केवल 59 फीसदी रक्तदान स्वैच्छिक होता है। तीन महीनों की समय अवधि के बाद रक्तदान कर सकते हैं। रक्तदान करने की अधिकतम आयु सीमा 65 वर्ष है। हालांकिए साठ वर्ष से ज्यादा आयु के लोगों द्वारा चिकित्सक के मार्गदर्शन में पहली बार अथवा नियमित रूप से रक्तदान किया जा सकता है। रक्त की मात्रा 350 मिलीलीटर से 450 मिलीलीटर के अंतर पर लिया जा सकता है। रक्त की मात्रा को प्रतिस्थापित करने में सामान्य रूप से 24 घंटे लगते हैं। यदि आप सामान्य रूप से स्वस्थ हैंए तो चिंता की कोई कोई बात नहीं है। यदि प्रयोगशाला मोबाइल वैन उचित निवारक कार्रवाई कर रही है, तो संक्रमण की संभावना कम होती हैं रक्तदान की प्रक्रिया पूरी तरह से सुरक्षित है। प्रत्येक रक्तदाता के लिए नई सुई का उपयोग किया जाना चाहिए तथा उस सुई को उपयोग के बाद फेंक दिया जाना चाहिए। रक्तदान सामान्यत चार चरणों में संपन्न होने वाली प्रक्रिया है। पंजीकरण, रक्त दानकर्ता की चिकित्सीय पृष्ठभूमिए रक्तदान और अल्पाहार या जलपान। स्वस्थ इंसान के शरीर में 5 से 7 लीटर रक्त हमेशा मौजूद रहता है। शरीर में एक यूनिट रक्त अतिरिक्त होता है जो दिया जा सकता है। हमारे शरीर में रक्त बनने की क्रिया भी काफी रोचक है।

रक्त, श्वेत रक्त कण, लाल रक्त कण, प्लाज्मा और प्लेटलेट्स से मिलकर बने रक्त में लाल रक्तकण शरीर के हर भाग में ऑक्सीजन पहुंचाने का काम करते हैं, श्वेत रक्त कण रोग प्रतिरोधक होते हैं तो प्लेटलेट्स का काम होता है बहते रक्त को रोकना। कभी चोट लगने पर खून बहता है और प्लेटलेट्स ही उसे बहने से रोकने का काम करते हैं। हर दिन हमारे शरीर के बोन मैरो (अस्थिमज्जा) में रक्त कोशिकाओं का निर्माण होता रहता है। रक्तदान कर अपने रक्त की मुफ्त जांच का लाभ भी मिल जाता है। रक्त से आपका जीवन चलता है पर इसके दान से कितने ही जीवन बचाए जा सकते हैं। रक्तदान को लेकर आज भी लोग भ्रम के शिकार हैं। कुछ लोग आज भी मानते हैं कि रक्तदान से शरीर में कमजोरी आती है। रक्त की कमी के कारण देश भर में हर वर्ष हजारों लोगो की मृत्यु हो जाती है। हर दो सेकंड में किसी ना किसी को रक्त की जरूरत होती। एक नियमित रक्तदाताए तीन महीने बाद ही अगला रक्तदान कर सकता है। उन्हें आयरनए विटामिन बी व सी युक्त आहार करना चाहिए। इसके लिए उन्हें नियमित आहार में पालकए संतरे का जूसए फलियां व डेरी उत्पाद आहार में लेने चाहिए। रक्तदान से दो-तीन घंटे पहले पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं व भरपेट भोजन करें। इससे खून में शुगर की मात्रा स्थिर रहती है।

यह हम सबकी जिम्मेदारी और कर्तव्य है कि अपने जीवन को सार्थकता प्रदान करें। रक्तदान के यज्ञ में अपनी आहुति देकर लाखों लोगों का जीवन बचाएं, क्योंकि रक्तदान तो जीवन दान है। इससे बड़ा पुण्य का कोई काम नहीं है। हमारे देश में अनादि काल से मानव जीवन बचाने का कार्य चल रहा है। भारतवासी यह मानते है की किसी का जीवन बचाने से बड़ा कोई धर्म नहीं है। अपने पूर्वजों द्वारा बताएं मार्ग पर चलकर जीवन बचाने के इस महा यज्ञ में अपनी भागीदारी देनी चाहिए।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

## हास्य व्यंग : क्या गुरु जी नहीं रहे?



डॉ. अंगद सिंह निशीथ

क्या गुरु जी नहीं रहे? अरे यह कब और कैसे हुआ? अभी तो वह कुछ समय पूर्व मुझसे मिले थे और प्रसन्नचित्त लग रहे थे , गुरु जी के साथ प्रायः टहलने - घूमने वाले उनके एक मित्र ने कहा। गुरु जी के दिवंगत होने की खबर जंगल में आग की भांति फैल गयी। उनसे परिचित समाज के विभिन्न वर्ग के लोगों-दुकानदारों, ठेले वालों, खोमचा वालों, रिक्शा या इ-रिक्शा चालकों सहित कुछ प्रबुद्ध वर्ग के लोगों जैसे वकील, अध्यापक, पत्रकार एवं राजनीतिक व्यक्तियों ने आश्चर्य चकित होते हुए प्रायः यही विचार व्यक्त किया कि अभी ऐसे व्यक्ति को इस दुनिया से इस प्रकार नहीं जाना चाहिए था . गुरु जी जैसे लोगों की तो आज के क्लिष्ट और जटिल होते जा रहे समाज में सजग भूमिका निर्वहन के लिए अभी आवश्यकता थी किन्तु होनी को कौन टाल सकता था?

गुरु जी के दिवंगत होने का समाचार सुनते ही लोगों का हुजूम उनके लगभग अर्ध-जर्जर निवास की ओर उमड़ पड़ा। गुरु जी के घर वाले लगभग अर्द्ध मूर्छित अवस्था में लग रहे थे। यह देखकर वहां पहले पहुंचे हुए कुछ उत्साही समाजसेवी टाइप के युवाओं ने भीड़ को बैठने के लिए कुछ कुर्सियों एवं गर्मी को देखते हुए आवश्यकतानुसार पेयजल की व्यवस्था भी कर लिया था। ऐसे समय में यहाँ गुरु जी के परिचितों से ज्यादा अपरिचित किन्तु जिज्ञासुओं की उपस्थिति भी सभी का ध्यान आकर्षित कर रही थी। गुरु जी के परिजनों की स्थिति शोक विह्वल होने के कारण असहज और चिंताजनक थी। प्रायः सभी परिजन उच्च या मंद स्वर में रो रहे थे और उनको चुप कराने वाले कुछ पड़ोसी भी रोने की लगभग खानापूर्ति करते हुए बार बार आँखों को पोंछते जा रहे थे। हालाँकि वहां भीड़ बढती जा रही थी किन्तु लोग मौके की नजाकत समझते हुए माहौल को शांत एवं सामान्य बनाने का असफल प्रयास कर रहे थे। वहां उपस्थित कुछ लोग जो गुरु जी से पूर्णतः परिचित नहीं थे वे गुरु जी के विषय में कुछ बोलने से पूर्व व्यक्तिगत स्तर पर कुछ जानने का प्रयास कर रहे थे। इसी समय कुछ उत्साही समाजसेवियों ने गुरु जी के बॉडी को ठीक-ठाक बनाये रखने के लिए बर्फ का इंतजाम कर लिया और स्वाभाविक रूप से फैलने वाली दुर्गंध से बचाव के लिए कुछ फूल पत्तियों के साथ ही धूप-दीप और अगरबत्ती का भी प्रबंध किया।

कौन थे गुरु जी जिनके लिए परिचितों से भी ज्यादा अपरिचित भी गमगीन दिखाई दे रहे थे ? वास्तव में गुरु जी एक अवकाश प्राप्त अध्यापक थे जिनके बारे में उनके कुछ भूतपूर्व विद्वान मित्रों ने समाज में यह भ्रम फैला रखा था कि गुरु जी भले ही एक असफल अध्यापक थे किन्तु वे तथाकथित साहित्यकार और पत्रकार भी थे. यही नहीं उनके कुछ मित्र उन्हें एक ऐसा समाजसेवी भी बताने से नहीं चुकते थे जिसने समाज सेवा के नाम पर लोगो को केवल गुमराह ही किया था।

गुरु जी भी खुद को समय का साक्षात दुश्मन बताते और प्रायः इस विन्दु पर जोर देते थे कि वही व्यक्ति सफल माना जाता है जो अपना कार्य अधुरा छोड़कर दूसरों के हर कार्य में टांग फंसाता रहता है और अपना अधिकतम समय अपने बास या संस्था प्रमुख की अहर्निश चापलूसी में व्यतीत करता है. हालांकि गुरु जी भी अपने बॉस की चापलूसी में जुटे रहते थे किन्तु सफलता नहीं मिलती थी . चारों तरफ से हारकर गुरु जी ने एक दिन मौका पाकर अपने इमीडियेट बास से प्रार्थना किया कि उन्हें भी पंजीकृत चापलूसों की महत्वपूर्ण टीम में शामिल कर लिया जाय। इतना सुनते ही साहब ऐसे विदक गए जैसे लाल रंग का बस्त्र देखते ही कोई साड़ भड़क जाता है। इसके बावजूद गुरु जी चापलूसी के अपने प्रयास में नए सिरे से जुट जाते थे।

गुरु जी की एक विशेषता थी कि वे प्रायः कॉलेज तो जाते, कक्षा में भी जाते मगर मुख्य विषय को छोड़कर विद्यार्थियों पर प्रभाव डालने के लिए फ्रांसिसी लेखक अल्बेयर कामू और अमेरिका के जार्ज आर आर मार्टिन जैसे चिंतकों के साथ ही कुछ देशी विद्वानों को भी उद्धृत करते थे। इस बीच वह प्रायः विद्यार्थियों से बार बार कहते कि गलती से पढाई लिखाई सम्बंधित कोई विषय वस्तु मेरे मुंह से निकल जाये तो वे क्षमा करेंगे। गुरु जी की इस बात पर ऐसा ठहाका लगता था कि अगल बगल की कक्षा डिस्टर्ब हो जाती थी और इसकी शिकायत लगभग प्रतिदिन प्रिंसिपल से होनी स्वाभाविक थी. इस पर गुरु जी 'ही - ही, खी - खी' कर यह कहते हुए चुप हो जाते कि साहब सदैव उनकी (गुरु जी की ) भलाई के लिए बुरी तरह से चिंतित रहते हैं।

गुरु जी के मित्रों की संख्या सीमित थी लेकिन ये सभी प्रायः विपरीत विचारधारा का होने के कारण आपस में छुटभैया नेताओं की भांति लड़ते रहते थे और उन्हें शांत और संतुलित करने में गुरु जी को तीन - तिकड़म सहित विभिन्न विधाओं का सहारा लेना पड़ता था। कभी कभी तो गुरु जी के साथी अनावश्यक बहस करते हुए अच्छे और सधे हुए पड़ोसियों की तरह गाली - गलौच पर उतर आते . गुरु जी एक ऐसे भोंदू टाइप के पत्रकार भी थे जिनकी लिखी खबर शायद ही गलती से कोई पढ़ लेता था क्योंकि उनके द्वारा अंग्रेजी में लिखित खबरें प्रायः निरर्थक होती थीं जिसे कोई भी नोटिस में लेता ही नहीं था। गुरु जी अपने को एक तथाकथित पत्रकार बताते हुए कहते थे कि अंग्रेजी में लिखी खबर को भले ही कोई न पढ़े लेकिन लिखने वाले का भौकाल टाईट रहता है। धीरे धीरे गुरु जी के अंतिम संस्कार की तैयारी होने लगी थी। वहां उपस्थित लोग अंतिम संस्कार के लिए परिवार के सदस्यों से विचार विमर्श किये बिना ही किसी ऐसे महानगरी के गंगा तट पर जाना चाहते थे जहां इस कर्मकांड के पश्चात अपने मित्रों से मिलने और शॉपिंग की भी गुंजाइश हो। ऐसी चर्चा के दौरान बीच बीच में रोने धोने की बनावटी लगने वाली आवाज माहौल को विशेष बना रही थी।

अभी गुरु जी के अंतिम संस्कार के लिए तैयारी शुरू होने वाली थी कि उनके एक भूतपूर्व मित्र एक नामी वकील साहब के साथ वहां आ गये जिनके हाथ में कचहरी की फाइल सा कोई कागज था। वकील साहब ने आते ही गुरु जी के परिवार के सदस्यों को बुलाकर जोर जोर से (लगभग चिल्ला कर ) ऐसी सूचना दी कि पूरा माहौल ही बदल गया और लोगों में खुसुर फुसुर शुरू हो गया। इस सूचना से जहाँ एक तरफ शापिंग करने वालों का मंसूबा ध्वस्त हो गया, कुछ अन्य का प्रोग्राम चौपट हो गया तो वहीं दूसरी तरफ गुरु ही के परिवार के सदस्यों ने तो राहत की साँस ली क्योंकि व्यर्थ के क्रिया कर्म में अनावश्यक रूप से खर्च होने वाली धनराशि बच जाएगी। इस बीच वकील साहब ने अपने हाथ में लिए उस महत्वपूर्ण दस्तावेज को पढ़कर सुनाया जिसके अनुसार गुरु जी ने बिना किसी को कुछ बताये 'देहदान ' का संकल्प लिया था। गुरु जी के इस संकल्प ने तो अचानक उन्हें वहां उपस्थित सबकी निगाह में महान बना दिया। क्योंकि गुरु जी को लगभग सभी लोग , विशेष रूप से उनके परिजन और चुनिन्दा मित्र, जीवन भर उन्हें घोंचू, समय का दुश्मन, आलसी और निठल्ला ही समझते रहे। इसी बीच किसी सरकारी अस्पताल का एक जीर्ण अवस्था युक्त एम्बुलेंस लगने वाला वाहन भी आ गया और गुरु जी सशरीर अपनी अनंत यात्रा पर चले गए। इसी बीच गुरु जी के एक ईर्ष्यालु मित्र ने लगभग उन्हें गाली ही देते हुए दुखी मन से चिल्लाकर कहना शुरू कर दिया कि अब मुझे भी देहदान का संकल्प लेना ही पड़ेगा अन्यथा मेरे परिवार वाले मुझे घर से ही भगा देंगे। गुरु जी के मित्र के इस कथन पर वहां उपस्थित कुछ बचे खुचे लोग लगभग ठहाका लगाते हुए अपने गंतव्य की ओर चल दिए। लेखक अवकाश प्राप्त प्रोफेसर और पत्रकार। (ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

## आज का राशिफल

**मेष** : दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**वृष** : संतोष से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

**मिथुन** : मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहे। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**कर्क** : स्वास्थ्य में ताजगी बनने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी।

**सिंह** : सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी।

**कन्या** : अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे।

**तुला** : महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रूकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा।

**वृश्चिक** : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं।

**धनु** : सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी।

**मकर** : अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है।

**कुम्भ** : कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे।

**मीन** : पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

पं0 सुभाष पाण्डेयः हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

# सीएम नीतीश इस्तीफा दे, सत्ता से हो बाहर - कांग्रेस

पत्रकार नगर, खगड़िया,13 जून (तरूणमित्र)। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में राज्य स्तरीय धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम के तहत खगड़िया जिला कांग्रेस कमिटी द्वारा जिला अध्यक्ष डॉ. अविनाश कुमार अविनाश के नेतृत्व में दर्जनों की संख्या में रोजगार कार्यालय जिला नियोजनालय, बलुआही, खगड़िया के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया,जिला अध्यक्ष डॉ. अविनाश कुमार अविनाश ने कहा कि आज बिहार में शिक्षित बेरोजगारो की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है,बेरोजगारी के कारण बिहार से बेरोजगारों का पलायन हो रहा है,युवा बेरोजगार सड़कों पर भटक रहें हैं,लेकिन केन्द्र की मोदी सरकार एवं बिहार में नीतीश सरकार इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है,इस बढ़ती बेरोजगारी के कारण युवाओं में निराशा है।

सरकारी बेरुखी के खिलाफ कांग्रेस पार्टी खगड़िया जिला मुख्यालय के जिला नियोजनालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन और सरकार के विरुद्ध जनआंदोलन का आगाज किया, उन्होंने कहा कि यदि सरकार रोजगार देने में सक्षम नहीं है,तो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अविलंब इस्तीफा दे,और सत्ता से बाहर हो। एआईसीसी के राष्ट्रीय सचिव डॉ. चंदन यादव धरना-प्रदर्शन में उपस्थित हुए उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में बेरोजगारी बड़ी समस्या है,केन्द्र की मोदी सरकार 2014 में सरकार बनने से पूर्व




लोकसभा चुनाव के दौरान वादा किया था,कि भाजपा की सरकार बनने पर केन्द्र सरकार हर साल शिक्षित बेरोजगार युवाओं को दो करोड़ नौकरी देगें,आज मोदी सरकार के 11 साल के कार्यकाल में दो करोड़ भी नौकरी नहीं दे पाए,मोदी सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो चुकी है,तथा केन्द्र सरकार एवं राज्य के नीतीश सरकार के वादा खिलाफी के विरुद्ध जनआंदोलन कर उखाड़ फेंकने के लिए सदन से सड़क तक संघर्ष जारी रहेगा। पूर्व जिला अध्यक्ष कुमार भानु प्रताप उर्फ गुड्डू पासवान ने भी देश एवं राज्य में बेरोजगारी को लेकर एनडीए सरकार पर जमकर हमला बोला और कहा कि आज देश में बेरोजगारी चरम पर है,पढ़े लिखे शिक्षित युवा बेरोजगार नशे का शिकार होकर डिप्रेशन में है,कांग्रेस पार्टी इसको लेकर काफी गंभीर है,हमारे नेता विपक्ष राहुल गांधी ने सदन में कई बार इस मुद्दे को उठा चुके है,लेकिन अभिमान में चुर मोदी सरकार देश में बेरोजगारी के मुद्दे पर कुछ बोलने को तैयार नहीं है।

# जनता दरबार में जिला प्रशासन ने सुनी लोगों की समस्यां, दिये निस्तारण के निर्देश

मोतिहारी, 13 जून (तरूणमित्र)। शुक्रवार को समाहरणालय स्थित डॉ राधाकृष्णनजीजी सभागार, मोतिहारी में आयोजित कार्यक्रम जनता के दरबार में जिला प्रशासन द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 69 आवेदनकताओं की समस्याओं पर जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन राजेश्वरी पांडे की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पदाधिकारी गण के द्वारा सुनवाई की गई। प्राप्त शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए आपदा ने कहा कि आज जो आवेदन प्राप्त हुए हैं उस पर संबंधित पदाधिकारी के स्तर से करवाई कराते हुए शीघ्र ही समस्या का विधिसम्मत निदान सुनिश्चित किया जाएगा। आज



भूमि विवाद, अतिक्रमण वाद, राजस्व विभाग से संबंधित अधिकांश आवेदन प्राप्त हुए जिसके शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश के साथ भेज देने का निर्देश प्रभारी पदाधिकारी जिला जन शिकायत कोषांग को दिया गया। आज के जनता के दरबार कार्यक्रम मे अपर समाहर्ता के साथ वरीय उप समाहर्ता अमरेश कुमार, यशवंत कुमार, निधि कुमारी सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारियों ने जनता दरबार में आए लोगों से मिलकर उनकी शिकायतों का समाधान किया।

# चम्पापुर में ग्राम सभा का आयोजन कर तीन आशा का हुआ चयन

रामगढ़वा, 13 जून (तरूणमित्र)। प्रखंड क्षेत्र के चम्पापुर पंचायत के यूएमएस मनना में मुखिया जायदा खातून की अध्यक्षता में चम्पापुर पंचायत के तीन वार्ड 3,7 व 10 में रिक्त आशा कार्यकर्ता के चयन को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया।

ग्राम सभा के दौरान सर्वसम्मति से वार्ड नम्बर के आशा कार्यकर्ता के रूप में संध्या कुमारी पति राजेश कुमार ,वार्ड नम्बर 7 में पूजा कुमारी पति दीपक कुमार तथा वार्ड नम्बर दस में इंदु कुमारी पति रविन्द्र प्रसाद का चयन किया गया। जानकारी देते हए मुखिया जायदा खातून ने बताया कि आमसभा



का आयोजन प्राथमिक स्वस्थ्य केंद्र द्वारा भेजे गए निर्देश के आलोक में किया गया। जिसके आमसभा का आयोजन कर तीनो वार्ड में शैक्षणिक योग्यता के आधार पर आशा कार्यकताओं को चुना गया। तीनो चयनित आशा कार्यकर्ता ओ की सूची प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ,बीडीओ कार्यालय को भेज दी गयी है।

आम सभा के दौरान ग्रामीण मोसैयब हुसैन, बबलू कुशवाहा, रविन्द्र प्रसाद ,उप मुखिया तारा चंद प्रसाद, वार्ड सदस्य मुश्ताक अहमद ,नौशाद आलम सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# जिप अध्यक्ष संघ की प्रदेश अध्यक्ष ने सौंपा 9 सूत्री मांग पत्र

## जनप्रतिनिधियों के इलाज का खर्च अब उठाएगी सरकार: यादव

पत्रकार नगर,खगड़िया ,13 जून (तरूणमित्र)। जिला परिषद अध्यक्ष सह जिला परिषद अध्यक्ष संघ की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा कुमारी यादव ने गुरुवार को पटना स्थित मुख्यमंत्री सचिवालय के संवाद भवन में आयोजित त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों की बैठक के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की और त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए 9 सूत्री मांग पत्र सौंपा।

मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान कई मांगों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए



महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। श्रीमती यादव ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि 15 लाख तक की योजनाओं का कार्यान्वयन विभागीय स्तर पर किया जाए जिससे कार्यों में तेजी लाई जा सके।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सभी सदस्यों के मानदेय में डेढ़ गुना वृद्धि का आश्वासन दिया। अब जिला परिषद से जुड़े सभी वित्तीय लेनदेन की संचिका जिप अध्यक्ष के अनुमोदन से ही आगे बढ़ेगी। मनरेगा योजना में मुखिया को मिलने वाली योजना अनुशंसा की सीमा को 5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख कर दिया गया है। वहीं, यदि किसी पंचायत जनप्रतिनिधि की कार्यकाल के दौरान स्वाभाविक या आकस्मिक मृत्यु होती है, तो उनके आश्रितों को 5 लाख रुपये का अनुग्रह अनुदान दिया जाएगा। इससे भी बड़ी राहत की बात यह है कि अब कोई भी पंचायत जनप्रतिनिधि यदि बीमार पड़ते हैं, तो मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष से उनके इलाज का पूरा खर्च सरकार वहन करेगी। श्रीमती कृष्णा कुमारी यादव ने बताया कि यह बैठक उनके विशेष आग्रह पर संभव हो सकी। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधि और राज्य के सभी जिप अध्यक्ष के साथ बैठक करने के लिए तिथि सुनिश्चित करने हेतु 30 मई को ही मुख्यमंत्री को पत्र संघ के अध्यक्ष की हैसियत से भेजकर इस बैठक के लिए अनुरोध किया था।जिसके आलोक में मुख्यमंत्री बीस शिष्टमंडल के साथ बैठक किया।

बैठक के दौरान कृष्णा कुमारी यादव ने अपना विचार रखते हुए कहा कि देश में विकास का तीन स्तर है, जिसमें पंचायत, राज्य और केंद्र का संवैधानिक व्यवस्था। पर पंचायती राज व्यवस्था को समाप्त किया जा रहा है।

# मानदेय वृद्धि को ले टकटकी लगाए बैठे हैं ग्राम कचहरी सचिव

बेलदौर खगड़िया ,13 जून (तरूणमित्र)। गांधी जी का सपना था गांव का विवाद गांव में ही निपटारा हो इसको लेकर बिहार सरकार ने उनके सपने को साकार करने के लिए ग्राम कचहरी की स्थापना की गई सभी कचहरी के सफल संचालन को लेकर 2007 में कचहरी सचिव एवं न्याय मित्र का मेधा सूची के आधार पर नियोजन किया सरपंच के सहयोग से विवादों का निपटारा गांव में ही किया जा रहा है लोगों को सस्ता एवं सुलभ न्याय गांव में मिल रहा है इधर ई ग्राम कचहरी लगने के आदेश बाद से प्रत्येक सप्ताह की मंगलवार एवं शुक्रवार को सभी ग्राम कचहरी में साप्ताहिक बैठक का भी आयोजन किया जा रहा है लेकिन सरकार ग्राम कचहरी सचिव एवं न्याय मित्र के मानदेय वृद्धि को लेकर गंभीर नहीं है न्याय सचिव संघ के प्रदेश संयोजक अभय कुमार सिंह ने बिहार सरकार के मंशा पर सवाल खड़ा करते हुए कहा सचिव के साथ सरकार सौतेला व्यवहार कर रही है उन्होंने कहा नियोजन होने के 18 वर्ष बाद भी सचिवों को मानदेय 6 हजार रुपए प्रतिमाह दे रही है जो न्यूनतम मजदूरी से कम है उन्होंने सरकार से 30 हजार रुपए मानदेय देने की मांग की कहा ग्राम स्तर पर सस्ती एवं सुलभ न्याय गिराने में ग्राम कचहरी सचिव की अहम भूमिका निभा रही है बावजूद सरकार सौतेला व्यवहार कर रही है उन्होंने बताया मांगों को पूरा करने के लिए कई बार बिहार विधानसभा में आवाज भी विधायकों द्वारा उठाई गई बावजूद पहल नहीं की गई अंत में थक हार कर अधिकार की लड़ाई के लिए चरणबद्ध आंदोलन करने की चेतावनी दिया।

# राजस्व से संबंधित कार्यों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित

मोतिहारी, 13 जून (तरूणमित्र)। मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग संजय सरावगी की अध्यक्षता में पूर्वी चंपारण समाहरणालय मोतिहारी स्थित डॉ राजेंद्र प्रसाद सभागार में राजस्व से संबंधित कार्यों की समीक्षात्मक बैठक संपन्न हुई। समीक्षा के दौरान मंत्री ने कहा कि राजस्व विभाग के सभी अधिकारी जनता के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पूरी पारदर्शिता एवं जवाबदेही से निर्धारित समयावधि में विभागीय प्रावधान एवं नियमों के अनुरूप प्राप्त आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित करें। अंचल अधिकारी अपने कार्यालय में लोगों से मिलने के लिए प्रतिदिन समय निर्धारित करें, कार्यालय के सामने उसका बोर्ड लगाए एवं निर्धारित अवधि के दौरान कार्यालय में उपस्थित रहें ताकि लोगों को मिलने में कोई परेशानी नहीं हो। उन्होंने यह भी कहा कि पदाधिकारी



बातचीत के दौरान आम जन से शिष्टाचार का अनुपालन जरूर करें। जनता का फोन उठाएं और उनकी जरूरतों का समाधान करें। मंत्री ने कहा कि राजस्व विभाग की व्यवस्था पूरी पारदर्शी बनाई गई है, अब कुछ भी छिपने वाला नहीं है इसलिए पदाधिकारी अपने कार्यों पर फोकस करें। समीक्षा बैठक में म्यूटेशन, परिमार्जन प्लस, दाखिल-खारिज, लगान वसूली, ई-मापी, अभियान बसेरा-2 , सरकारी भूमि का म्यूटेशन , जनशिकायत सहित कई अन्य कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान पाया गया कि पूर्वी चंपारण जिला को अप्रैल माह के रैंकिंग में पूरे बिहार में ओवरऑल तीसरा रैंक प्राप्त हुआ है वहीं चकिया डीसीएलआर को पूरे राज्य में पहला स्थान हासिल हुआ है। केसरिया के अंचल अधिकारी को राज्य में छठा, छौरादानो के अंचल अधिकारी को राज्य में 11वां, कल्याणपुर अंचलाधिकारी को राज्य में 23वां, तेतरिया के अंचल अधिकारी को राज्य में 33 वा, तुरकौलिया को 34 वा तथा मेहसी को 50 वां स्थान प्राप्त हुआ है।

राज्य के सभी अंचलों को मिलाकर ऊपर से 50 स्थान पाने वालों में पूर्वी चंपारण के सात अंचल अधिकारी शामिल हैं। मंत्री ने बेहतर कार्य करने के लिए जिला प्रशासन के कार्यों एवं की उपलब्धि की प्रशंसा की। मंत्री ने केसरिया, कल्याणपुर, तेतरिया के अंचलाधिकारी की कार्यप्रणाली, उपलब्धि, स्टेट रैंकिंग में बेहतर स्थान को सराहनीय बताते हुए अन्य अंचल के अंचलाधिकारी एवं राजस्व अधिकारी को अनुकरण करने को कहा ताकि सभी अंचल के कार्य की गुणवत्ता एवं निष्पादन में अपेक्षित सुधार हो।

# सड़क एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य का अर्चना ने किया उद्घाटन

पत्रकार नगर ,खगड़िया, 13 जून (तरूणमित्र)। नगर परिषद खगड़िया क्षेत्र के वार्ड संख्या- 12 अंतर्गत मालगोदाम रोड में करीब 19 लाख की लागत राशि पीसीसी सड़क एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य का उद्घाटन नगर सभापति अर्चना कुमारी के द्वारा किया गया।उद्घाटन के बाद नगर सभापति अर्चना कुमारी ने कहा कि शहर के मुख्य बाजार में से एक मालगोदाम में सड़क एवं नाले का उद्घाटन किया गया। मालगोदाम रोड में नाली नहीं



होने से बरसात के दिनों में भी लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता था।

सड़क एवं नाली निर्माण के बाद लोगों को अब काफी फायदा मिलेगा एवं आवागमन में आसानी होगी।कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय वार्ड पार्षद सरिता देवी एवं वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अक्षय कुमार ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षक नेता मनीष कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि शबनम जबीन, उपसभापति प्रतिनिधि मोहम्मद शहाबुद्दीन, सभापति प्रतिनिधि ज्योतिष मिश्रा, वार्ड पार्षद पप्पू यादव, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि विक्की कुमार, वार्ड पार्षद गुलशन कुमार, अनिल सहनी, राजू गुप्ता, बृजेश सिंह, इंजीनियर अजय कुमार, पंकज कुमार, सोनू मालाकार, शंभू साह, रौनक साहनी, शुभम गुप्ता, अमर सहनी, विशाल सहनी, आनंद यादव, कैलाश पोद्दार, सुमित कुमार, बमबम, राजा सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

# राज्य को बाल श्रम मुक्त बनाने की दिलायी शपथ

बेलदौर, खगड़िया,13 जून (तरूणमित्र)। विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के मौके पर गुरुवार को बेलदौर थाना में पुलिस कर्मी यो एवं पदाधिकारी को शपथ दिलाई गई इसके तहत गोगरी इंस्पेक्टर सुरेंद्र पासवान ने मौजूद पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों को राज्य को बाल श्रम मुक्त बनाने के लिए पूरी ईमानदारी उत्तरदायित्व के साथ कार्य करूंगा बाल श्रम का ना समर्थन करूंगा ना इसे बढ़ावा दूंगा इसके लिए मैं अपने व्यक्तिगत ध्यान रखूंगा 14 वर्ष से कम आयु वाले किसी भी बच्चे से बाल श्रम नहीं करने दूंगा इस दौरान मौके पर मौजूद थाना अध्यक्ष परशुराम सिंह ने विश्व बाल श्रम निषेध दिवस को लेकर ईट भट्ठा, होटल, ढावा संचालकों पर बाल श्रमिक नहीं रखने तथा बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए प्रेरित करने की अपील किया।

उन्होंने बताया बाल श्रमिक नियोजित करने वाले पर नियोजन मलिक पर न्यूनतम 20 हजार



से 50 हजार रुपए तक जुमार्ना किया जा सकता है अथवा 6 माह से 2 वर्ष तक कारावास हो सकता है।

इस दौरान मौके पर एस आई पवन कुमार, रणवीर राजन, पीएसआई राहुल कुमार, चंद्रभूषण सिंह समेत बेलदौर थाना के पुलिस बल, चौकीदार, दफादार मौजूद थे।

# बाढ़ क्षेत्र में पंचायत स्तर के पदाधिकारी रहेंगे मौजूद - जिलाधिकारी

बेलदौर, खगड़िया, 13 जून (तरूणमित्र)। बाढ़ पूर्व तैयारी का जायजा लेने शुक्रवार को नव पदस्थापित जिला पदाधिकारी नवीन कुमार ने बेलदौर प्रखंड क्षेत्र के जमीदारी बांध के अंदर बसे कोसी नदी किनारे तेलीहार पंचायत के बाना मौड़, बारूण एवं गाधीं नगर के समीप पहुंचे। जहां कोसी कटाव के रोकथाम को लेकर बाढ़ प्रमंडल 2 के द्वारा करवाए गए कटाव निरोधी कार्य का जायजा लिया। बताते चलें कि तेलीहार पंचायत के बना मोड़ के समीप 650 मी फ्लड फाइटिंग का कार्य चल रहा है। जिसे बाढ़ आने से पहले करने का निर्देश दिया। मालूम हो कि उक्त स्थल पर एमएसए कंट्रक्शन कोलकाता के द्वारा कटावनिरोधक कार्य चल रहा है। जिसे बाढ़ आने से पहले पूरा करने का निर्देश दिया।

वही काम में लापरवाही बढ़ते जाने पर कार्य स्थल पर मौजूद पदाधिकारी बक्से नहीं जाएंगे। वहीं जिला अधिकारी नवीन कुमार ने कहा कि मजदूरों की कमी को देखते हुए मजदूरों को बढाएं जाने का निर्देश दिया, ताकि बाढ पूर्व काम हो सके। वही बरुण गांव



के समीप बोल्डर बैंड बाय का कार्य का जायजा लिया। वही काम में लापरवाही को देखते हुए निर्देश दिया कि जल्द से जल्द कार्य पूरा करें। उसी दौरान जिला अधिकारी ने कहा कि बाढ़ क्षेत्र में पंचायत स्तर के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे नहीं तो कार्यवाही की जाएगी। जबकि चिलचिलाती धूप में गांधीनगर इतमादी पहुंचकर कटाव निरोधक कार्य का जायजा लिया।

मौके पर सदर एसडीओ धनंजय कुमार, गोगरी एसडीओ सुश्री सुगंधा कुमारी, डीटीओ विकास कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी सतीश कुमार, अंचलाधिकारी अमित कुमार, एस आई रणवीर कुमार राजण समेत फ्लड फाइटिंग के स्कूटी एवं कर्मी मौजूद थे।

## कोसी नदी किनारे अवैध खनन में लगे जेसीबी ट्रैक्टर जप्त

बेलदौर (खगड़िया)। शुक्रवार को जिलाधिकारी नवीन कुमार अपने अधीनस्थ पदाधिकारी के साथ बांध का जायजा लेने पहुंचे थे डीएम जब चौढली जमींदारी बांध के बारुण के समीप पहुंच तो कोसी नदी किनारे अवैध खनन कर रहे जेसीबी और ट्रैक्टर को देख भड़क गए मौके पर मौजूद बेलदौर सीओ अमित कुमार को खनन में लगे जेसीबी एवं ट्रैक्टर को जप्त करने का निर्देश दिया डीएम के निर्देश बाद बेलदौर सीओ अमित कुमार, एस आई रणवीर कुमार राजन ने अवैध खनन में लगे जेसीबी एवं ट्रैक्टर को जप्त कर लिया जेसीबी ट्रैक्टर जप्त होने के बाद से अवैध खनन करने वालों में हड़कंप मच गया है उल्लेखनीय हो कि कोसी नदी किनारे डुमरी पनसलवा घाट, पश्चिमी तेलीहार घाट पर अवैध खनन की जा रही है जिस नदी की धारा परिवर्तन होने का आशंका जाहिर किया जा रहा है

## संक्षिप्त समाचार

### पीरनगरा मुखिया ने घायल व्यक्ति को करवाया भर्ती

बेलदौर ,खगड़िया,13 जून (तरूणमित्र)। अज्ञात वाहन की ठोकर से एक बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया था और खून से लथपथ पथ किनारे तरप रहा था घटना की सूचना मिलते हैं पीरनगरा मुखिया मंजू देवी ने मानवता का मिसाल पेश करते हुए गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को अपने निजी वाहन से इलाज के लिए बेलदौर सीएससी में भर्ती करवाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गंभीर रुप से घायल मरीज को एंबुलेंस नहीं मिलने बाद मुखिया ने निजी वाहन से मधेपुरा मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया जहां इलाज जारी है जानकारी के मुताबिक बुधवार की देर रात को एन एच 107 पीरनगरा गांव के समीप सुपौल जिला के राघोपुर थाना क्षेत्र के जहलीपट्टी गांव के अरविंद वर्मा जो बाइक से बरौनी से अपने घर जा रहा था। इसी दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आने से अरविंद वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए जिसे मुखिया के पहलवान राजद नेता कृष्ण कुमार यादव ने इलाज के लिए बेलदौर सीएससी में भर्ती करवाया वहीं चिकित्सकों द्वारा रेफर करने बाद मेडिकल कॉलेज मधेपुरा ले जाकर भर्ती करवाया जहां इलाजरत है

### सांप ने युवक को काटा, रेफर

बेलदौर, खगड़िया,13 जून (तरूणमित्र)। बाढ बरसात का दौर शुरू हो चुका है इस दौरान सर्पदंश की घटनाएं बढ़ती जा रही है गुरुवार सुबह को थाना क्षेत्र के बोबील पंचायत अंतर्गत सिकंदरपुर गांव के अजय सिंह के पुत्र भास्कर कुमार को कुछ समय विषैला सर्प ने हाथ में डस लिया जब वह खेत में मक्का की बाली को समेट रहा था हाथ में सांप काट लिया विषैला सर्प डसने से युवक बेहोश हो गया परिजनों ने आनन-फानन में इलाज के लिए बेलदौर सीएचसी में भर्ती करवाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया जहां स्थिति चिंताजनक बनी हुई है उल्लेखनीय हो कि बीते माह में भी थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव में लगभग एक दर्जन लोगों को विशैला सर्प कट चुका हैबेलदौर सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मुकेश कुमार ने बताया सर्प काटने के आधे घंटे का समय बहुत महत्वपूर्ण होता है जल्द से जल्द सर्प दंश के मरीज को हॉस्पिटल में भर्ती करवाना चाहिए बेलदौर सीएससी में पर्याप्त मात्रा में भाइल उपलब्ध है।

### बाढ़ पीडित इलाके का जिलाधिकारी ने किया दौरा

बेलदौर,खगड़िया,13 जून (तरूणमित्र)। जिलाधिकारी नवीन कुमार ने अपने टीम के साथ बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा करने सुदुर ग्रामीण क्षेत्र तेलिहार पंचायत के बाना मोड़ का जायजा लिया वहीं फ्लड फाईट चार्ज का निरीक्षण के दौरान मानसून आने से पूर्व कार्यो को अंजाम तक पहुंचाने का निर्देश स्थल पर मौजुद संबंधित अधिकारियों को दिया । जिलाधिकारी ने जमिनदारी वांध,इतमादी पंचायत के बारुण में बाढ़ क्षेत्र में रह रहे ग्रामीणों से भी रु-ब-रु हुए । जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से वार्ता के वाद अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए । मौके पर आलाधिकारी व अधिकारी मौजुद दिखे ।

### एक दिवसीय जॉब कैंप का आयोजन

पूर्वी चम्पारण,13 जून (तरूणमित्र)। जिला नियोजनालय के कैंपस में दिनांक - 14.06.2025 को प्रातः 11:00 बजे एक दिवसीय जॉब कैंप सह कैरियर मार्गदर्शन कैम्प का आयोजन किया जा रहा है इस जॉब कैम्प में सत्या माइक्रो कैपिटल लिमिटेड* द्वारा भाग लिया जाएगा और अभ्यर्थियों का चयन एग्जीक्यूटिव* पद के लिए किया जाएगा। विभिन्न पदों के लिए योग्यता 12वीं पास एवं बाइक और ऊ्छ आवश्यक है, उम्र पुरुष 20-32 वर्ष निर्धारित है।जॉब का कार्यस्थल बिहार के विभिन्न जिला में होगा और मानदेय 18827 से 20901 निर्धारित किया गया है। साथ ही साथ अन्य सुविधाएं भी दी जाएगी *जैसे आवास, मेस, फ्यूल, इनसेंटिव,पीएफ,मेडिकल, बोनस, इंश्योरेंस, ग्रैजुएटी इस जॉब कैंप मे कुल - 150 रिक्त पदों पर भर्ती किया जाना है। अभ्यर्थी अपने रिज्यूम बॉयोडाटा, मूल प्रमाणपत्रों, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, फोटो के साथ जिला नियोजनालय के कैंपस में रोजगार कैम्प में प्रातः 11:00 उपस्थित हो सकते हैं।

### अलग-अलग गांव से दो शराबी गिरफ्तार

बेलदौर (खगड़िया),13 जून (तरूणमित्र)। बेलदौर पुलिस ने दो अलग-अलग गांव में शराब पीकर उत्पाद मचा रहे दो शराबी को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत के लिए भेज दिया गिरफ्तार शराबियों मे कैहरमंडल टोला पुरुषोत्तम कुमार वे शराब के नशे में धुत होकर पत्नी के साथ मारपीट कर रहा था पत्नी ने टोल फ्री 112 पुलिस पदाधिकारी को इसकी सूचना दी सूचना मिलते ही टोल फ्री 112 के पुलिस पदाधिकारी ने आरोपित शराबी को गिरफ्तार कर लिया वहीं दूसरी ओर डुमरी गांव के विश्वकर्मा शर्मा शराब के नशे में धुत होकर एक व्यक्ति के यहां बकाया रुपया देने की मांग कर रहा था जिसकी सूचना टोल फ्री नंबर 112 के पुलिस पदाधिकारी को दी और पुलिस ने शराबी को गिरफ्तार कर लिया थानाध्यक्ष परशुराम सिंह ने बताया गिरफ्तार दो शराबी को न्यायिक हिरासत के लिए भेज दिया गया है

# डीआरडीए सभागार में सप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन

## 111 लोगों की समस्या के निराकरण का डीएम ने किया गया प्रयास

**सासाराम, 13 जून (तरूणमित्र)**। जिला पदाधिकारी रोहतास, उदिता सिंह ने शुक्रवार को सप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन डीआरडीए सभागार में किया गया। जिसमें कुल 111 व्यक्ति जिले के विभिन्न प्रखंडों से अपनी समस्याओं को लेकर जनता दरबार में उपस्थित हुए थे। डीएम उदिता सिंह ने सभी 111 लोगों की समस्याओं को बारी बारी से ध्यानपूर्वक सुना एवं त्वरित सुनवाई व कार्रवाई हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों के पास मामले को निष्पादित करने के लिए भेजा और कुछ मामले को ऑन द स्पॉट निष्पादित भी किया गया।

जनता दरबार में अपर समाहर्ता, सह-अपर जिला दंडाधिकारी, रोहतास, सासाराम, जिला बंदोबस्ती पदाधिकारी, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, निदेशक, डीआरडीए, रोहतास विशेष कार्य पदाधिकारी, रोहतास, सासाराम एवं प्रभारी पदाधिकारी, लोक शिकायत अनुश्रवण कोषांग-सह-महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, रोहतास, सासाराम एवं जिला मुख्यालय स्थित सभी विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारियों एवं जिले के सभी अंचल अधिकारियों के द्वारा भाग लिया गया। उक्त जनता दरबार में कुल-111 (एक सौ ग्यारह) व्यक्ति उपस्थित हुये। जिन्हें विषयवार, विभागवार यथा-राजस्व, विकास एवं अन्य विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं, शिकायतों को अलग-अलग पंक्तियों में बैठाकर सभी आवेदकों से जिला पदाधिकारी, रोहतास, सासाराम के द्वारा जिला स्तरीय सभी पदाधिकारियों के साथ एक-एक करके सभी आवेदकों से साक्षात्कार करते हुये उनके फरिवादों, समस्याओं को सुना गया तथा उनसे प्राप्त आवेदन पत्रों पर त्वरित



निष्पादन करने हेतु संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक निदेशों के साथ तत्काल कार्रवाई करने हेतु हस्तगत करा दिया गया।लोक साक्षात्कार के समय ही शिकायत एवं समस्याओं के समीक्षोपरान्त ऐसे आवेदन पत्रों को जिसमें लोक शिकायत निवारण अधिनियम (पीजीआरओ) के तहत सुनवाई के योग्य थे, वैसे आवेदको के शिकायतों एवं समस्याओं की सुनवाई करते हुये नियमानुसार त्वरित निष्पादन करने का निदेश के साथ संबधित लोक शिकायत निवारण पदाधिकारियों यथा-सासाराम, विक्रमगंज एवं डिहरी को जनता दरबार में ही हस्तगत करा दिया गया। सभी प्राप्त आवेदन पत्रों के निष्पादन कराये जाने हेतु ऑन लाईन कराया गया तथा संबंधित लोक शिकायत निवारण पदाधिकारियों के द्वारा पंजियन की कार्रवाई भी प्रारम्भ करा दिया गया ताकि आवेदनकताओं के द्वारा अपने आवेदन पत्रों पर किये गये कार्रवाईयों के बारे में अद्यतन जानकारी प्राप्त किया जा सके।

इसके अतिरिक्त कुछ आवेदकों के आवेदन पत्रो यथा बेचन साह पिता स्व० रामबचन साह, ग्राम-पो०-पिपरा (मर्दन राय) थाना-कगहर, जिला-रोहतास, के द्वारा घर बनाने से रोकने, अवैध कब्जा करने से संबधित आवेदन पत्र को अचल अधिकारी, करगहर एवं थानाध्यक्ष करगहर को भेजा गया, श्रीमती सबिता देवी ग्राम- सोनाडीह, पो०-बभनी, जिला-रोहतास के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना में सूची में नाम दर्ज करने संबंधी आवेदन पत्र को प्रखंड विकास पदाधिकारी, करगहर को, आकाशदीप गुप्ता, अध्यक्ष, जीव रक्षक, एनीकट, डिहरी का आवेदन पत्र सामाजिक कार्य यथा-गौ सेवा एवं अन्य पशुओं के आवासन एवं उपचार करने हेतु भूमि आवंटन हेतु अंचल अधिकारी, डिहरी एवं भूमि सुधार उप समाहर्ता, डिहरी को भेजा गया।

# जाम की समस्या से निजात दिलाने में व्यस्त दिखे एसडीएम

**बिक्रमगंज (रोहतास), 13 जून (तरूणमित्र)**। नो एंट्री के बाद धड़ल्ले से वाहनों के शहर में प्रवेश से अजीज आकर अनुमंडल पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी विक्रमगंज के द्वारा सड़कों पर उत्तर भारी वाहनों पर नकेल कसते हुए जुमार्ने की राशि काटी गई। बिक्रमगंज में नो एंट्री के बाद यह अक्सर देखा जाता रहा है कि भारी वाहन चौक से पार कर अलग-अलग मार्गो में प्रवेश कर जाते हैं जिस पर तरह-तरह की चर्चा होते रहती है।

अक्सर मिलने वाले इस तरह के शिकायत पर अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा स्वयं दोपहर में डेहरी रोड बिक्रमगंज रेलवे क्रॉसिंग एवं धारूपुर के बीच में जांच अभियान के तहत कई वाहनों को नो एंट्री में प्रवेश के लिए जुमार्ने की राशि काटी गई। शुक्रवार को दोपहर में अनुमंडल पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा इस तरह के अभियान से जहां लोगों ने प्रशासन की सराहना की तो वहीं लाइनर परेशान दिखे।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**सासाराम, 13 जून (तरूणमित्र)**। नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल जमुहार, रोहतास के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग द्वारा शुक्रवार को परिवार अंगीकरण कार्यक्रम 2023 -24 से आच्छादित गांव चांदी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। फैमिली एडॉप्शन प्रोग्राम मे निहित प्रावधान के आलोक में सामुदायिक औषधि विभाग द्वारा ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सह प्रशिक्षण केन्द्र अंकोढीगोला के आच्छादित चांदी में गाँव में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य अंगीकृत परिवारों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाना और समुदाय के स्वास्थ्य स्तर को बेहतर करना है। उक्त शिविर में 43 लोगों के स्वास्थ्य जांच की गई। निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत वजन जांच, रक्तचाप माप, रक्त शर्करा जांच , हिमोग्लोबिन जांच तथा निःशुल्क दवाईयां वितरित की गई।गंभीर रोगी को नारायण चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल में रेफर किया गया।इस स्वास्थ्य शिविर का नेतृत्व एवं निरीक्षण सामुदायिक चिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. निपेंद्र आनंद के द्वारा किया गया ।चिकित्सा शिविर का संचालन, सहायक प्राध्यापक श्वेता सुमन. डॉ भरत , डॉ.अपर्णा डॉ. शुभम ने किया। इसके के साथ ही 2020-21 बैच के इंटर्न ने भी इस शिविर में सक्रिय भागीदारी निभाई और ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की। उल्लेखनीय है कि ग्रामीण सह पैक्स अध्यक्ष,चांदी एवं अन्य प्रतिनिधियों के द्वारा शिविर व्यवस्था में सक्रिय सहयोग प्रदान किया गया।

# प्रधानमंत्री की सीवान में सभा को लेकर एनडीए नेताओं की हुई बैठक

**गोपालगंज, 13 जून (तरूणमित्र)**। गोपालगंज जिला अतिथि गृह में जनता दल (यू.) के प्रदेश महासचिव सह कार्यालय प्रभारी चंदन कुमार सिंह का भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया. जदयू जिला अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष आदित्य शंकर शाही ने उन्हें पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया. इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक रामसेवक सिंह तथा पूर्व विधायक मंजीत सिंह ने भी मां थावे वाली की चुनरी भेंट कर अतिथि का अभिनंदन किया.



बैठक के दौरान चंदन कुमार सिंह ने आगामी 20 जून को सिवान जिले के पचरुखी प्रखंड के ग्राम जसौली में आयोजित होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा की तैयारी को लेकर सभी जदयू पदाधिकारियों को अहम दिशा-निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि सभी विधानसभा प्रभारी, प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष, जिला कमिटी सदस्य एवं सभी प्रखंड अध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाकर आमंत्रण पत्र के माध्यम से लोगों को सभा में शामिल होने के लिए प्रेरित करें. इसी क्रम में पूर्व विधायक मंजीत सिंह के नेतृत्व में बैकुंठपुर विधानसभा अंतर्गत खजुरिया गांव में एक सभा का आयोजन किया गया. जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया. उपस्थित जनता ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अपना भरोसा जताते हुए 20 जून की सभा में भारी उपस्थिति का संकल्प लिया.जदयू जिला अध्यक्ष आदित्य शंकर शाही ने सभी कार्यकताओं से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाएं और आगामी सभा को ऐतिहासिक बनाएं।

## अवैध केंदु पत्ता के साथ चार ट्रैक्टर जब्त

**नौहट्टा, 13 जून (तरूणमित्र)**। रोहतास चुटिया के पास खुखमा घाटी मे शुक्रवार को वन विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लाखो का केंदू पत्ता लदा चार ट्रैक्टर को शुक्रवार की सुबह मे जप्त किया है। बताया गया डीएफओ के निर्देश पर एसीएफ राजीव कुमार ने रात मे छापामारी की ।जानकारी के अनुसार सासाराम मंडल की टीम एसीएफ राजीव कुमार के नेतृत्व मे गुप्त सूचना पर चार बजे भोर मे स्थानीय वन विभाग के कर्मियों के बगैर सूचना दिए चुटिया पहुंच गयी।अंधेरे मे ही खुखमा घाटी चढना शुरू कर दी। टीम जब आधा जंगल पहुंच गयी तब उपर से चार ट्रैक्टर केंदू पत्ता लदा हुआ आते देखा। वन विभाग की टीम को देख ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोडकर भाग गये।गाड़ी जब्त करने के बाद स्थानीय वन विभाग के कर्मियों को सूचना देकर बुलाया गया।कर्मियों के मदद से चारो ट्रैक्टर को रेंज कार्यालय रोहतास करीब बारह बजे दिन मे लाया गया। अज्ञात के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गयी।

# डीएम के जनता दरबार में सुनी गई फरियाद

**गोपालगंज, 13 जून (तरूणमित्र)**। जिला पदाधिकारी पवन कुमार सिन्हा के निदेर्शानुसार समाहरणालय के कौशल विकास सभा कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया. इस क्रम में निदेशक डीआरडीए -सह-लोक जन शिकायत के नोडल पदाधिकारी राकेश चौबे और निदेशक राष्ट्रीय नियोजन कार्यक्रम बैजू मिश्रा की उपस्थिति में जनता दरबार में आए हुए लोगों की समस्याओं की सुनवाई की गई.जिला पदाधिकारी के निदेर्शानुसार उपस्थित पदाधिकारी गणों द्वारा जनता दरबार में आए हुए सभी व्यक्तियों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना गया.



इसमें अतिक्रमण, रास्ते की भूमि अतिक्रमित कर रास्ता बंद करने, पारिवारिक विवाद, भू-मापी, स्वच्छता पर्यवेक्षक चयन में अनियमितता, सफाई कर्मी की लंबित वेतन भुगतान, दाखिल खारिज सुधार संबंधित शिकायत, खतियानी भूमि से बेदखल करने, वृद्धावस्था पेंशन रुक जाने की समस्या और जमीन अतिक्रमण हटाने संबंधी समस्याओं की शिकायत से संबंधित विभिन्न मामलों में पदाधिकारी गणों द्वारा सुनवाई कर त्वरित कार्रवाई एवं निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया. विभिन्न मामलों में संबंधित आवेदकों को विधिक सलाह देकर उचित न्यायालय में जाने की सलाह दी गई. वहीं कुछ आवेदन को संबंधित पदाधिकारियों को व्हाट्सएप के माध्यम से भेजते हुए त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया. लोक जन शिकायत में अपनी समस्याओं के साथ मिलने वालों में रुक्मिणी देवी संसार बतरिया प्रखंड भोरे ,संदीप दीक्षित चमारी पट्टी प्रखंड फुलवरिया, नागेंद्र प्रसाद मैनपुर प्रखंड गोपालगंज, राजकुमारी देवी कुचायकोट, शकीला बेगम रामपुर जीवधर प्रखंड कुचायकोट, अवध किशोर सिंह सेमरिया प्रखंड पंचदेवरी, ध्रुव सिंह बनकटा प्रखंड पंचदेवरी ,विपत मिया भोजपुरवा छवहीं तक्की प्रखंड माझा, रामाशीष साह कांदगोपी प्रखंड हथुआ, मनोज मिश्रा एवं अन्य नरैनिया प्रखंड हथुआ, पूजा कुमारी खोरमपुर खुर्द मोहम्मदपुर, यूनुस शाह देवापुर प्रखंड माझा, रूबी देवी मोहनपुर प्रखंड बरौली ,नमसुल हक पठान पट्टी प्रखंड माझा, हीरा प्रसाद हजियापुर प्रखंड गोपालगंज, रामानंद पासवान सिहोरवा प्रखंड थावे ,बिंदु देवी हरखुवां प्रखंड गोपालगंज, मंजूर आलम बिशुनपुर प्रखंड बरौली,विजय शंकर सिंह हकाम प्रखंड सिधवलिया और सुनील राय करसघाट प्रखंड सिधवलिया आदि आवेदन कर्ता शामिल थे।

जिला पदाधिकारी के निर्देश पर जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी की टीम के माध्यम से जनता दरबार में आए हुए सभी आवेदकों का इलेक्ट्रॉनिक डेटाबेस तैयार करा कर जनता दरबार की वेबसाइ पर अपलोड कराया गया. जनता दरबार में आए हुए आवेदकों को रिसीविंग भी दी गई।

# घर से टहलने निकले एक युवक का मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

**सासाराम, 13 जून (तरूणमित्र)**। रोहतास जिले के शिवसागर थाना क्षेत्र अंतर्गत खैरा गांव में शुक्रवार की सुबह एक डिलीवरी बॉय का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान शिवसागर थाना क्षेत्र के मचवार गांव निवासी राजेंद्र पाण्डेय के पुत्र राकेश कुमार पाण्डेय के रूप में हुई है और पुलिस ने फिलहाल शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया है।बताया जाता है कि शुक्रवार की सुबह कुछ ग्रामीण अपनी खेतों की तरफ जा रहे थे तभी अचानक उनकी नजर सड़क किनारे खेत में पड़े एक शव पर पड़ी। शव मिलने की सूचना आसपास के इलाकों में तेजी से फैल गई और घटनास्थल पर स्थानीय ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। वहीं ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची शिवसागर थाने के पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

परिजनों ने बताया कि युवक शुक्रवार की सुबह घर से टहलने निकला था, लेकिन तभी ग्रामीणों द्वारा खैरा मचवार गांव के समीप एक खेत में राकेश पाण्डेय के शव पड़े होने की सूचना दी गई। उन्होंने बताया कि राकेश पाण्डेय अमेजॉन कंपनी में सुपरवाइजर का कार्य करता था और कंपनी से एक दिन की छुट्टी ली थी। घटना की सूचना मिलते हीं सदर डीएसपी वन दिलीप कुमार एवं शिवसागर थानाध्यक्ष रितेश कुमार सिंह ने सदर अस्पताल पहुंचकर परिजनों से पूछताछ की। डीएसपी ने बताया कि मृतक की पहचान मचवार गांव निवासी राजेंद्र पाण्डेय के 28 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार पाण्डेय के रूप में हुई है और पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# लाभुकों के खाते में राशि भेजी गई

**गोपालगंज, 13 जून (तरूणमित्र)**। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कर कमलों द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभार्थियों के खाते में मई 2025 की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई।

इस कार्यक्रम के निमित्त सामाजिक सुरक्षा निदेशालय समाज कल्याण विभाग द्वारा पटना में आयोजित कार्यक्रम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाहरणालय सभा कक्ष में जिला पदाधिकारी पवन कुमार सिन्हा द्वारा अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन सादुल हसन, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी प्रशांत अभिषेक, सहायक निदेशक जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग गोपालगंज-सह- बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रशांत मिश्रा, वरीय उप समाहर्ता अजय कुमार के साथ सैकड़ों की संख्या में उपस्थित सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभार्थियों सहित हस्तानांतरण कार्यक्रम में शामिल हुए. संबंधित कार्यक्रम में सामाजिक सुरक्षा निदेशालय अंतर्गत संचालित सभी पांच सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं यथा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी विधवा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तता पेंशन योजना, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना एवं बिहार निशक्तता पेंशन योजना के कुल 6129548 लाभार्थियों के खाते में माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कर कमलों द्वारा माह मई 2025 की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित कर लाभार्थियों को लाभ पहुंचाया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी पांच सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभार्थीगण के मोबाइल में डीबीटी के पश्चात उनके खाते में पैसा आने का मैसेज प्राप्त हुआ. लाभार्थियों ने माननीय मुख्यमंत्री द्वारा डीबीटी के माध्यम से अपने खाते में पेंशन की राशि पाकर मोबाइल मैसेज दिखाते हुए प्रसन्नता व्यक्त की . ज्ञात हो कि आज दिनांक 13 जून 2025 को माननीय मुख्यमंत्री ने बिहार निःशक्तता पेंशन योजना अंतर्गत गोपालगंज के 20631 लाभार्थियों को कुल 82 लाख 52हजार 400 रुपए धनराशि प्रदान की।

## 22 को कोनार आयेंगे जन सुराज प्रमुख प्रशांत किशोर,पैतृक गांव में करेंगे सभा

**सासाराम, 13 जून (तरूणमित्र)**। जन सुराज के प्रमुख प्रशांत किशोर का 22 जून को उनके गृह जिला रोहतास स्थित जन्म स्थान कोनार में विशाल जनसभा को लेकर कार्यकर्ता डोर टू डोर संपर्क बनाए हुए हैं। कोर कमेटी के सदस्य शाहाबाद प्रभारी शमीम अहमद ने आज डोर टू डोर संपर्क में बताया कि जनसुरज के कार्यकर्ता काफी उत्साह है। 22 जून को उनके जन्म स्थान करगहर के कोनार में जनसभा में आम जनों का जन सैलाव उनसे मिलने के लिए उमड़ेगा रोहतासवासियों में जन सुराज की प्रमुख प्रशांत किशोर के मुद्दा को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। यहां के लोग पलायन को रोकना चाहते हैं। शिक्षा की ओर स्वास्थ्य की ओर बेहतर सुविधा चाहते हैं।जिसे अब तक के सरकार सिर्फ जनता से वादे की है। लेकिन लोगों का विश्वास है की जन सुराज प्रमुख प्रशांत किशोर ही जनता की मूलभूत समस्या से लेकर इन जरूरी समस्या का निदान करते हुए पलायन पर लगाम लगाएंगे। जो बिहार के लिए बड़ी उपलब्धि होगी ।यही कारण है कि जनसुराज के प्रशांत किशोर पर लोगों का विश्वास है और 22 जून को उनके गृह जिला में आयोजित कार्यक्रम में लोगों का जन सैलाव उमड़ेगा।

## रात के सन्नाटे में घर में घुसकर चोरी व छेड़खानी का प्रयास, आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**दिनारा , 13 जून (तरूणमित्र)**।थाना क्षेत्र के एक गांव में बीती रात एक युवक द्वारा घर में घुसकर चोरी और महिला के साथ छेड़खानी की शर्मनाक कोशिश का मामला सामने आया है। पीड़िता द्वारा पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाए जाने के बाद पूरे मामले की प्राथमिकी दिनारा थाना में दर्ज कर ली गई है। प्राथमिकी कांड संख्या 269/25 के तहत आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है।थानाध्यक्ष विनय कुमार ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पीड़ित महिला के बयान पर आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। महिला ने अपने बयान में कहा है कि बिचली भेलारी गांव निवासी मुख्तार पासवान का पुत्र गोलू पासवान (उम्र 26 वर्ष) बीती रात करीब ढाई बजे उसके घर में घुस आया। उसने बांस के दरवाजे की रस्सी काटकर घर में प्रवेश किया और बक्सा तोड़कर उसमें रखे तीस हजार रुपये नकद तथा एक सोने का लॉकेट चुराने लगा। महिला ने आगे बताया कि खटपट की आवाज सुनकर उसकी नींद खुल गई। जब उसने हो-हल्ला करने की कोशिश की तो आरोपी ने उसका मुंह जबरन दबाकर गलत हरकत करने का प्रयास किया। शोर मचाने पर आरोपी वहां से भाग निकला, लेकिन जल्दबाजी में उसका मोबाइल फोन घर में ही गिर गया। महिला ने साहस दिखाते हुए उक्त मोबाइल पुलिस को सौंप दिया है।थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस मोबाइल के आधार पर आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी में तेजी से जुटी हुई है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस घटना से क्षेत्र में आक्रोश है और लोग आरोपित की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि महिला की सुरक्षा और न्याय के लिए हरसंभव कदम उठाए जाएंगे।

## 587 मतो से प्रकाश तिवारी विजयी

**कोचस (रोहतास), 13 जून (तरूणमित्र)**। प्रखंड क्षेत्र के सारेया पंचायत में हुए पैक्स चुनाव के बाद पूर्व पैक्स अध्यक्ष प्रकाश तिवारी ने 587 मतों से जीत दर्ज कर ली है। बता दे कि गुरुवार पंचायत में संपन्न हुए पैक्स चुनाव के बाद देर रात मतगणना का कार्यक्रम संपन्न हुआ, जहां मतगणना के बाद पूर्व पैक्स अध्यक्ष ने दूसरी बार भारी मतो से बढ़त बना जीत दर्ज कर ली है। इस संदर्भ मे निर्वाचन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रभूषण गुप्ता ने बताया कि मध्य विद्यालय मे गुरुवार को सरेया पंचायत के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच पैक्स चुनाव संपन्न हुआ, जहां गुरुवार को ही देर रात तक प्रखंड मुख्यालय स्थित बनाए गए मतगणना केंद्र पर मतदान का मतगणना किया गया, जिसमे दूसरे स्थान पर रहे मिथलेश तिवारी को लगभग साढ़े तीन सौ वोट से हरा कर प्रकाश तिवारी ने दूसरी बार 587 मतों से बढ़त बना जीत दर्ज की है। जीत के बाद सम्मान के साथ उन्हे प्रमाण पत्र सौंपा गया। वही जीत के बाद पैक्स अध्यक्ष प्रकाश तिवारी ने अपने समर्थकों का आभार प्रकट किया। और कहां की यह हमारी जीत नहीं बल्कि आप सबो की जीत है, आप लोगों ने जो हम पर विश्वास किया इसके लिए मैं सदा आभारी रहूंगा।

# जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक संपन्न,डीएम ने दी चार प्रस्तावों की स्वीकृति

**सासाराम, 13 जून (तरूणमित्र)**। जिला पदाधिकारी, रोहतास उदिता सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय चयन समिति (अनुकम्पा समिति) की बैठक में अनुकम्पा के आधार पर जन वितरण प्रणाली की दुकान की अनुज्ञप्ति निर्गत करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये है।

इस बैठक में कुल-09 प्रस्तावो पर चर्चा की गयी जिसमें कुल-04 प्रस्तावों का स्वीकृति प्रदान की गयी। षेश 05 प्रस्तावों पर पुर्नविचार करने हेतु संबंधित अनुमण्डल पदाधिकारी को जाँच प्रतिवेदन समर्पित करने हेतु वापस करने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में उप विकास आयुक्त, रोहतास, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, अनुमण्डल पदाधिकारी, डिहरी,



अनुमण्डल पदाधिकारी, बिक्रमगंज, अनुमण्डल पदाधिकारी, सासाराम, जिला सहकारिता पदाधिकारी, रोहतास एवं जिला पंचायत राज पदाधिकारी, रोहतास उपस्थित रहे। जिला पदाधिकारी, रोहतास द्वारा बताया गया कि संबंधित पंचायतों में उचित मूल्य की दुकानों नई अनुज्ञप्ति निर्गत होने पर खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार, पटना के द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ जरूरत मंद लाभुको तक और अधिक सुलभ तरीके से किया जा सकेगा।

## दहेज के लिए हत्या का एफआईआर दर्ज

**नौहट्टा, 13 जून (तरूणमित्र)**। रोहतास थाना क्षेत्र के सियालदह गांव मे दहेज के लिए हत्या का मामला सामने आया है। बताया गया कि राजु सिंह की पत्नी पुजा कुमारी की मौत बुधवार की देर रात हो गयी । मामले की दहेज हत्या का एफआईआर झारखंड के पलामू जिला के चैनपुर थाना के बसरिया कला गांव की मृतका के मां रेवकी देवी ने गुरूवार की शाम एफआईआर दर्ज करायी है। एफआईआर के मृतका के मां के अनुसार उसको सूचना मिली कि करंट लगने से बेटी की मौत हो गई है। आने तक शव नही जलाने की बात कही गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### एफएलसी कार्यों का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

**गोपालगंज, 13 जून (तरूणमित्र)**। बिहार विधानसभा निर्वाचन 2025 के निमित्त तैयारियों एवं ईवीएम एफएलसी निरीक्षण के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार सिन्हा द्वारा एफएलसी हॉल में पहुंचकर औचक निरीक्षण किया गया. जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा ईवीएम वेयरहाउस पहुंचकर वहां किये जा रहे ईवीएम एवं वीवी पैट एफएलसी कार्यों का राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में गहन अवलोकन किया गया. इस क्रम में भारत निर्वाचन आयोग के एसओपी अनुसार सभी कार्यों यथा संधारित पंजी, कार्यरत कर्मियों के पहचान पत्र, सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से लगाए गए सीसीटीवी कैमरे, वहां बनाए गए कंट्रोल रूम, एफएलसी के क्रम में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के सामने ईवीएम एवं वीवीपैट की पारदर्शी तरीके से की जा रही एफएलसी के बारे में इलेक्ट्रॉनिक्स कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के टीम लीडर दिनेश दत्ता द्वारा उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सभी प्रकार की तकनीकी जानकारी दी गई एवं एफएलसी प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए सभी तकनीकी पहलुओं का अवलोकन कराया गया और उन्हें पूर्ण संतुष्टि दिलाई गई. इस क्रम में उप निर्वाचन पदाधिकारी डॉ०शशि प्रकाश राय मौजूद थे।

### पूर्वोत्तर रेलवे के दिघवा दुबौली एप्रोच रोड पर हफ्ते पूर्व गिरा पेड़, आवागमन बाधित

**गोपालगंज, 13 जून (तरूणमित्र)**। पूर्वोत्तर रेलवे के दिघवा दुबौली स्टेशन के उत्तरी हिस्से का पीसीसी एप्रोच रोड एक सप्ताह से अवरूद्ध है. इस रोड पर एक सप्ताह पूर्व आंधी से एक विशाल पेड़ उखड़ कर गिर गया था तब से आज तक वैसे हीं पड़ा हुआ है. दो पहिया और चार पहिया वाहनों का परिचालन पूरी तरह ठप्प है. लोगों ने रास्ते बदल दिए हैं. इस पेड़ को रोड से हटाने की कोई जहमत नहीं उठा रहा है. रेल के अधिकारियों के कानों पर जूं नहीं रेंग रही है और आमजन हल्कान हैं. इस रोड के सटे उतर बैकुंठपुर थाना का भवन है. थाने के वाहन अक्सर इसी एप्रोच रोड से गुजरा करते थे पर अब उन वाहनों का आना जाना भी बंद है. रेल अधिकारियों की सुषुप्त अवस्था से स्थानीय लोगों में काफी नाराजगी है।



### बिजली चोरी में चौदह लोगों पर एफआईआर

**नासरीगंज रोहतास, 13 जून (तरूणमित्र)**। नासरीगंज पावर सबस्टेशन में पदस्थापित जेई पंकज कुमार शर्मा ने दलबल के साथ बिजली चोरी के खिलाफ धनावं खालसा गांव में छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान कई परिसरों में अवैध बिजली का इस्तेमाल होते पाया गया। बाद में जेई ने कुल चौदह लोगों के खिलाफ जुमार्ना लगाते हुए थाने में एफआईआर दर्ज कराई। आरोपितों में राजकुमार राम जुमार्ना 32990 रुपये, रामाशंकर चौधरी जुमार्ना 24578 रुपये, धनजी पासवान जुमार्ना 21464 रुपये, अनिल राम जुमार्ना 26235 रुपए, वकील राम जुमार्ना 24770 रुपए, मदन राम जुमार्ना 23739 रुपए, नंदजी पासवान जुमार्ना 20494 रुपये, शंकर पासवान जुमार्ना 23407 रुपए, राजेश चौधरी जुमार्ना 21998 रुपए, राजकुमार चौधरी जुमार्ना 38596 रुपये, दिनेश पंडित जुमार्ना 70448 रुपए, जितेंद्र चौधरी जुमार्ना 18478 रुपए, अमीरचंद राम जुमार्ना 33732 रुपये और धनजी जी राम जुमार्ना 31698 रुपये शामिल हैं।

**NOTICE**

I Ruvavin Devi W/o Vinod Paswan R/o Gram/Post-Adharpur, PO-Ghanshyampur, Distt- Darbhanga, Bihar-847427, have changed my name to Sangeeta Devi.

स्वत्याधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं समूह सम्पादक कैलाशनाथ के द्वारा अजीमाबाद प्रिन्टर 5-47 प्लाट न0 905 वाचस्पती कॉलनी रोड कुम्हरार गुमटी संदलपुर रोड, पटना से मुद्रित होकर 302, रघुवंशम अपार्टमेन्ट किदवईपुरी, पटना से प्रकाशित। कार्यकारी संपादक-योगेन्द्र विश्वकर्मा। फोन/फैक्स 0612-2522597, 2529927 मो. 8578001500 पोस्ट पंजीयनः CO- 174/2002 आर.एन.आई BIHHIN/2002/9030, इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन होंगे। email ID-tarunmitrapatna@gmail.com

# डीएम की अध्यक्षता में निर्माण कार्यों व परियोजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**संतकबीरनगर, 13 जून (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में जनपद में विभिन्न कार्यकारी संस्थाओं एवं विभागों के माध्यम से कराए जा रहे निर्माण कार्यों/परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति, कार्यों में गुणवत्ता एवं प्रगति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्बंधित विभागीय अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित हुई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे ।बैठक में जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें, गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए इसे कार्यदायी संस्थाएं पूरी गंभीरता से लें। उन्होंने समीक्षा बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारियों व कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन परियोजनाओं के निर्माण कार्य हेतु धनराशि प्राप्त हो गई है उन




परियोजनाओं का कार्य निश्चित समयावधि के अंतर्गत कार्यदायी संस्थाएं पूर्ण कराना सुनिश्चित करें ।बैठक में लोक निर्माण विभाग द्वारा नई सड़कों का निर्माण सड़कों का चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण एवं अनुरक्षण की समीक्षा के दौरान अधिशाषी अभियन्ता पी0डब्लू0डी0 ने एक-एक कर प्रगति से अवगत कराते हुए परियोजनाओं के पूर्ण होने की निर्धारित तिथि तक पूर्ण कराने हेतु आश्वस्त किया। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराये जा रहें निर्माण कार्य सहित जनपद में निमार्णाधीन समस्त परियोजनाओं के निर्माण कार्य में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति एवं गुणवत्ता आदि के बारे में सम्बंधित कार्यदायी संस्था एवं विभागीय अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्यो की प्रगति को सभी कार्यदायी संस्थाएं/सम्बंधित विभाग सी0एम0आई0एस0 पोर्टल पर फीड कराना सुनिश्चित करे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जिन कार्यों को पूर्ण कराने में बजट की आवश्यकता हो उसके लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजे जिससे कि कार्य में बाधा न उत्पन्न हो व निर्माण कार्य ससमय पूर्ण कराया जा सके। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया कि जो परियोजनाएं पूर्ण हो गई हैं ।उनको संबंधित विभाग को हैंड ओवर कर दिया जाए।इस अवसर पर जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजय कुमार श्रीवास्वत, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग आर के पांडेय, सीओ यातायात अभय मिश्रा, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रवीण कुमार मिश्र, जिला समाज कल्याण अधिकारी महेन्द्र कुमार, ए0डी0एस0टी0ओ0 रविन्द्र कुमार यादव सहित संबंधित अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने विकास भवन का निरीक्षण कर किया विकास कार्यों की समीक्षा

**महराजगंज, 13 जून (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा द्वारा आज विकास भवन परिसर का निरीक्षण किया गया और विकास भवन सभागार में पंचायतीराज, मनरेगा और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्यों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी सहित विभिन्न कार्यालयों को देखा। उन्होंने विकास भवन परिसर में निमार्णाधीन सभागार को देखा और अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण को जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने विकास भवन की साफझ्रसफाई और भवन सज्जा को लेकर प्रसन्नता व्यक्त की। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। समीक्षा के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास ग्रामीण, मानव दिवस सृजन, 15वाँ वित्त, राज्य वित्त, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण आदि की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने लंबित आवासों के संदर्भ में कड़ा निर्देश दिया कि आवास को जल्द से जल्द पूर्ण कराएं अथवा निर्गत धन की रिकवरी सुनिश्चित कराएं। आवास प्लास सर्वेक्षण के संदर्भ में कहा कि सर्वेक्षण को एक माह में पूर्ण कराएं। अधिकारी सुनिश्चित करें कि आवास गुणवत्तापूर्ण और निर्धारित मानकों का अनुपालन सुनिश्चित हो। उन्होंने सदर, परतावल और घुघली में मानव दिवस सृजन लक्ष्य के 50% से कम होने और लक्ष्मीपुर, सदर, निचलौल, पनियरा, सिसवा, फरेंदा और मिठौरा में कुल 16 गांवों में शून्य मानव दिवस सृजित होने पर असंतोष व्यक्त करते हुए, संबंधित सहायक विकास अधिकारियों को फटकार के लगाई। और कहा कि शून्य मानव दिवस की स्थिति कदापि स्वीकार्य नहीं है, इसको तत्काल समाप्त करें। उन्होंने कहा कि यदि अगले माह में प्रदर्शन में सुधार नहीं परिलक्षित होगा, सम्बन्धित एडीओ के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने अन्नपूर्णा भवनों की समीक्षा के दौरान अवशेष अन्नपूर्णा भवनों को यथाशीघ्र पूरा कराते हुए हैंडओवर कराने हेतु परियोजना अधिकारी को निर्देशित किया। साथ ही ग्राम पंचायतों में अनुपयोगी भवनों का जीर्णोद्धार कराते हुए अन्नपूर्णा भवन में परिवर्तित करने के लिए कहा। टीएचआर प्लांट की समीक्षा के दौरान कहा कि स्टॉक खत्म होने से कम से कम 20 दिन पूर्व मांग भेज दें।

# अग्रसेन चौक बैंक रोड पर रक्तदाता शिविर आयोजित

**गोरखपुर , 13 जून (तरूणमित्र)।** कोटक म्यूचुअल फंड एवं गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड सेन्टर के संयुक्त तत्वधान में अग्रसेन चौक बैंक रोड गोरखपुर में विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में वृहद रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है।14 जून को प्रतिवर्ष विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है। यह दिन उन स्वैच्छिक और अवैतनिक रक्तदाताओं को समर्पित होता है जो अपने रक्तदान के माध्यम से अनगिनत जीवन बचाते हैं। यह न केवल आभार व्यक्त करने का अवसर है। बल्कि सुरक्षित और नियमित रक्तदान के निरंतर आवाजकता को उजागर करने का भी समय है।विश्व रक्तदाता दिवस का उद्देश्य रागियों और दाताओं दोनों पर रक्तदान के महत्वपूर्ण प्रभाव का



सम्मान करती है।ब्रांच मैनेजर श्री वेद प्रकाश दुबे ने बताया कि आज का रक्तदान शिविर पूरे भारत में कोटक म्यूचुअल फंड के द्वारा आयोजित किया गया है ।इस रक्तदान शिविर में उन्होंने स्वयं भी रक्तदान किया।ब्लड बैंक अधिकारी डॉ अवधेश अग्रवाल सभी रक्तदाताओं को हृदय से धन्यवाद देते हैं।उन्होंने बताया कि रक्तदान करने से स्वयं का शरीर भी स्वस्थ रहता है और कई गंभीर बीमारियों से छुटकारा मिलता है।आज के इस रक्तदान शिविर में श्री वेद प्रकाश दुबे, राहुल, अमित , रोहित ,राजन ,गौरव ,वैभव ,शिवम् सहित अन्य लोगों ने रक्तदान किया।इस रक्तदान शिविर को सफल बनाने में ब्लड सेन्टर अधिकारी, टेक्नीशियन एवं अन्य कर्मचारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## अग्र गौरव सम्मान से सम्मानित हुई भजन गायिका बंकू सिस्टर्स

**गोंडा , 13 जून (तरूणमित्र)।** शुक्रवार को राजस्थान प्रांत के सीकर जिले के खाटू धाम में जनपद की रहने वाली प्रसिद्ध भजन गायिका बंकू सिस्टर्स को ₹अग्र गौरव सम्मान₹ से सम्मानित किया गया।यह कार्यक्रम आयोजन स्थल खाटू धाम के श्याम अर्पण छत्तीसगढ़ धाम में किया गया। जिसमें अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम ₹अंतरराष्ट्रीय द्वितीय अग्र विभूति अलकरण समारोह - 2025 सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में देश और विदेश के अग्रवाल समाज के लोग उपस्थित रहे । इस सम्मान के लिए भजन गायिका बंकू सिस्टर्स ने अग्रवाल समाज का कोटि-कोटि आभार व्यक्ति किया। यह कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन पंजीकृत कोलकाता द्वारा आयोजित किया गया।

## डीएम ने विधियानी मार्ग व रैन बसेरा का किया स्थलीय निरीक्षण

**संतकबीरनगर, 13 जून (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी आलोक कुमार के समक्ष जनता दर्शन में शहर क्षेत्र खलीलाबाद के विधियानी मार्ग सड़क क्षतिग्रस्त की शिकायत प्राप्त हुई थी। इसी क्रम में जिलाधिकारी द्वारा जनहित में संज्ञान लेते हुए ईओ खलीलाबाद नगर पालिका अवधेश भारती के साथ विधियानी मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा सड़क ठीक कराये जाने के संबंध में ईओ खलीलाबाद को निर्देशित किया गया कि शीघ्र कार्य योजना बनाकर सड़क निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ बनाया जाये। ईओ खलीलाबाद द्वारा जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया गया कि सड़क निर्माण हेतु विधायक सदर अंकुर राज तिवारी द्वारा पहल के उपरांत नगर विकास से धन की मांग का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया है। जो विधयानी मोड़ से सीओ कार्यालय तक 1.750 मीटर की सड़क 398.31 लाख की धनराशि से निर्माण किया जायेगा। इसी क्रम में जिलाधिकारी द्वारा खलीलाबाद रेलवे स्टेशन के निकट आवासीय रैन बसेरा का निरिक्षण किया गया।

मौके पर एक संविदा कर्मी उपस्थित मिला जो सही जानकारी देने में असमर्थ रहा। जिलाधिकारी के निरिक्षण में रैन बसेरा में बहुत गंदगी मिला, साफ सफाई बहुत खराब रहा, बिस्तरो पर चादर बिखरा रहा, शौचालय की सफाई नहीं थी, फर्श टुटा मिला। जिलाधिकारी द्वारा कमियाँ पाए जाने पर संबंधित आधिकारी कों तलब किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना पर व्यक्त किया शोक

**बस्ती , 13 जून (तरूणमित्र)।** गायत्री शक्तिपीठ बस्ती के वरिष्ठ परिव्राजक/ट्रस्टी राम प्रसाद त्रिपाठी ने बताया की अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना का यह दुखद समाचार अत्यंत स्तब्ध और व्यथित करने वाला है। इस हृदयविदारक हादसे में अपने प्राण गंवाने वाले यात्रियो एवं विमान कर्मियों के आत्माओं के शांति एवं शोक संतप्त परिवारों को साहस,बल प्रदान हेतु वेद माता गायत्री से प्रार्थना एवं हार्दिक संवेदना गायत्री परिवार ट्रस्ट/गायत्री शक्तिपीठ के सभी परिजनों की पीड़ा सामूहिक रूप से सम्प्रेषित करता हूं ।

### अचानक मौसम में आया बदलाव

**उतरौला ( बलरामपुर)13 जून (तरुणमित्र)।** क्षेत्र में जारी उमस भरी भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों के बीच अचानक आए मौसम में बदलाव से लोगों को गर्मी से राहत मिली। क्षेत्र में गुरुवार को दोपहर में मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। आसमान में बादल छाने एवं हवाओं के चलने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। दोपहर से बादल छा जाने से तापमान में गिरावट आई।बीते कुछ दिनों से प्रचंड गर्मी और का कहर जारी था। गुरुवार को आसमान में छाए बादलों ने लोगों को राहत की सांस दी है। दोपहर से लेकर शाम तक बादल छाए रहे। जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई और गर्म हवाओं से जूझ रहे लोगों को राहत मिली। आसमान में बादल और दिनभर हल्की-हल्की ठंडी हवा चलती रही। जिससे मौसम सुहावना बना रहा। बादलों ने पूरे आसमान को ढक लिया और लोगों ने गर्मी से काफी हद तक राहत महसूस की। गर्मी कम होने की वजह से बाजार व सड़कों पर चहल पहल अन्य दिनों की अपेक्षा अधिक दिखाई दी। मौसम सुहावना होने की वजह से बाहर बच्चें खेलते दिखाई दिए।

### स्वैच्छिक रक्तदान व नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**देवरिया, 13 जून (तरूणमित्र)।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर फातिमा अस्पताल, गोरखपुर द्वारा देवरिया पुलिस के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम थी रक्त दो आशा दो मिलकर हम ज़िंदगियाँ बचाएँगे।इस अवसर पर मुख्य अतिथि विक्रांत वीर पुलिस अधीक्षक व उनकीपत्नी अध्यक्षा वामा सारथी का मेघना गुप्ता, फातिमा अस्पताल के एसोसिएट डायरेक्टर व सेंट पुष्पा स्कूल देवरिया के प्राचार्य फादर शिजो ने स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान सिस्टर रेम्या ने रक्तदान से होने वाले शारीरिक, सामाजिक एवं मानसिक लाभों की विस्तृत जानकारी दी और उपस्थित लोगों को नियमित रक्तदान के लिए प्रेरित किया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों, स्थानीय नागरिकों एवं छात्रों ने भाग लिया। रक्तदान शिविर के साथ-साथ नेत्र जांच शिविर में भी बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी आँखों की जाँच करवाई और विशेषज्ञों से सलाह प्राप्त की। यह आयोजन समाज में स्वास्थ्य जागरूकता, मानवता और सेवा भावना को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल रहा।फातिमा अस्पताल परिवार ने इस आयोजन में सहयोग देने वाले सभी प्रतिभागियों, रक्तदाताओं, पुलिस विभाग, सेंट पुष्पा स्कूल एवं अन्य सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**देवरिया, 13 जून (तरूणमित्र)।** जनपद की रुद्रपुर पुलिस ने हत्या के प्रयास में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थाने में दर्ज मु0अ0सं0 406/2024 धारा 115(2)/352/351(3)/117(2)/109 बी0एन0एस० व धारा 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट में वांछित अभियुक्त आकाश वर्मा पुत्र रमेश लाला टोली वार्ड कस्बा को मुखबिर की सूचना पर उसके घर से गिरफ्तार किया है। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

### नाबालिग से दुष्कर्म , अभियुक्त गिरफ्तार

**बस्ती , 13 जून (तरूणमित्र)।** थानाध्यक्ष परसरामपुर भानु प्रताप सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना परसरामपुर पुलिस टीम द्वारा इठर व 5/6 पाक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्त संजय गुप्ता पुत्र श्रवन गुप्ता साकिन चौबेपुर थाना मनकापुर जनपद गोण्डा को आज शुक्रवार को गिरफ्तार कर न्यायालय सदर बस्ती रवाना किया गया ।

### विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों के लिए कांग्रेस ने की लोकसभा

**गोंडा , 13 जून (तरूणमित्र)।** को गुजरात की राजधानी अहमदाबाद में हुए विमान दुर्घटना जिसमें तमाम यात्रियों की जान चली गई ऐसी हृदय विद'रक घटना पर आज कांग्रेस भवन में जिला अध्यक्ष राम प्रताप सिंह एवं शहर अध्यक्ष शाहिद अली कुरेशी के संयुक्त नेतृत्व में एक शोक सभा आयोजित की गई तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए जान गंवाने वाले यात्रियों के परिवार को ऐसी असहनीय पीड़ा को सहन करने के लिए ईश्वर द्विवेदी,वसीम सिद्दीकी, वाजिद उपस्थित रहे

# भूमि सर्किल दर होगी पुनरीक्षित , इस सम्बन्ध में कोई भी सुझाव व आपत्ति कराई जा सकती

**बलरामपुर 13 जून (तरुण मित्र)**अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व में बताया है कि उत्तर प्रदेश स्टाम्प (सम्पत्ति का मूल्यांकन) (द्वितीय संशोधन) नियमावली 2013 के अनुसार निर्धारित भूमि दर सूची के पुनरीक्षित करने का कार्य किये जाने का नियम है। महानिरीक्षक निबन्धन उ०प्र० लखनऊ द्वारा प्रचलित भूमि दरों को बाजारू दर के समतुल्य करते हुए पुनः सर्किल दर पुनरीक्षित किये जाने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित भूमि दर सूची का वार्षिक पुनरीक्षण का प्रस्ताव महानिरीक्षक निबन्धन, उत्तर प्रदेश, शिविर लखनऊ द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रारूप पर तैयार कर लिया गया है। इस सम्बन्ध में कोई भी सुझाव / आपत्ति अपर जिलाधिकारी कार्यालय, सहायक महानिरीक्षक निबन्धन कार्यालय एवं सम्बन्धित उप निबन्धक कार्यालय में दिनांक-25.06.2025 तक उपलब्ध कराई जा सकती है। प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण एवं व्यक्तिगत सुनवाई दिनांक-26.06.2025 समय अपराह्न 12:00 बजे कलेक्ट्रेट स्थित अपर जिलाधिकारी कक्ष में की जायेगी। प्रस्तावित भूमि दर सूची अवलोकनार्थ अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) / जिला निबन्धक कार्यालय, सहायक महानिरीक्षक निबन्धन कार्यालय एवं सम्बन्धित तहसील के उपजिलाधिकारी कार्यालय एवं उपनिबन्धक कार्यालय में भी उपलब्ध है।

# अनिल यादव हत्या की पुलिस ने किया पर्दाफाश

**कुशीनगर, 13 जून (तरूणमित्र)।** बुधवार के दिन सेवरही थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम मठिया भोकरिया के नौका टोला के बड़ी नहर के पीच रोड के किनारे झाड़ी में एक व्यक्ति का शव मिला था जिसकी पहचान अनिल यादव पुत्र बब्बन यादव पता सखवनिया बतरडेरा थाना कसया जनपद कुशीनगर उम्र लगभग 30 वर्ष के रुप में हुई थी ।हत्या की घटना में सेवरही थाने पर मु0अ0सं0-180/2025 पंजीकृत किया गया था। जिसके सफल अनावरण के लिए पुलिस अधीक्षक कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा व अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर निवेश कटियार एवं क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज राकेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया था। जिसका सफल अनावरण 13.06.2025 दिन शुक्रवार को सेवरही थाना व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा 2 दिन केअन्दर घटना का सफल खुलासा करते हुए घटना में सम्मिलित 4 नफर अभियुक्त/अभियुक्ता बालेन्द्र उर्फ बलिंदर यादव पुत्र भृगुराशन यादव,राहुल कुमार यादव उर्फ राजा यादव पुत्र बालेन्द्र उर्फ बलिन्दर यादव,बादल यादव पुत्र बालेन्द्र उर्फ बलिन्दर यादव व



एक महिला अर्चना यादव पुत्री बालेन्द्र उर्फ बलिन्दर यादव पता उपरोक्त को गिरफ्तार कर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिए गए ।अभियुक्तों से पूछ-ताछ में प्रेम प्रसंग का मामला निकल कर आया। मृतक अनिल कुमार यादव का अर्चना के साथ लगभग दो वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था ।अर्चना यादव की शादी मार्च 2025 में हो गयी थी। शादी के बाद भी मृतक अनिल यादव लगातार महिला से संबंध रखने हेतु दबाव बनाया जा रहा था। तंग आकर उसके पति नें अर्चना को उसके मायके लाकर छोड़ दिया था। इन्ही सब बातों से क्षुब्ध होकर अर्चना यादव व उसके परिजनों द्वारा मृतक अनिल को फोन कर बुलाया और फावड़े व हेलमेट इत्यादी से हमला कर उसकी हत्या कर दी। उक्त प्रकरण में सेवरही थाने पर बीएनएस की धारा में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। अभियुक्तों से पुछताछ पर घटना में उपयोग एक अदद फावड़ा व एक अदद फावड़े का वेंतएक अदद हेलमेट को पुलिस ने बरामद की थी ।इसके पूर्व भी अभियुक्त बालेन्द्र उर्फ बलिन्दर पुत्र भृगुराशन यादव का आपराधिक इतिहास है आदतन करता है भादवि थाना तुर्कपट्टी जनपद कुशीनगरधीरेन्द्र राय थानाध्यक्ष सेवरही,उ0नि0 आलोक कुमार यादव स्वाट टीम, उ0नि0 रणजीत सिंह बघेल,उ0नि0 आकाश सिंह चौकी प्रभारी पिपराघाट,उ0नि0 अनिल शर्मा चौकी प्रभारी कस्बा,उ0नि0 साहबलाल यादव,के साथ हे0का0 सनातन सिंह स्वाट टीम,हे0का0 रणजीत सिंह स्वाट टीम, हे0का0 ऋषि पटेल स्वाट, हे0का0 संतोष सिंह स्वाट टीम,हे0का0 चन्द्रेशेखर यादव स्वाट टीम,हे0का0 वीरेन्द्र कुमार स्वाट टीम, हे0का0 मानवेन्द्र सिंह, हे0का0 संजय कुमार, का0 रामनिवास यादव,का0 सत्यम सिंह,म0का0 रीता भारती सम्मलित रहें ।तो वहीं घटना के सफल पदार्फाश पर सराहनीय कार्य करने के लिए पुलिस टीम को पुलिस अधीक्षक कुशीनगर द्वारा 25,000/- रुपये का नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

# नगर पंचायत अध्यक्ष ने सड़क निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

**गोरखपुर,, 13 जून (तरूणमित्र।** उनवल-नगरपंचायत उनवल के लगभग प्रत्येक वार्ड में नाली व आर सी.सी.सड़क का निर्माण कार्य बड़े ही तेजी से चल रहा है। जिसका उद्देश्य मानसून के दौरान जलभराव की समस्या से निजात दिलाना है,इन सभी कार्यों से स्थानीय निवासियों के लिए एक बड़ी राहत की उम्मीद लेकर आई है ।इसी कड़ी में आज वार्ड नम्बर 11 में नगरपंचायत अध्यक्ष एड.महेश कुमार दूबे एवं वार्ड सभासद एजाज खान (अज्जू) द्वारा कपूर-अगरबत्ती जला आर.सी.सी.रोड के निमार्ण कार्य का शुभारंभ कर एक दूसरे को मिठाई खिलाई।वही नगरपंचायत अध्यक्ष महेश कुमार दुबे ने बताया कि उनवल में सर्व प्रथम उन जगहों को चुना गया है जहां अधिक जलभराव वाले क्षेत्रों



को प्राथमिकता दी जा रही है। इन क्षेत्रों में हर साल भारी बारिश के कारण लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। नई यह आर, सी, सी निर्माण कार्य उनवल के वार्ड नंबर 11 निवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे उन्हें सड़क की समस्या से मुक्ति मिलेगी साथ ही सड़को के निर्माण से जीवन की गुणवत्ता में सुधार होगा।उस दौरान सभासद श्री प्रकाश गुप्ता, पूर्व प्रधान तैयब अहमद, दिनेश साहनी,विनय बजरंगी, सत्यम,मनीष त्रिपाठी,मुन्ना मिश्रा, अवधेश शर्मा, राधेश्याम यादव सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## अहमदाबाद दुर्घटना में मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**देवरिया, 13 जून (तरूणमित्र)।** जिला कांग्रेस कार्यालय में अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई।जिला कोआर्डिनेटर सैय्यद जमाल अहमद के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई ।सभी उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखा। दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की, जिसमें जिला कोआर्डिनेटर सतेन्द्र कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल, पूर्व जिलाध्यक्ष रामजी गिरी, पूर्व विधायक दीनानाथ कुशवाहा, नागेंद्र शुक्ला,सुभाष राय, ऋषिकेश मिश्रा, आनन्द देव गिरी चुन्नू, जयदीप त्रिपाठी,जवाहरलाल बरनवाल, संजीव कुमार मिश्रा, भरत मणि त्रिपाठी, शिव शंकर सिंह, मनोज मणि त्रिपाठी, रत्नेश मल्ल पिंटू, आलोक त्रिपाठी राजन, सुनील कुमार तिवारी,जुलेखा खातून, निलेश त्रिपाठी, रामशीष साहनी, अशोक कुशवाहा, इस्लाम खान,बदरे आलम,लाल भारती, अशोक गोंड इत्यादि मौजूद रहे।

## आंगनबाड़ी केन्द्र के लाभार्थियों का ईकेवाईसी नहीं होने पर नहीं मिलेगा पोषाहार का लाभ

**बस्ती, 13 जून (तरूणमित्र)।** आंगनबाड़ी केन्द्र के लाभार्थियों का फेस प्रमाणीकरण एवं ई0के0वाई0सी0 नहीं होने पर पोषाहार का लाभ नहीं मिलेगा। उक्त जानकारी देते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेष कुमार ने बताया कि भारत सरकार द्वारा निर्गत निदेर्षों के क्रम में बाल विकास विभाग के समस्त लाभार्थियों का फेस प्रमाणीकरण/ई0के0वाई0सी0 अनिवार्य कर दिया गया है। उन्होने बताया कि 01 जुलाई 2025 से जिन लाभार्थियों का फेस प्रमाणीकरण/ई0के0वाई0सी0 नहीं होगा, उन्हें अनुपूरक पोषाहार नहीं दिया जायेगा। जनपद में कुल 2655 आंगनबाड़ी केन्द्र है तथा लगभग 126000 लाभार्थियों का फेस प्रमाणीकरण/ई0के0वाई0सी0 किया जाना है। वर्तमान में मात्र 24357 लाभार्थियों का फेस प्रमाणीकरण तथा 17762 लाभार्थियों का ई0के0वाई0सी0 हुआ है ।उन्होने बताया कि यह कार्य आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के माध्यम से विभागीय एप पोषण टैज्कर पर किया जाना है। लाभार्थी को अपने आधार नम्बर के साथ आंगनबाड़ी केन्द्र पर जाना होगा। लाभार्थी को उनके आधार से लिंक मोबाइल नम्बर पर ओ0टी0पी0 आयेगा, जिसका सत्यापन किया जायेगा तथा आधार सत्यापन के पष्चात लाभार्थी का चेहरा स्कैन करते हुए फेस प्रमाणीकरण का कार्य पूर्ण किया जायेगा ।उन्होने बताया गया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों पर कैम्प लगाकर उक्त कार्य किया जा रहा है। सभी लाभार्थी अपने सम्बन्धित आंगनबाड़ी केन्द्र पर उपस्थित होकर आंगनबाड़ी कार्यकत्री से सम्पर्क स्थापित कर फेस प्रमाणीकरण/ई0के0वाई0सी0 करा सकते है।

# नियमित रूप से चेक हो छात्रों का सीखने का स्तर – आयुक्त

**देवीपाटन मण्डल गोण्डा , 13 जून (तरूणमित्र)।** शुक्रवार को आयुक्त देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील की अध्यक्षता में अटल आवासीय विद्यालय के वर्तमान शैक्षिक क्षेत्र के संचालन के संबंध में मण्डल स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में विद्यालय संचालन के लिए विभिन्न सामग्रियों जैसे फर्नीचर, आईटी उपकरण, दैनिक उपयोग, खेल सामग्री, यूनिफॉर्म, पुस्तकें , लेखन सामग्री, लाइब्रेरी की पुस्तकें , दवायें एवं मेस मैनेजमेंट सर्विस, फैसिलिटी मैनेजमेंट सर्विस आदि को जेम पोर्टल के माध्यम से किये जाने पर चर्चा की गई। इसके अलावा अटल आवासीय विद्यालय समिति के माध्यम से कंप्यूटर शिक्षक के अनुबंध विस्तार एवं नवीकरण के संबंध में भी चर्चा की गयी ।उप श्रमायुक्त अनुभव वर्मा ने बताया डेस्क, स्टूडेन्ट डायनिंग टेबल चेयर, हास्टल फर्नीचर, अलमारी, स्मार्ट क्लास, आडियो विजुअल सेटअप, फोटोकापी मशीन , कम्प्यूटर गेस्ट फैकल्टी शिक्षक मानदेय, मेस मेंनेजमेन्ट सर्विसेज, यूनीफार्म एवं अन्य सामग्री, छात्र छात्राओं की पुस्तकें, छात्रावास एवं दैनिक उपभोग सामग्री, विद्युत व्यय, फैसिलिटी मैनेजमेंट सर्विसेज, पुस्तकालय सामग्री ,छात्रावास बेडिंग सामग्री, छात्र-छात्राओं हेतु लेखन सामग्री, खेल कूद सामग्री हेतु बजट प्राप्त हो गया है। वर्तमान सत्र में चयनित बच्चों के संबंध में आयुक्त द्वारा जानकारी करने पर उप श्रमायुक्त ने बताया कि इस शैक्षिक सत्र 2025-26 में प्रवेश परीक्षा के आधार पर 280 बच्चों का चयन हुआ है। इसमें कक्षा 6 स्तर पर 140 एवं कक्षा 9 स्तर पर 140 बच्चों सहित कुल 280 बच्चों का चयन हुआ है।

बच्चों के चयन हेतु विगत 16 फरवरी को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था। वर्तमान शैक्षिक सत्र का शुभारंभ 1 मई को हो चुका है। बैठक में आयुक्त ने कहा कि विद्यालय में बच्चों के लर्निंग का लेवल नियमित रूप से चेक किया जाए।

# सप्ताहभर योगमय रहेगा गोरखनाथ मंदिर परिसर

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में साप्ताहिक योग शिविर व शैक्षिक कार्यशाला रविवार से

**गोरखपुर , 13 जून (तरूणमित्र)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस ( 21 जून ) के उपलक्ष्य में गोरखनाथ मंदिर सप्ताहभर योग की व्यावहारिक और सैद्धांतिक गतिविधियों से परिपूर्ण रहेगा। योग को लोक कल्याण का ध्येय मानने वाले इस मंदिर के परिसर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 15 जून से 21 जून तक साप्ताहिक योग शिविर और शैक्षिक कार्यशाला का आयोजन होगा। गोरक्षपीठाधीश्वर और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में महायोगी गुरु गोरखनाथ योग संस्थान, गोरखनाथ मंदिर और महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की ओर से आयोजित होने वाले इस इस योग शिविर में न केवल योगाभ्यास का प्रशिक्षण दिया जाएगा बल्कि उसके सिद्धांतों पर विद्वानों का व्याख्यान भी कराया जाएगा। समस्त आयोजन मंदिर के दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में होगा।उक्त जानकारी गोरखनाथ मन्दिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ जी ने



दी ।योगी कमलनाथ जी ने बताया कि योग शिविर और कार्यशाला का शुभारंभ 15 जून को सुबह साढ़े 10 बजे होगा । शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महायोगी गुरु गोरखनाथ राज्य आयुष विश्वविद्यालय के

## सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**गोंडा, 13 जून (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा द्वारा सार्वजनिक एवं ग्रामसभा की भूमि पर अवैध अतिक्रमण की घटनाओं पर ₹जीरो टॉलरेंस नीति₹ के तहत सख्त एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में ग्रामसभा मानवनां, चोनपुर में तालाब की भूमि पर अवैध कब्जे के एक गंभीर प्रकरण में प्रथम दृष्टया आरोप सही पाए जाने पर थाना धानेपुर में शुक्रवार को प्राथमिकी दर्ज की गई है ।यह प्रकरण संपूर्ण समाधान दिवस दिनांक 3 मई 2025 को प्रस्तुत एक शिकायत में सामने आया था, जिसमें श्री शकील अहमद पुत्र सलामत द्वारा यह आरोप लगाया गया था कि ग्रामसभा मानवनां, चोनपुर, गाटा संख्या 1225 (क्षेत्रफल 0.0454 हेक्टेयर), जो राजस्व अभिलेखों में तालाब के रूप में दर्ज है, उस पर श्री हजारीलाल पुत्र श्री गिरधारीलाल द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया गया एवं उक्त भूमि को अन्य व्यक्तियों झ्र श्री हिसामुद्दीन, श्री करीमुद्दीन, श्रीमती अख्तरी बानो, श्री इकरार अहमद, एवं श्री इरशाद हुसैन को विक्रय कर दिया गया ।उक्त शिकायत को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी महोदया ने तत्काल उप जिलाधिकारी (सदर) श्री अशोक कुमार गुप्ता के नेतृत्व में राजस्व टीम को जांच के निर्देश दिए। जांच उपरांत प्रस्तुत प्रतिवेदन में आरोपों को सत्य पाया गया। जिसके आधार पर जिलाधिकारी द्वारा दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के निर्देश निर्गत किए गए ।उप जिलाधिकारी सदर ने अवगत कराया कि राजस्व विभाग के लेखपाल श्री हितेश कुमार तिवारी द्वारा थाना धानेपुर में विधिसम्मत शिकायत दर्ज कराई गई है।

## जनता दर्शन : एसपी ने सुनी जन समस्याएं

**श्रावस्ती, 13 जून, (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया द्वारा कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद श्रावस्ती में आयोजित जनता दर्शन के दौरान आमजन से प्राप्त शिकायतों/समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। जनसुनवाई के दौरान थाना सोनवा क्षेत्र ग्राम नेवरनिया से आई एक महिला ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया कि उनके मां की सेवा करने व उनकी संपत्ति पर अपना अधिकार जमाने को लेकर उनके देवर देवरानी ने काफी मारा पीटा गया है जिससे उन्हें काफी चोट आई हैं जिनकी हाल ही में डिलीवरी ऑपरेशन हुआ है इस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा थानाध्यक्ष सोनवा को आवेदिका का मेडिकल कराकर आई चोट के अनुसार अभियोग पंजीकृत करने हेतु निर्देशित किया। एक अन्य थाना गिलौला से ग्राम सरवन तारा निवासी आवेदिका द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया ।

# डब्ल्यूटीसी 2023-25 आईसीसी ने प्राइज मनी बढ़ाई, विजेता-उपविजेता पर होगी पैसों की बरसात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला जा रहा है। आईसीसी ने इस साल विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिए प्राइज मनी में बढ़ोतरी की थी। इस साल विजेता टीम तो मालामाल होगी ही, साथ ही उपविजेता टीम को भी साल 2023 में विजेता टीम को मिली राशि से ज्यादा रुपये मिलेंगे।

हालांकि, इस चक्र में तीसरे स्थान पर रहने वाली भारतीय टीम पर भी पैसों की बरसात होगी। उन्हें भी जितनी राशि मिलेगी, वह 2023 में डब्ल्यूटीसी फाइनल जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम की राशि के करीब है। वहीं, इस चक्र में सबसे फिसड्डी रही पाकिस्तान की टीम को सबसे कम राशि मिलेगी। डब्ल्यूटीसी में नौ टीमें हिस्सा लेती हैं और अंक प्रतिशत के आधार पर शीर्ष दो पर रहने वाली टीम फाइनल खेलती है।



## विजेता-उप-विजेता को कितनी राशि?

आईसीसी ने विजेता टीम के लिए जो राशि तय की है, वह पिछले संस्करण से दोगुनी है। इस बार विजेता टीम को बंपर पैसे मिलेंगे और आईपीएल विजेता से भी ज्यादा मिलेंगे। इस साल विजेता टीम को 3.6 मिलियन यूएस डॉलर यानी 30.79 करोड़ रुपये मिलेंगे। वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने जब 2023 में फाइनल जीता था तो उन्हें 1.6 मिलियन डॉलर यानी 13.69 करोड़ रुपये मिले थे। फाइनल में हारने वाली टीम यानी उप विजेता को 2.1 मिलियन अमेरिकी डॉलर (17.96 करोड़ रुपये) मिलेंगे, जो कि पिछले दो बार की विजेता राशि से भी ज्यादा है। वहीं, पिछले दो संस्करणों के उपविजेता को 800,000 अमेरिकी डॉलर यानी 6.84 करोड़ रुपये मिले थे।

## भारतीय टीम को इतने रुपये मिलेंगे

वहीं, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 चक्र में अंक तालिका में तीसरे स्थान पर टीम इंडिया रही थी। उन्हें इनाम के तौर 1.4 मिलियन डॉलर यानी 12.31 करोड़ रुपये मिलेंगे। चौथे स्थान पर न्यूजीलैंड की टीम रही और उन्हें 1.2 मिलियन डॉलर यानी 10.26 करोड़ रुपये मिलेंगे। पांचवें स्थान पर इंग्लैंड की टीम रही और उन्हें 0.96 मिलियन डॉलर यानी 8.20 करोड़ रुपये मिलेंगे। छठे स्थान पर श्रीलंका की टीम रही और उन्हें 0.84 मिलियन डॉलर यानी 7.18 करोड़ रुपये मिलेंगे।

## पाकिस्तान को मिलेंगे इतने रुपये

सातवें स्थान पर रहने वाली बांग्लादेश की टीम को 0.72 मिलियन डॉलर यानी 6.15 करोड़ रुपये, आठवें स्थान पर रहने वाली वेस्टइंडीज टीम को 0.6 मिलियन डॉलर यानी 5.13 करोड़ रुपये और सबसे आखिरी यानी नौवें स्थान पर रहने वाली पाकिस्तान की टीम को 0.48 मिलियन डॉलर यानी 4.10 करोड़ रुपये मिलेंगे। भारत को पाकिस्तान को मिलने वाली राशि से तीन गुना ज्यादा रुपये मिलेंगे।

## राशि बढ़ाने के पीछे आईसीसी का मकसद

आईसीसी के प्राइज मनी को बढ़ाने के पीछे का मकसद टेस्ट क्रिकेट को और रोमांचक बनाना है ताकि टीमें तालिका में ऊपर आने के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा करें और बेहतर इनाम जीतने की कोशिश करें। इससे टीमें अंत अंत तक खुद को ऊपर लाने की कोशिश करेंगी। इस 2023-25 डब्ल्यूटीसी चक्र में दक्षिण अफ्रीका की टीम 69.44 अंक प्रतिशत के साथ शीर्ष पर रही थी, जबकि ऑस्ट्रेलियाई टीम 67.54 अंक प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रही। भारत का अंक प्रतिशत इस चक्र में 50.00 रहा। भारतीय टीम अब अपने 2025-27 चक्र की शुरुआत इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से करेगी।

# सोफी शाइन ने शिखर धवन से पहली मुलाकात का किया खुलासा, कहा कैसे शुरू हुई हमारी लव स्टोरी!



**मुंबई (एजेंसी)।** आयशा मुखर्जी से 11 साल बाद तलाक बाद पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन सोफी शाइन के साथ रिलेशनशिप में हैं। आयरलैंड में जन्मी सोफी कॉर्पोरेट घराने से है। धवन और सोफी की लव स्टोरी चुपचाप शुरू हुई, लेकिन इस जोड़े को विभिन्न जगहों पर साथ देखे जाने के बाद लोगों के बीच यह जोड़ी चर्चा में है। अब सोफी शाइन ने खुलासा किया कि वह शिखर धवन से कैसे मिलीं और दोनों कैसे रिलेशनशिप में आए। सोफी ने पहली बार सार्वजनिक मंच पर बताया कि शिखर से पहली मुलाकात के दौरान किस बात ने उन्हें क्रिकेटर की तरफ आकर्षित किया। एक प्रमोशनल वीडियो में सोफी ने कहा कि धवन की शरारती आंखें और सुंदर चेहरे ने शुरू में उनका ध्यान खींचा था। उन्होंने कहा कि वह दुबई के एक रेस्तरां में उनकी पहली मुलाकात के दौरान वह तुरंत उनकी ओर आकर्षित हो गई थीं।

सोफी ने कहा, निश्चित रूप से, उनका सुंदर चेहरा। उनकी आंखें बहुत शरारती थीं। उनके बगल में बैठे धवन ने उस पल की अपनी याद को जोड़ते हुए कहा, हम दुबई के एक रेस्तरां में मिले और यह एक शानदार एहसास था। सोफी ने कैमोफ्लाज ट्राउजर पतलून और जैकेट पहनी हुई थी। वह बहुत सुंदर लग रही थी। दुबई में हुई शुरुआती मुलाकात जल्द ही नियमित बातचीत और मिलने में बदल गई जो एक स्थिर रिश्ते में परिपक्व हो गई। शुरुआत में दोनों रिलेशनशिप को लेकर चुप रहे लेकिन एयरपोर्ट और हाई-प्रोफाइल क्रिकेट इवेंट में एक साथ दिखाई देने से धीरे-धीरे यह स्पष्ट हो गया कि वे सिर्फ परिचित नहीं थे। सबसे चर्चित पलों में से एक वह था जब धवन आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए ब्रांड एंबेसडर के रूप में दुबई में थे। सोफी के साथ क्रिकेटर की तस्वीरें तेजी से वायरल हुईं जिसने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया। उसके बाद सोफी भारत चली गईं और धवन के साथ रहने लगीं। आयरलैंड में जन्मी और पली-बढ़ी, उन्होंने प्रतिष्ठित लिमरिक इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से मार्केटिंग और मैनेजमेंट में डिग्री हासिल करने से पहले कैसलरॉय कॉलेज में अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की। वर्तमान में वह अबू धाबी में नॉर्दर्न ट्रस्ट कॉर्पोरेशन में द्वितीय उपाध्यक्ष के उच्च पद पर हैं, जहां वह प्रोडक्ट कंसलटेंट के रूप में काम करती हैं।

## इंग्लैंड में 18वीं फिफ्टी लगाई, वेरियन ने एक हाथ से डाइविंग कैच लिया

# स्टीव स्मिथ लॉर्ड्स स्टेडियम में टॉप विदेशी स्कोरर

**लंदन (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच लंदन के लॉर्ड्स स्टेडियम में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल खेला जा रहा है। बुधवार को मुकाबले के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया 212 रन बनाकर सिमट गई। साउथ अफ्रीका ने अपनी पहली पारी में 4 विकेट खोकर 43 रन बना लिए।

ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ ने 66 रन बनाए, इसी के साथ वे इंग्लैंड में सबसे ज्यादा 50 प्लस स्कोर बनाने वाले विदेशी बैटर बने। वे लॉर्ड्स स्टेडियम में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विदेशी भी बने। वहीं ऑस्ट्रेलिया ने अपने आखिरी 5 विकेट महज 22 रन बनाने में गंवा दिए।



## इंग्लैंड में हाईएस्ट 50+ स्कोर वाले विदेशी बने स्मिथ

ऑस्ट्रेलिया के नंबर-4 बैटर स्टीव स्मिथ 66 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने इंग्लैंड में 10वीं फिफ्टी लगाई, वे यहां 8 सेंचुरी भी लगा चुके हैं। डब्ल्यूटीसी फाइनल में फिफ्टी लगाकर स्मिथ इंग्लैंड में सबसे ज्यादा 18 फिफ्टी प्लस स्कोर बनाने वाले विदेशी बैटर बन गए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के ही एलन बॉर्डर और वेस्टइंडीज के विवियन रिचर्ड्स का रिकॉर्ड तोड़ा। दोनों के नाम इंग्लैंड में 17-17 फिफ्टी प्लस स्कोर का रिकॉर्ड रहा।

## लॉर्ड्स में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विदेशी बने स्मिथ

ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ लंदन के लॉर्ड्स स्टेडियम में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विदेशी बैटर भी बन गए। उनके अब 6 मैच की 10 पारियों में 591 रन हो गए। इनमें उन्होंने 2 शतक और 3 फिफ्टी लगाई हैं। स्मिथ ने ऑस्ट्रेलिया के ही वारेन बार्डस्ले का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 5 मुकाबलों में 575 रन बनाए।

## काइल वेरियन का डाइविंग कैच

साउथ अफ्रीका के विकेटकीपर काइल वेरियन ने एक हाथ से बेहतरीन डाइविंग कैच पकड़ा। 24वें ओवर की दूसरी बॉल मार्को यानसन ने गुड लेंथ पर लेग स्टंप की ओर फेंकी। ट्रैविस हेड फ्लिक करने गए, लेकिन गेंद उनके बैट से लगकर विकेटकीपर की ओर चली गई। यहां वेरियन ने अपने दाईं ओर डाइव लगाई और एक हाथ से बेहतरीन कैच पकड़ लिया। हेड को 11 रन के स्कोर पर पवेलियन लौटना पड़ा।

## रिव्यू नहीं लेने के कारण नॉटआउट रहे वेबस्टर

29वें ओवर में ऑस्ट्रेलिया के ब्यू वेबस्टर साउथ अफ्रीका के रिव्यू नहीं लेने के कारण आउट होने से बच गए। ओवर की दूसरी बॉल कगिसो रबाडा ने गुड लेंथ पर इन स्विंगर फेंकी। बॉल वेबस्टर के पैड्स पर लगी, रबाडा ने एलपीडब्ल्यू की अपील की, लेकिन अंपायर ने नॉटआउट का इशारा दिया।

रबाडा ने रिव्यू लेने की सलाह दी, लेकिन कप्तान तेम्बा बावुमा ने मना कर दिया। उन्होंने इशारा किया कि बॉल बैट से लगी है। रिप्ले में पता चला कि अगर ष्क्रस् लिया जाता तो वेबस्टर को पवेलियन लौटना पड़ता। इस वक्त वेबस्टर महज 8 रन के स्कोर पर थे, उन्होंने 72 रन की पारी खेली।

## मार्को यानसन का जगलिंग कैच

42वें ओवर में साउथ अफ्रीका के मार्को यानसन ने फर्स्ट स्लिप में बेहतरीन जगलिंग कैच पकड़ा। ओवर की आखिरी बॉल ऐडन मार्करम ने ऑफ स्टंप के बाहर फुलर लेंथ फेंकी। स्टीव स्मिथ ड्राइव करने गए, लेकिन गेंद बाहरी किनारे से लगकर स्लिप की ओर चली गई। फर्स्ट स्लिप में यानसन ने अपने बाएं हाथ से बॉल पकड़ी, लेकिन गेंद उछलकर दाएं हाथ की ओर चली गई। यानसन ने तीसरी बार कोशिश की और बॉल पकड़ ली। स्मिथ 66 रन बनाकर आउट हुए।

## रिवर्स स्वीप खेलने में बोल्ड हुए कैरी

ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बैटर एलेक्स कैरी रिवर्स स्वीप खेलने की कोशिश में बोल्ड हो गए। 52वें ओवर की पहली बॉल केशव महाराज ने फुलर लेंथ फेंकी, कैरी रिवर्स स्वीप खेलने गए, लेकिन गेंद मिस कर गए और बोल्ड हो गए। कैरी ने 23 रन बनाए।

## 22 रन बनाने में ऑस्ट्रेलिया ने 5 विकेट गंवाए

ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे सेशन में 5 विकेट गंवा दिए। टीम के सभी विकेट 22 रन बनाने में ही गिर गए। टी सेशन के बाद केशव महाराज ने एलेक्स कैरी को बोल्ड किया। यहां से कगिसो रबाडा ने पैट कमिंस और ब्यू वेबस्टर को पवेलियन भेजा। मार्को यानसन ने नाथन लायन को बोल्ड किया। रबाडा ने फिर मिचेल स्टार्क को बोल्ड कर ऑस्ट्रेलिया की पारी 212 रन पर समेट दी।

**डब्ल्यूटीसी फाइनल**

# साउथ अफ्रीका की आधी टीम 97 रन पर ही पैवेलियन लौटी



**लॉर्ड्स (एजेंसी)।** वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल मैच ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच लंदन में खेला जा रहा है। बुधवार लॉर्ड्स स्टेडियम में साउथ अफ्रीका ने बॉलिंग चुनी। गुरुवार को मैच का दूसरा दिन है और पहला सेशन जारी है।

साउथ अफ्रीका ने पहली पारी में 5 विकेट खोकर 97 रन बना लिए हैं। डेविड बेडिंघम (26 रन) और काइल वेरियन (1 रन) पिच पर हैं। कप्तान टेम्बा बावुमा (36 रन) को पैट कमिंस ने मार्नस लाबुशेन के हाथों कैच कराया।

पहले दिन कमिंस ने वियान मुल्डर (6 रन) को बोल्ड किया था। साउथ अफ्रीका ने 43/4 के स्कोर से दूसरे दिन की शुरुआत की। पहले दिन ऑस्ट्रेलिया 212 रन पर ऑलआउट हो गई थी। ब्यू वेबस्टर ने 72 और स्टीव स्मिथ ने 66 रन की पारी खेली। कगिसो रबाडा ने 5 और मार्को यानसन ने 3 विकेट लिए।

साउथ अफ्रीका ने 5वां विकेट गंवा दिया है। यहां कप्तान टेम्बा बावुमा 36 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें पैट कमिंस ने मार्नस लाबुशेन के हाथों कैच कराया। कमिंस को दूसरा विकेट मिला है। उन्होंने पहले दिन वियान मुल्डर को बोल्ड किया था।

## बावुमा-बेडिंघम की फिफ्टी पार्टनरशिप

34वें ओवर में कप्तान टेम्बा बावुमा और डेविड बेडिंघम की जोड़ी ने फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली है। मिचेल स्टार्क के ओवर की दूसरी बॉल पर बावुमा ने चौका लगाकर 5वें विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी पूरी की। टीम ने 30 रन पर चौथा विकेट गंवाया था।

# मौजूदा फॉर्म और गेंदबाजी संयोजन पर होगी भारतीय टीम प्रबंधन की नजर

**बेकेनहैम (केंट) (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला से पहले भारत की सीनियर टीम और भारत ए के बीच शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले चार दिवसीय अभ्यास क्रिकेट मैच में टीम प्रबंधन सही संयोजन तैयार करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। इस मैच में कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा के प्रदर्शन पर निगाह रहेगी और भारतीय टेस्ट टीम की अंतिम एकादश में जगह बनाने के लिए इन दोनों के बीच दिलचस्प मुकाबला होने की संभावना है।

यह मैच 20 जून से हेडिंग्ले में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले पहले टेस्ट मैच से पहले सीनियर टीम का एकमात्र अभ्यास मैच होगा। किसी भी श्रृंखला से पहले इस तरह के मैच टीम की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। मुख्य कोच गौतम गंभीर के नेतृत्व में भारतीय टीम ने यह मैच खाली स्टेडियम में खेलने का विकल्प चुना है ताकि विपक्षी टीम को उनकी रणनीति की भनक नहीं लग सके। यूरोपीय फुटबॉल क्लब लंबे समय से ऐसा करते रहे हैं।

भारतीय क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया के पिछले दौरे में भी ऐसा किया था। भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने बुधवार को कहा था कि यह मैच भारत की तैयारी की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि सामान्य अभ्यास सत्रों से एक दिन में 90 ओवर गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण करने की क्षमता विकसित करना मुश्किल होता है। इस चार दिवसीय मैच को आधिकारिक तौर पर प्रथम श्रेणी का दर्जा प्राप्त नहीं है। इसमें यदि कोई बल्लेबाज सस्ते में आउट हो जाता है तो उसे दूसरा मौका मिलता है।

इस मैच से भारतीय टीम प्रबंधन को मैच की परिस्थितियों में अपने खिलाड़ियों विशेष कर गेंदबाजों का आकलन करने का अच्छा मौका मिलेगा। इससे यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि गेंदबाज़ चाहे वह स्पिनर हो या तेज़ गेंदबाज वास्तविक मैच में अपेक्षित लय में हों। हेडिंग्ले के लिए एकमात्र विशेषज्ञ स्पिनर को चुनने के लिए गंभीर को कुछ माथापच्ची करनी होगी। जडेजा का विदेश में बल्लेबाजी रिकॉर्ड अच्छा रहा है लेकिन अगर भारत को 20 विकेट हासिल करने हैं तो फिर कुलदीप की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाएगी।

कुलदीप यहां की परिस्थितियों में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के अच्छे सहयोगी साबित हो सकते हैं। जडेजा बनाम कुलदीप अंतिम एकादश के लिए सबसे बड़ी पहेली है जिसे गंभीर और कोचिंग स्टाफ को सुलझाना होगा। इसी तरह इस मैच से कोचों और कप्तान शुभमन गिल को यह देखने का मौका मिलेगा कि आकाश दीप की फुल लेंथ या प्रसिद्ध कृष्णा की बैक ऑफ द लेंथ में से कौन सी गेंद इन परिस्थितियों में बेहतर काम करती है। छह महीने बाद लाल गेंद से मैच खेलने वाले बुमराह को कई स्पैल में गेंदबाजी करने और अपनी फिटनेस को परखने का मौका मिलेगा।

# गंभीर ने इंग्लैंड दौरे को यादगार बनाने के लिए दी सलाह

**टेस्ट श्रृंखला 20 जून से शुरु**

**बेकेनहैम (इंग्लैंड) (एजेंसी)।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने अपनी टीम से अपने 'कम्फर्ट जोन' (सहज स्थिति) से बाहर निकलने और संन्यास ले चुके स्टार खिलाड़ियों विराट कोहली, रोहित शर्मा तथा आर अश्विन की अनुपस्थिति में इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला को 'यादगार' बनाने को कहा।

भारत 2007 के बाद इंग्लैंड में अपनी पहली श्रृंखला जीतने के इरादे से उतरेगा। दोनों टीम के बीच पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला 20 जून को लीड्स में पहले टेस्ट के साथ शुरू होगी। गंभीर ने 'बीसीसीआई.टीवी' से अश्विन, रोहित और कोहली के हाल ही में संन्यास का जिक्र करते हुए कहा, 'इस दौरे को देखने के दो तरीके हैं। एक तो यह कि हम अपने तीन सबसे अनुभवी खिलाड़ियों के बिना हैं या हमें देश के लिए कुछ खास करने का यह अभूतपूर्व अवसर मिला है।

भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कहा कि वह शुभमन गिल की अगुआई वाली मौजूदा टीम में कुछ खास हासिल करने के लिए 'जुनून और प्रतिबद्धता% महसूस कर सकते हैं। उन्होंने कहा,



'जब मैं इस समूह को देखता हूं तो मुझे कुछ खास करने की भूख, जुनून और प्रतिबद्धता दिखती है। अगर हम त्याग करते हैं, अगर हम अपनी सहज स्थिति से बाहर आते हैं, अगर हम हर दिन नहीं बल्कि हर सत्र, हर घंटे और हर गेंद पर चुनौती पेश करना शुरू करते हैं तो मुझे लगता है कि हम इसे एक यादगार दौरा बना सकते हैं।%

गंभीर ने इंग्लैंड दौरे पर पूरी टीम का स्वागत किया और बी साई सुदर्शन से शुरुआत करते हुए कुछ सदस्यों की विशेष सराहना की। भारतीय कोच ने कहा, 'पहली बार टेस्ट टीम में बुलाया जाना हमेशा खास होता है इसलिए मैं साई का स्वागत करना चाहता हूं जिनके लिए बल्ले से तीन महीने शानदार रहे हैं और सुनिश्चित कीजिए कि आपका लाल गेंद का करियर बेहद सफल हो।

गंभीर ने उम्मीद जताई कि तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह टेस्ट क्रिकेट में भी अपना प्रभाव छोड़ेंगे। उन्होंने कहा, 'मैं अर्शदीप सिंह का स्वागत करना चाहता हूं। आपने सफेद गेंद से शानदार प्रदर्शन किया है और मुझे यकीन है कि आप लाल गेंद से भी अपना जलवा बिखेरेंगे। इस 43 वर्षीय कोच ने इसके बाद गिल और उप-कप्तान ऋषभ पंत की पीठ भी थपथपाई। गंभीर ने कहा, 'मैं शुभमन को भी बधाई देना चाहता हूं जो पहली बार कप्तानी कर रहे हैं। अपने देश की टेस्ट टीम का नेतृत्व करने से बड़ा कोई सम्मान नहीं है। बधाई हो। ऋषभ पंत को भी जो अब नेतृत्व समूह का हिस्सा हैं।

गंभीर ने करुण नायर की भी तारीफ की जिन्होंने घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय टीम में वापसी की। भारतीय कोच ने कहा, 'वापसी कभी आसान नहीं होती, जिसने सात साल बाद वापसी की हो, उसका पिछला साल शानदार रहा। उन्होंने कहा, 'आपने जितने रन बनाए हैं और सबसे महत्वपूर्ण बात कभी हार ना मानने का जज्बा है जिसने आपको टीम में वापस ला दिया है और यह इस समूह में सभी के लिए प्रेरणादायक है। करुण नायर का स्वागत है।%

नायर ने कहा कि वह भारत के लिए खेलने का दूसरा मौका मिलने पर 'आभारी' हैं। उन्होंने कहा, 'इस अवसर फिर से मिलने के लिए आभारी हूं। मैं इस अवसर का पूरा फायदा उठाने के लिए उत्सुक हूं। मुझे यकीन है कि एक बार जब मैं मैदान पर उतरूंगा तो मेरे अंदर बहुत सारी भावनाएं होंगी लेकिन अभी मैं उन्हें व्यक्त नहीं कर सकता।

कप्तान गिल ने अपने साथियों से खुद को थोड़ा दबाव में रखने का आग्रह किया जिससे कि श्रृंखला शुरू होने पर वे परिस्थितियों से प्रभावित नहीं हों। गिल ने कहा, 'आइए प्रत्येक नेट सत्र को सार्थक बनाएं। आइए खुद को थोड़ा दबाव में रखें। जब हम मैदान पर उतरते हैं तो इसका मतलब सिर्फ मैदान पर जाकर टिके रहना नहीं होता, आइए हम अपने खेल का पता लगाएं, जब हम पर दबाव डाला जाएगा तो हम कैसे खेलेंगे - चाहे वह गेंदबाज हो या बल्लेबाज।

# भारत अच्छी तैयारी के साथ आया होगा, लेकिन हम जानते हैं कि हमें कहां पहुंचना है: मैकुलम

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम का मानना है कि भारत पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए अच्छी तैयारी और आत्मविश्वास के साथ यहां आया होगा लेकिन इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उनके खिलाड़ी इस बात को अच्छी तरह से समझते हैं कि 'एक टेस्ट टीम के रूप में हम कहां पहुंचना चाहते हैं। भारत अपने नए विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र की शुरुआत 20 जून से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के साथ करेगा।

मैकुलम ने स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट से कहा, 'वह शानदार क्रिकेट खेलने वाला देश है, जो बड़ी उम्मीदों के साथ यहां आया होगा और हम उनकी चुनौती के लिए तैयार हैं। इंग्लैंड ने हाल ही में छह मैचों की सफ़ेद गेंद की श्रृंखला में वेस्टइंडीज़ का सफ़ाया किया। अब उनका ध्यान लाल गेंद के प्रारूप पर है क्योंकि वे भारत और इस साल के अंत में होने वाली एशेज की तैयारी कर रहे हैं। मैकुलम ने कहा, ''यह महत्वपूर्ण है कि खिलाड़ी तरोताजा रहें। हम जानते हैं कि टेस्ट टीम के रूप में हमें कहां पहुंचना है।

इंग्लैंड की टीम में तेज गेंदबाज मार्क वुड नहीं होंगे, जो चोट के कारण कम से कम पहले तीन टेस्ट से बाहर हो गए हैं। उनके साथी तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भी शुरुआती टेस्ट से बाहर रहेंगे, जबकि गस एटकिंसन अब भी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव से उबर रहे हैं। मैकुलम को हालांकि इंग्लैंड के गेंदबाजी विकल्पों पर पूरा भरोसा है। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ने कहा, 'हमारे कुछ अच्छे तेज गेंदबाज खेलने के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे लेकिन हमारे पास क्रिस वोक्स, सैम कुक, ब्रायडन कार्स, जेमी ओवरटन, जोश टंग के रूप में तेज गेंदबाजी विभाग में अच्छा और विविधतापूर्ण आक्रमण है।